सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
24.05.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित  सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024 सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net जेष्ठ, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 309

12 छठे चरण का थमा शोर, आठ राज्यों के 58 सीटों पर वोटिंग कल

## न्यूज डायरी

### लोकसभा की 58 सीटों पर थमा चुनाव प्रचार

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के छठे चरण में आठ राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 58 सीटों पर 25 मई को मतदान होगा। गुरुवार शाम इन सीटों के लिए चुनाव प्रचार थम गया। इनमें हरियाणा (10 सीट), दिल्ली (7 सीट), उत्तर प्रदेश (14 सीट), पश्चिम बंगाल (8 सीट), बिहार (8 सीट), ओड़िशा (6 सीट), झारखंड (4 सीट) और जम्मू-कश्मीर (1 सीट) शामिल हैं। 58 सीटों पर कुल 889 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

### स्कॉर्पियो में चालक जिंदा जला, हत्या की आशंका

**दुमका।** स्कॉर्पियो समेत चालक की जलने से मौत हो गयी। घटना जरमुंडी थाना क्षेत्र के चंदना गांव की है। परिजनों ने हत्या की आशंका जतायी है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। यह हादसा दुमका-देवघर मुख्य मार्ग पर जरमुंडी थाना क्षेत्र के चंदना गांव के पास हुआ। स्कॉर्पियो जरमुंडी थाना क्षेत्र के चंदना गांव निवासी 45 वर्षीय मोहन दास नामक शख्स चलाता था। हादसे में वह जिंदा जल गया। पुलिस प्रशासन ने कुछ भी बताने से इनकार किया। मामले की छानबीन की जा रही है।

### नदी में पलटी एसडीआरएफ की नाव, तीन जवानों की मौत

**मुबंई।** महाराष्ट्र के अहमदनगर स्थित सुगांव में एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम की नाव उस समय पलट गयी, जब वह प्रवरा नदी में डूबे दो लोगों के शवों की तलाश करने गयी थी। नाव में सवार तीन लोग डूब गये और सभी की मौत हो गयी। जानकारी के मुताबिक मृत जवानों के नाम प्रकाश शिंदे, वैभव वाघ, राहुल पावरा हैं।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 79200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 95000 रु./प्रति किलो |

## रांची, धनबाद, जमशेदपुर, गिरिडीह सीट पर थमा शोर, कल वोटिंग


# 81.90 लाख वोटर चुनेंगे अपने-अपने सांसद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोकसभा चुनाव के छठे और झारखंड की तसरे चरण में राज्य की चार लोकसभा सीटों रांची, धनबाद, जमशेदपुर और गिरिडीह के लिए 25 मई को होनेवाले मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। गुरुवार की शाम इन सीटों के लिए चुनाव प्रचार का शोर थम गया। झाखंड की इन चार सीटों पर 93 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला 81.90 लाख मतताता करेंगे। इनमें 2 लाख 44 हजार फर्स्ट टाइम वोटर हैं। अब प्रत्याशी डोर टू डोर जाकर मतदाताओं से वोट करने की अपील करेंगे।


इस चरण में सबसे बड़ा धनबाद तो गिरिडीह सबसे छोटा लोकसभा क्षेत्र है। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने बताया कि शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान के लिए सारी तैयारियां पूरी होने कर ली गयी है। संवेदनशील बूथों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। छठे चरण में 8963 मतदान केन्द्र पर सुबह सात बजे से वोटिंग होगी।

### रांची में 21.88 लाख मतदाता चुनेंगे सांसद




रांची लोकसभा सीट पर के भाजपा सांसद संजय सेठ और कांग्रेस की यशस्विनी सहाय के बीच कड़ा मुकाबला है। यहां कुल 21 लाख 88 हजार मतदाता हैं। रांची सीट से कुल 27 उम्मीदवार मैदान में हैं। दोनों पार्टियों ने अपनी जान झोंक दी है।

### जमशेदपुर के 18.62 लाख वोटर करेंगे फैसला

जमशेदपुर लोकसभा सीट से भाजपा के मौजूदा सांसद व प्रत्याशी विद्युत वरण महतो और गठबंधन की ओर से झामुमो के समीर मोहंती मैदान में हैं। यहां के 18.62 लाख वोटर अपने सांसद का चयन करेंगे। इस सीट से कुल 25 उम्मीदवार मैदान में हैं। इस सीट पर 2014 से भाजपा के विद्युत वरण महतो जीत रहे हैं।

### धनबाद में सबसे अधिक वोटर करेंगे फैसला




धनबाद लोकसभा सीट से 25 प्रत्याशी अपना दावा ठोक रहे हैं। भाजपा ने यहां बाघमारा विधायक ढुलू महतो को मैदान में उतारा है। वहीं गठबंधन प्रत्याशी के रूप में कांग्रेस की अनुपमा सिंह मैदान में हैं। अनूपमा सिंह, पूर्व मंत्री स्व राजेंद्र सिंह की बहू और बेरमो विधायक जयमंगल सिंह की पत्नी हैं। धनबाद सबसे अधिक मतदाताओं वाला क्षेत्र है। यहां कुल 22.79 लाख मतदाता हैं।

### गिरिडीह के 18.59 लाख वोटर चुनेंगे प्रतिनिधि




गिरिडीह लोकसभा सीट से 16 प्रत्याशी मैदान में हैं। यहां से एनडीए के आजसू प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी और इंडी गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी मथुरा महतो मैदान में हैं। 18.59 लाख मतदाता 25 को प्रत्याशियों की किस्मत इवीएम में बंद करेंगे। यह सीट 2014 से एनडीए के कब्जे में है। झामुमो के टेकलाल महतो ने आखिरी बार 2009 में इस सीट पर जीत दर्ज की थी। तीसरे उम्मीदवार जयराम महतो भी मैदान में हैं।

# खुदाई के दौरान धंसा कुआं, चार की मौत



खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** सेन्हा थाना के चितरी अंबा टोली में कुआं धस जाने से चार मजदूरों की मौत हो गयी। मनरेगा योजना से लाभुक असलम अंसारी के कुएं की खुदाई चल रही थी, इसी दौरान हादसा हो गया। सभी कुंआ में काम कर रहे थे, अचानक मिट्टी धंसने से चारो उसमें दब गये। बड़ी मशक्कत से चारों को शव अंदर से निकाला गया। मृतकों में सिंचाई कूप के लाभुक सह मजदूर अबू रेहान ऊर्फ अमन (35) पिता असलम अंसारी, उनकी बहन सबनम (20), कैरो गराडीह निवासी अरमान अंसारी उर्फ बबलू (37) पिता खुदी अंसारी और मेरले कुंडू निवासी जोगेंद्र उरांव (25) शामिल है। जोगेंद्र उरांव अभी सदर थाना क्षेत्र के निंगनी में रहता था। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। घटना की सूचना मिलने के बाद सदर अस्पताल में लोगो का हुजूम उमड़ पड़ा। जिला प्रशासन ने पीड़ित परिवार को दिया हरसंभव मदद का भरोसा दिया है। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन के अधिकारी तीन-चार जेसीबी मशीन से राहत बचाव कार्य में जुट गये। करीब चार घंटे के अथक प्रयास से मजदूरों को बाहर निकाला गया। सभी मजदूरों को सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने चारो को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना पर एसपी हारिस बिन जमा भी सदर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने जल्द से जल्द पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपने की बात कही। डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ,एसडीओ अमित कुमार , सेन्हा बीडीओ, सीओ सहित जिले के कई अधिकारी भी मौके पर पहुंचे थे। सूचना पाकर भारी संख्या में ग्रामीण भी घटनास्थल पहुंचे थे। परिजनों की बीच चीख पुकार मच गयी।

### मृतकों में लाभुक और उसकी बहन भी शामिल

# पुलिस ने नक्सली कमांडर बुधराम मुंडा को मार गिराया


खबर मन्त्र संवाददाता



**चाईबासा ।** खूंटी के अड़की और चाईबासा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में गुरुवार को नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक नक्सली को मार गिराया। मारे गये नक्सली की पहचान एरिया कमांडर बुधराम मुंडा के रूप में की गयी। एक अन्य नक्सली के घायल होने की खबर है। मुठभेड़ स्थल पश्चिमी सिंहभूम के बलियाडीह गांव का जंगल है, जो चाईबासा क्षेत्र में पड़ता है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि भाकपा माओवादियों के टॉप नक्सली जुटने वाले हैं। इस सूचना पर सीआरपीएफ की 209 कोबरा, सीआरपीएफ 60 बटालियन के जवान और झारखंड पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया। इसी दौरान सीमावर्ती क्षेत्र में जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच गुरुवार की दोपहर मुठभेड़ शुरू हो गयी। दोनों तरफ से गोलीबारी के बीच एक नक्सली मारा गया। कई नक्सलियों के घायल होने की सूचना है। घटना की पुष्टि करते हुए डीआईजी अनूप बिरथरे ने बताया कि मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया है और सर्च अभियान जारी है। इस संबंध में पश्चिमी सिंहभूम जिला के एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। उन्होंने बताया कि गोलीबारी थमने के बाद ही बताया जा सकेगा कि पुलिस को कितनी सफलता मिली है। पुलिस घटनास्थल पर सर्च अभियान चला रही है।

**छत्तीसगढ़ मुठभेड़ में 7 नक्सली ढेर, कई घायल :** रायपुर। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर नक्सली और जवानों के बीच जमकर मुठभेड़ हुई है। नक्सल प्रभावित इलाका नारायणपुर, बीजापुर और दंतेवाड़ा की सीमा में जवानों ने 7 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। वहीं घटना स्थल से अब तक दो नक्सलियों के शव को बरामद कर लिया गया है। बताया जा रहा है गुरुवार को तीन जिले के 1000 जवान सर्चिंग अभियान पर निकले थे।

## पूरे देश में गठबंधन की लहर : कल्पना




**रांची।** झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने कहा कि इस बार चुनाव में पूरे देश में इंडी गठबंधन की लहर है। उन्होंने दावा किया कि केंद्र में गठबंधन बहुमत से सरकार बनायेगा। वह गुरुवार को गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के समर्थन में जैनामोड़ में चुनावी सभा में बोल रही थीं। कल्पना सोरेन ने मथुरा महतो को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन को न्याय दिलाने के लिए जात-पात, भेदभाव भूलकर एकजुटता का परिचय देते हुए गठबंधन का समर्थन करें। प्रत्याशी मथुरा महतो ने क्षेत्र के समुचित विकास के लिए जनता का आशीर्वाद मांगा। सभा को राज्य की मंत्री बेबी देवी ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह मेरे पति स्वर्गीय जगरनाथ महतो की कर्मभूमि है। उनके मान-सम्मान के लिए अपना वोट इंडी गठबंधन को दें।

## हेमंत झुके नहीं, तो जेल भेजे गये : खेड़ा

**रांची।** कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया चेयरमैन पवन खेड़ा ने कहा कि झारखंड के लोकप्रिय आदिवासी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल में बैठा दिया। आदिवासी अस्मिता है, वह झुकेगा नहीं, यह बात शहंशाह जानता है। जो झुकता नहीं है वह सलाखों के पीछे चला जाता है। यही न कि हेमंत झुके नहीं। उन्होंने कहा कि अगर देश का राजा धोखा देता है तो आने वाली पीढ़ियां बर्बाद और तबाह हो जाती हैं। श्री खेड़ा गुरुवार को रांची में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने भाजपा और पीएम मोदी पर जमकर निशाना साधा। साथ ही कहा कि देशभर के वोटर्स के मन में पीएम मोदी और भाजपा के प्रति नाराजगी है। उन्होंने केंद्रीय एजेसिंयों की कार्रवाई पर भी सवाल उठाया। पवन खेड़ा ने कहा कि इडी की पायलट गाड़ी निशिकांत दुबे हैं। राम मंदिर पर कांग्रेस का स्टैंड साफ है कि आपसी सहमति या कोर्ट के फैसले से हो। पार्टी आज भी उसी स्टैंड पर कायम है।

## जमीन में समाया घर, बाल-बाल बचा परिवार

**धनबाद।** कतरास केलुडीह में बुधवार की देर रात एक घर का कमरा तेज आवाज के साथ जमीन में धंस गया। भू-धंसान से मकान मालिक समेत पूरा परिवार बाल-बाल बच गया। भू-धंसान से बने गोफ से लगातार गैस का रिसाव हो रहा है। घटना से इलाके में हड़कंप है। कमरे में रखा सामान भी जमीन में धंस गया। गनीमत यह रही कि घर के लोगों की नजर कमरे में पड़ी दरारों पर पड़ गयी और वे बिना देर बाहर निकल गये।






# वोटर्स के मन में भाजपा के प्रति नाराजगी : पवन

## बीजेपी आदिवासी विरोधी है इसलिए हेमंत को जेल में डाला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी पवन खेड़ा ने कहा कि अभी तक वह 18 प्रदेशों का दौरा कर चुके हैं। इन सभी प्रदेशों में एक ही बात कॉमन है और वह है कि वोटर्स के मन में भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति गुस्सा। उन्होंने कहा कि वोटर्स के मन में यह गुस्सा अस्वाभाविक भी नहीं है। जिसको जनता ने वोट के माध्यम से आशीर्वाद देकर पीएम की कुर्सी पर बैठाया। उसने पिछले 10 वर्षों में जो किया उससे वोटर्स के मन में गुस्से का भाव आना स्वभाविक ही है। लोकतंत्र में वोट भी एक निवेश ही होता है। निवेश के बावजूद जनता को लाभ नहीं मिले तो मन में गुस्सा आना स्वभाविक है। पवन खेड़ा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बात कर रहे थे।

पवन खेड़ा ने पीएम के द्वारा विभिन्न चैनलों को दिये जा रहे साक्षात्कार पर तंज कसते हुए कहा कि चुनाव के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी इंटरव्यू देने लगे हैं। लेकिन इंटरव्यू के दौरान जिस तरह की हास्यास्पद बातें वे बोल रहे हैं उससे अब एक निजी कॉमिक शो की टीआरपी भी कम हो गयी है।



**संविधान बदलने के लिए पीएम मांग रहे है 400 सीट :** पवन खेड़ा ने कहा कि एक घंटे में 02 नौजवान, 01 दिन में 30 किसान आत्महत्या कर रहे हैं, गुस्सा क्यों न हो। देश में महिला उत्पीड़न के मामले बढ़े हैं। आज हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया गया है क्योंकि उन्होंने शहंशाह के सामने झुकने से इनकार कर दिया। अगर गलती से भी भाजपा फिर जीती तो फिर देश में चुनाव नहीं होगा। भाजपा के उम्मीदवार लल्लू सिंह, अरुण गोविल जैसे लोग कह चुके हैं कि 400 सीट इसलिए मांग रहे हैं ताकि संविधान बदला जाए।

**पीएम मोदी अपने आपको भगवान से उपर मानते है :** पवन खेड़ा ने तंज कसते हुए कहा कि हमारे प्रधानमंत्री शहंशाह नरेंद्र मोदी जी वाकई में अपने आप को भगवान से ऊपर मानने लगे हैं। यह बात वे खुद घूम-घूम कर कहते हैं कि मैं बायोलोजिकिली पैदा ही नहीं हुआ। मैं अवतार हूं। अब कोई खुद को भगवान से ऊपर बता दे, तो क्या कहा जा सकता है।

**राहुल गांधी की यात्रा के अनुभव को केंद्र में रखकर बनाया गया कांग्रेस का घोषणा पत्र :** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा का मूल है कांग्रेस पार्टी का न्याय पत्र। पीएम अगर हमारे मेनिफेस्टो पढ़ लेते तो जो बयान देते हैं वह कभी नहीं देते। पवन खेड़ा ने कहा कि यह सही बात है कि पीएम के बयान के बाद हमारा घोषणापत्र जन-जन तक पढ़ा गया और पब्लिसिटी मिली।

### झारखंड के लोगों से खास अपील

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय मीडिया चेयरमैन पवन खेड़ा ने झारखंड के लोगों से खास आग्रह किया कि जिस पार्टी का दिल ओबीसी, आदिवासियों, दलितों के लिए धड़कता है, उनको वोट करें। एक सवाल के जवाव में पवन खेड़ा ने कहा कि हमारे बड़े नेता जब मीडिया पर निशाना साधते हैं तो उनका निशाना मीडिया के मालिकों पर होता है न कि संवाददाताओं और छायाकारों पर। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि आज राष्ट्रीय मीडिया सत्ता के दवाब में हैं, क्या यह सत्य नहीं है। एक कैमरा की ताकत अडाणी की ताकत से अधिक रहे, इसकी लड़ाई कांग्रेस पार्टी लड़ रही है। हमारे मेनिफेस्टो को पीएम नरेंद्र मोदी ने घर घर पहुंचाया है यह भी सत्य है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में पीएम और भाजपा जा रही है और इंडिया गठबंधन सत्ता में आ रहा है यह भी सत्य है।

### ओडिशा में भी बदलाव की बयार

पवन खेड़ा ने कहा कि वह ओडिशा से लौटे हैं। वहां की जनता भी सत्ता में बदलाव के लिए उत्साहित है और वहां भाजपा-बीजेडी की हार होगी। भाजपा और उसके शहंशाह के अहंकार को लेकर जनता में जो नाराजगी है वह वोट मतदान और चुनावी नतीजों में दिखेगा। वर्तमान मोदी सरकार से आज हर वर्ग नाराज है। उन्होंने कहा कि वहां के आदिवासियों में भी स्वभाविक गुस्सा है। आदिवासियों को जल, जंगल और जमीन से दूर कर जंगलों को अपने मित्रों के हवाले करने की योजना बनाई गयी है। उन्होंने तंज भरे शब्दों में कहा कि खुद को भगवान के अवतार बताने वाले नरेंद्र मोदी के दोस्त बहुत महंगे हैं।

### खेड़ा पर भाजपा का पलटवार, बोलें प्रतुल

## मुगल सल्तनत की छाप झारखंड में दिखाई पड़ती है

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा कि ईडी ने हेमंत सोरेन के जमानत के मुद्दे पर जो पिटिशन सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की है, उससे बहुत चौंकाने वाले तथ्य सामने आये हैं। श्री शाहदेव ने कहा कि ऐसा लगता है कि झारखंड में समय थम सा गया है।मुगल विदा हो गये।लेकिन यहां मुगलिया सल्तनत अभी भी जारी है। ईडी के पिटीशन के अनुसार जहांपनाह का दरबार लगा करता था।सारे सलाहकार जुटते थे और खजाने को लूटने की योजना बनती थी ।इसके बाद सुनियोजित तरीके से खजाने और प्रजा की जमीन की लूट होती थी। यही नहीं जहांपनाह के मातहत काम करने वाले अधिकारियों के यहां भी दरबार लगता था। बालायें के साथ अधिकारी जाम छलकाते हुये नृत्य करते थे।

उन्होंने कहा कि ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में हेमंत सोरेन के मामले में दिए पिटीशन के प्वाइंट 51 में स्पष्ट उल्लेख है कि सिर्फ ग्रामीण विकास विभाग में टेंडर में कमीशन का 3000 करोड़ का घोटाला हुआ।इसके तार सीधे तौर पर आलमगीर आलम से जुड़े हैं। इन सब बातों पर झामुमो और कांग्रेस खामोश है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस बात पर भी खामोश है कि ईडी ने अपने इसी पिटीशन में यह स्पष्ट किया है कि बढ़गाईं की 8.86 एकड़ जमीन पर हेमंत सोरेन का ही कब्जा था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज राम भक्त होने का दावा कर रही है। कांग्रेस के प्रवक्ता ने यह स्पष्ट क्यों नहीं किया कि 2007 में उनकी यूपीए सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एफिडेविट करके रामलला को काल्पनिक पात्र और रामायण को काल्पनिक ग्रंथ क्यों बताया था। इसके बाद राम मंदिर के उदघाटन समारोह का भी उन्होंने बहिष्कार किया था।

### भाजपा के समर्थन में चलाया गया जनसंपर्क अभियान

**रांची।** गुरूवार को चुनाव प्रचार के अंतिम दिन राजीव रंजन मिश्रा के नेतृत्व में भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में प्रचार किया गया। अभियान के दौरान श्री मिश्रा ने जनता से संजय सेठ को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने नरेन्द्र मोदी के सपने अब की बार 400 पार को पूरा करने के लिये मतदाताओं से मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर शंकर दूबे, लंकेश सिंह, साहिल कुमार, गोपाल पारीक, पीयूष आनंद, ज्योति शंकर साहू , अखिलेश राय, पिंटू, कमल कांत दुबे, राजू सिंह, इंदर सिंह सहित दर्जनों की संख्या में सामाजिक संगठनों के लोग शामिल थे।

## ममता बनर्जी ने पिछड़ों का हक मुसलमानों को दिया : आदित्य

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट ने बुधवार को ऐतिहासिक फैसला दिया। ममता बनर्जी ने 118 मुसलमान जातियों को बिना किसी पिछड़ेपन का सर्वे कराये ओबीसी का आरक्षण दे दिया था, जिस पर किसी ने याचिका लगाई और कोर्ट ने इसका संज्ञान लेकर 2010 से 2024 तक जितने प्रमाणपत्र ममता बनर्जी सरकार ने जारी किये थे, उसके स्थगन का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी ने पिछड़े वर्ग के आरक्षण पर डाका डालकर उनका हक मुसलमानों को दिया। ओबीसी आरक्षण पर आया हाई कोर्ट का यह फैसले स्वागतयोग्य है। हालांकि, ममता बनर्जी कहती हैं कि मैं इस फैसले को नहीं मानती। उन्होंने कहा कि कोई मुख्यमंत्री, संवैधानिक पद पर होने के बावजूद कहीं ऐसा हो सकता है कि?वो हाई कोर्ट के आदेश को न मानें।

मैं इसकी घोर निंदा करता हूं। उन्होंने कहा कि ठीक इसी तरह कांग्रेस पार्टी भी तेलंगाना और कर्नाटक में ओबीसी के आरक्षण पर डाका ड़ालने का काम कर रही है। रामकृष्ण मिशन की संपत्तियों में हुई तोड़फोड़ पर बोलते हुए श्री साहू ने कहा कि भारत सेवाश्रम संघ वह संस्था है, जिसके कारण आज पि्रम बंगाल भारत का हिस्सा है। ममता बनर्जी को शायद नहीं मालूम कि भारत सेवाश्रम संघ के संस्थापक स्वामी प्रणवानन्द अगर ना होते तो पि्रम बंगाल भारत का नहीं बांग्लादेश का हिस्सा होता। जबकि आज ममता बनर्जी भारत सेवाश्रम संघ, इस्कॉन, रामकृष्ण मिशन इस प्रकार की संस्थाओं को बदनाम कर रही हैं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो, सह प्रभारी अशोक बड़ाइक उपस्थित थे।

## विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ चुनाव याचिका में डीसी जामताड़ा ने हाइकोर्ट को सौंपा है सीलबंद दस्तावेज

### सुनवाई 12 जून को

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष सह नाला विधायक रवींद्रनाथ महतो के निर्वाचन को चुनौती देने वाली संतोष हेंब्रम की चुनाव याचिका में डीसी जामताड़ा कुमुद सहाय ने हाई कोर्ट में सशरीर उपस्थित होकर चुनाव संबंधित सीलबंद दस्तावेज कोर्ट को सौंप दिया है। उन्होंने कोर्ट से बिना शर्त माफी मांगते हुए आगे ऐसी गलती नहीं होने की बात कोर्ट के समक्ष कही है। जिस पर कोर्ट ने उन्हें अगली सुनवाई में उपस्थित होने से छूट प्रदान की। अब मामले की अगली सुनवाई हाई कोर्ट में 12 जून को होगी। इस मामले में प्रार्थी की ओर से 3 लोगों की गवाही पूरी हो चुकी है। वहीं प्रतिवादी रवींद्रनाथ महतो सहित उनकी ओर से 11 अन्य गवाहों की भी गवाही पूरी हो चुकी है। हालांकि प्रतिवादी रविंद्र नाथ ने चार अन्य सरकारी कर्मियों (ऑफिशियल विटनेस) की गवाही कराने को लेकर कोर्ट में आवेदन दिया है जिस पर अब तक सुनवाई लंबित है।

दरअसल, प्रतिवादी रवींद्रनाथ महतो द्वारा दस्तावेज मंगाये जाने की आग्रह पर कोर्ट ने डीसी जामताड़ा को उक्त दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। लेकिन उनकी ओर से इन दस्तावेजों को अदालत में प्रस्तुत नहीं किया जा रहा था और समय की मांग की गई थी। जिसपर कोर्ट ने उन्हें दस्तावेज के साथ कोर्ट में सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया था। साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा था कि आदेश का अनुपालन नहीं करने पर उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

यहां बता दे कि, प्रार्थी ने चुनाव याचिका में कहा है कि रवींद्रनाथ महतो ने विधानसभा चुनाव के दौरान एक पेंपलेट छपवाया था जिसमें उनके खिलाफ चुनाव में दुष्प्रचार किया गया, जिससे उनका जनाधार खत्म हुआ है। इसलिए रवींद्रनाथ महतो का निर्वाचन रद्द किया जाए।

### संजय सेठ ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**रांची।** भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने गुरूवार को कोकर मंडल, नामकुम के सौदाग, एवं सुनडील में पदयात्रा कर लोगों से कमल छाप पर मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति विश्वास बढ़ा है। देश के लोग प्रधानमंत्री को एक अभिभावक के तौर पर एक भाई के तौर पर मानने लगे हैं। उन्होंने कहा कि मैं सांसद बना तो सबसे पहले मेरी प्राथमिकता रातू रोड को जाममुक्त करना था।

मैं लगातार प्रयासरत रहा और आज रातू रोड में 451 करोड़ की लागत से एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है। मेरा प्रयास रहा है रांची को एक विकसित क्षेत्र के रूप में स्थापित कर सकूं।

### मनी लाउड्रिंग के आरोपी के खिलाफ आरोप गठित

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग मामले में पीएलएफआई के सुप्रीमो दिनेश गोप के आर्थिक सलाहकार निवेश कुमार उर्फ राजवीर पर आरोप गठित कर दिया गया है। पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई के दौरान आरोपी निवेश कुमार ने मामले में अपने आप को निर्दोष बताया। उसने कहा कि आगे ट्रायल फेस करेंगे। इसके बाद अदालत ने उस पर आरोप तय कर दिया। साथ ही, अदालत ने ईडी को मामले में साक्ष्य प्रस्तुत करने की तारीख पांच जून निर्धारित की है। ईडी ने बीते पांच मार्च को आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। जिस पर अदालत ने संज्ञान लिया था। उस पर लेवी का राशि बसूलने का आरोप है। छह जनवरी 2022 को धुर्वा बांध के पास से नक्सलरोधी अभियान में लगे सुरक्षाबलों और पुलिस ने नक्सली संगठन पीएलएफआई के दिनेश गोप के नजदीकी आठ लोगों को लेवी की 77 लाख रुपए की राशि के साथ धर दबोचा था। जिसमें निवेश कुमार भी शामिल था। इसी मामले को ईडी ने मनी लाउंड्रिंग के तहत केस दर्ज किया है। ईडी ने निवेश कुमार को बीते 12 जनवरी को रिमांड किया था।

### बाबूलाल मरांडी आज सारठ में करेंगे जनसभा

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी शुक्रवार को 11.00 बजे से दुमका लोकसभा के देवघर जिले के सारठ के पालाजोरी स्थित घोड़पाड़ा मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी राज पलिवार, लोकसभा संयोजक सह विधायक रणधीर सिंह, प्रत्याशी सीता सोरेन भी मौजूद रहेंगे। श्री मरांडी जामताड़ा जिले के मेझिया मैदान, दुर्गा मंदिर में आयोजित केंद्रीय गृह मंत्री की सभा में भी शामिल होंगे। इधर, मध्य प्रदेश के वरिष्ठ नेता बीडी शर्मा 24 मई से गोड्डा दौरे पर रहेंगे।

### मतदान केन्द्र से 2 किलोमीटर या अधिक की दूरी वाले मतदाताओं को दें परिवहन सुविधा: के रवि कुमार

## वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप के वितरण कार्य में लाएं गति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मतदान केन्द्र से दो किलोमीटर या उससे अधिक की दूरी पर निवास करने वाले मतदाताओं के लिए परिवहन की सुविधा बहाल करायें। इसके लिए दुरस्थ स्थानों को चिन्हित कर मतदाताओं को मतदान केन्द्रों तक लाने एवं वापस छोड़ने के लिए वाहनों की टैगिंग सुनि्रित करें। मतदान केंद्र पर उपलब्ध परिवहन सुविधा के लिए संबंधित क्षेत्र के मतदाताओं को भी जागरूक करें। यह बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के रवि कुमार ने कही। वह गुरुवार को जामताड़ा जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा ले रहे थे। सीईओ ने जामताड़ा जिले के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर बीएलओ द्वारा संधारित अपसेंट, सिफ्ट, डेथ (एएसडी), वोलेंटियर, मतदान केन्द्र जागरूकता समूह की सूची का अवलोकन किया। साथ ही एएसडी सूची का मिलान कराते हुए ग्रामीणों के समक्ष इसका सत्यापन भी कराया। उन्होंने मतदान दिवस के दिन मतदाताओं के सहयोग के लिए



वोलेंटियर की सेवा लेने संबंधी जानकारी ली और बीएलओ से वोलेंटियर की आयु के संबंध में पूछताछ किया। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन वोलेंटियर की सेवा से मतदान करने आने वाले मतदाताओं को मदद मिलेगी। उन्होंने मतदाताओं के बीच बीएलओ द्वारा बांटे जा रहे वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप के वितरण कार्य में गति लाकर वितरण सुनि्रित कराने का भी निदेश दिया। उन्होंने मतदान कक्ष की संरचना, बिजली एवं पंखा की व्यवस्था को देखा। साथ ही मतदान केन्द्र परिसर के शौचालय को स्वच्छ रखने एवं रनिंग वाटर की व्यवस्था सुनि्रित कराने का निदेश दिया। उन्होंने सभी मतदाताओं से मतदान करने की भी अपील की। सीईओ ने पिछले चुनाव में कम वोटिंग वाले मतदान केन्द्र जामताड़ा के कुण्डहित प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सटकी का निरीक्षण किया। यहां की एक स्थानीय निवासी 74 वर्षीय वरीष्ठ महिला मतदाता आलोका गोराई सहित सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की। आलोका गोराई मतदान के लिए पूरा उत्साहित थीं। उन्होंने बताया कि उनके लोकसभा क्षेत्र में एक जून को मतदान होना है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सामुदायिक पुस्तकालय कपासडंगला, उत्क्रमित मध्य विद्यालय केन्दुआ एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय बादलपुर स्थित मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निरीक्षण में जामताड़ा के उपायुक्त कुमुद सहाय, पुलिस अधीक्षक अनिमेश नेथानी, अपर समाहर्ता पूनम कच्छप सहित संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मतदाता वोट देकर संविधान द्वारा दिये गए अपने अधिकार का करें प्रयोग: सीईओ

रांची। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के. रवि कुमार ने गुरुवार को दुमका जिले के शहरी क्षेत्र में अवस्थित दो मतदान केन्द्र भवनों के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने आदर्श मध्य विद्यालय, गांधीनगर एवं राजकीय केंद्रीय बालिका मध्य विद्यालय, दुमका का निरीक्षण कर मतदान संबंधी की गई तैयारियों का आकलन किया। उन्होंने मतदान को लेकर मतदान केन्द्रों की तैयारी की मामूली कमियों को शीघ्र दूर करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर तैयारी की गयी है। मतदान प्रतिशत बेहतर हो, इसके लिए भी कई प्रयास हो रहे हैं। उन्होंने आम मतदाताओं से अपील किया कि मतदान करना नागरिकों का महत्वपूर्ण अधिकार है। हरेक मतदाता अपने इस अधिकार को समझें और अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें। उन्होंने मतदाता मार्गदर्शिका के वितरण, एएसडी सूची, मतदान केन्द्र जागरूकता समूह संबंधित सूची, जिनके पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है, वैसे मतदाताओं के विवरण से संबंधित सूची, रंगीन मतदाता पहचान पत्र से संबंधित विवरण, ब्लैक एंड व्हाइट मतदाता पहचान पत्र वाले मतदाताओं की विवरणी, वोलेंटियर की सेवा आदि से संबंधित विभिन्न कागजातों का अवलोकन किया और उनके अद्यतीकरण करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी बीएलओ को रंगीन मतदाता सूची देने का निदेश दिया। उन्होंने वोलेंटियर की सेवा से संबंधित सूची का अवलोकन करते हुए कहा कि केवल 14 से 18 वर्ष से कम के बच्चों को ही वोलेंटियर बनायें और उन्हें प्रशिक्षण देकर मतदान दिवस के लिए तैयारी कराएं। उन्होंने एएसडी सूची का भी अवलोकन किया और उसमें सुधार की आवश्यकता पर बल दिया।

## बारिश की आशंका को देखते हुए मतदानकर्मियों को जल्द बूथों तक पहुंचाये : डॉ. नेहा अरोड़ा

### चार संसदीय क्षेत्रों में कुल 82,16,506 मतदाता करेंगे मतदान

### अभी तक 128 करोड़ 76 लाख की हो चुकी है अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती

#### छठा चरण के लिए चुनाव आयोग का निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य की अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने कहा है कि छठे चरण के मतदान की तैयारी पूरी हो चुकी है। सभी बूथ व्यवस्थित किये जा चुके हैं। बारिश की आशंका को देखते हुए मतदानकर्मियों को जल्द मतदान केंद्रों तक पहुंचाने का निर्देश दिया गया है। यह बातें उन्होंने गुरुवार को निर्वाचन सदन में अयोजित प्रेस वार्ता में कहीं। मौके पर उन्होंने हर मतदाता से मतदान की अपील करते हुए कहा कि मतदाताओं को सुविधाजनक ढंग से मतदान केंद्र जाकर मतदान कराने के लिए तमाम उपाय किये गए हैं। शहरी क्षेत्रों के सभी



नगर निकायों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों एवं वोटर अवेयरनेस फोरमों को सभी मतदाताओं से संपर्क करने के लिए कहा गया है, ताकि कोई मतदाता नहीं छूटे। इस फेज में चार संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर में कुल 82,16,506 मतदाता हैं। इनमें 42,06,926 पुरुष और 40,09,290 महिला मतदाता हैं। कुल बूथों की संख्या 8963 है। इनमें से 1319 बूथ शहरी क्षेत्र में और 3685 बूथ ग्रामीण इलाके में हैं। उन्होंने बताया कि छठे चरण में गिरिडीह, जमशेदपुर, रांची और धनबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में शनिवार को मतदान होना है। मतदान सुबह सात बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। जिस बूथ पर शाम पांच बजे तक मतदाता कतार में होंगे, उनके मतदान तक मतदान प्रक्रिया जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि गिरिडीह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 18,64,660 मतदाता हैं। जिनमें 9,60,489 पुरुष और 9,04,163 महिला मतदाता हैं। गिरिडीह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 2160 बूथ हैं। उनमें 408 शहरी क्षेत्र में और 1762 ग्रामीण इलाके में हैं। उन्होंने बताया कि धनबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 22,85,237 मतदाता हैं। जिनमें 11,96,501 पुरुष और 10,88,656 महिला मतदाता हैं। इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 2539 बूथ हैं। उनमें 1316 शहरी क्षेत्र में और 1223 ग्रामीण इलाके में हैं। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि रांची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 21,97,331 मतदाता हैं। जिनमें 11,12,524 पुरुष और 10,84,738 महिला मतदाता हैं। इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 2377 बूथ हैं। उनमें 949 शहरी क्षेत्र में और 1428 ग्रामीण इलाके में हैं। उन्होंने बताया कि जमशेदपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 18,69,278 मतदाता हैं। जिनमें 9,37,412 पुरुष और 9,31,733 महिला मतदाता हैं। इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 1887 बूथ हैं। उनमें 688 शहरी क्षेत्र में और 1199 ग्रामीण इलाके में हैं। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक राज्य में 128 करोड़ 76 लाख की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गयी है।

## जनता का अपार जनसमर्थन एनडीए के साथ जेएमएम- कांग्रेस की करारी हार तय : सुदेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची/ गिरिडीह।** गिरिडीह संसदीय क्षेत्र में आजसू उम्मीदवार चंद्र प्रकाश चौधरी को जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। यहां इंडी गठबंधन की करारी हार तय है। इस चुनाव को जनता ने देश का चुनाव समझा है और एक-एक वोट नरेंद्र मोदी के समर्थन में जाने वाला है। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर गिरिडीह लोकसभा से एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी के समर्थन में आयोजित पदयात्रा के दौरान कही। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सुदेश महतो पूर्वी टुंडी के लटानी में आयोजित बाइक रैली, राजगंज बाजार, मानटांड और डुमरी के इसरी बाजार में आयोजित पदयात्रा में शामिल होकर जनता से एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी को



जीताने की अपील की। गिरिडीह की जनता 25 मई को फिर से एक बार क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए अपना बहुमूल्य मत एनडीए को देगी। पिछले पांच सालों में चंद्र प्रकाश चौधरी ने क्षेत्र में विकास के अनेकों कार्य किए हैं।

इन्हीं विकास कार्यों के बदौलत गिरिडीह जो 2018 में नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार अकांक्षी जिलों की सूची में 108वें पायदान पर था वो आज तीसरे स्थान पर पहुँच गया है। पिछली बार से अधिक मतों से जनता चंद्र प्रकाश चौधरी को विजयी बनाकर नरेंद्र मोदी को फिर एक बार देश का प्रधानमंत्री बनाने का काम करेगी। राज्य की वर्तमान सरकार जनता के बीच अपनी मौजूदगी का एहसास नहीं करा पाई है। इन्होंने झारखंड की पहचान को बदल दिया है। झारखंड को अपनी कला, संस्कृति, भाषा और स्वर्णिम इतिहास के लिए जाना जाता था लेकिन आज पूरे देश में हमारे राज्य को भ्रष्टाचार से जाना जा रहा है। यह स्थिति हम सभी राज्यवासियों के लिए निराशाजनक।

# मंडा पूजा धूमधाम से मनाया गया,अंगारों पर चलें भक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। घूमधाम से मंडा पूजा गुरूवार को अरगोड़ा में मनाया गया। दोपहर 2 बजे से शिव मंदिर के प्रांगण में वेतजोरी, लोटन सेवा, बरमंगी आदि कई अनुष्ठान हुआ। इसके बाद रात्रि में धुवासी और फुलसुंदी हुआ। इस मौके पर भक्त अंगारो पर चलें। श्री मंडा पूजा एवं सांस्कृतिक द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के अध्यक्ष मुनेश्वर साहू ने बताया कि आज अरगोड़ा दादुलघाट से सभी शिव भक्त रंग-बिरंगे परिधानों में सजकर शिवजी की विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा मे शामिल सभी भक्त (बुढ़ा) शिव मंदिर की परिक्रम करेगें। इस मौके पर अंजित साहु, पवन साहु सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।





सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
Central Mine Planning & Design Institute Ltd.
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
गोन्दवाना प्लेस, कांके रोड, रांची-834031, झारखण्ड, भारत

सूचना

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएं कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in." के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

## सदर एसडीओ ने रांची में लगाया धारा 144

रांची। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर 25 मई को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक रांची सदर अनुमंडल अंतर्गत रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रान्तर्गत मतदान होना है। इसी कड़ी में सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने सदर अनुमंडल अंतर्गत धारा-144 लागू किया है। यह निषेधाज्ञा 23 मई की शाम 5 बजे से 25 मई के रात 9 बजे तक लागू रहेगा। जारी आदेश में कहा गया है कि मतदान के क्रम में अभ्यर्थियों, उनके सहयोगियों और असामाजिक तत्वों द्वारा बूथों पर बलपूर्वक कब्जा करने, बोगस मतदान कराने की चेष्टा किया जा सकता है। जिससे ऐसे कार्यक्रमों से विरोधियों के बीच परस्पर विद्वेष व प्रतिद्वंदिता के कारण विधि-व्यवस्था और जन सामान्य की भावनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। साथ ही इस अवसर का लाभ अवांछनीय तत्वों द्वारा उठाया जा सकता है, जिससे विधि-व्यवस्था की गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है।

# रांची में अलर्ट, केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राजधानी में लोकसभा सीट के लिए 25 मई, शनिवार को मतदान होना है। चुनाव के माहौल को देखते हुए रांची पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में है। जगह-जगह बने मतदान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा का इंतजाम किये जा रहे है। इसके साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों में भी सुरक्षा का खास ध्यान रखा जा रहा है। इस बीच गुरुवार को रांची पुलिस ने केंद्रीय बलों के साथ राजधानी के सभी संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च की शुरूआत रांची के अल्बर्ट एक्का चौक से की गई, जो मेन रोड से होते हुए कर्बला चौक तक पहुंची। करबला चौक के बाद रांची के चर्च रोड, काली मंदिर रोड होते हुए पुलिस का काफिला हर उस जगह से गुजरा, जहां मतदान केंद्र बनाये गये हैं। मुख्य सड़क के अलावा रांची के हर थाना क्षेत्र में थाना प्रभारियों के नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया गया। यह जानकारी रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने दी है।

**फ्लैग मार्च के साथ वोट करने के लिए भी किया गया प्रेरित :** रांची पुलिस के मुताबिक, फ्लैग मार्च के जरिए आम लोगों के बीच का संदेश दिया गया कि आमजन लोकतंत्र के महापर्व में खुलकर भाग ले, उनकी सुरक्षा के लिए पुलिस हर पल मुस्तैद रहेगी। अगर मतदान के दौरान कोई भी व्यक्ति असामाजिक तत्वों के जरिए शहर के शांति और सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश करता है तो उसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि ऐसे लोगों के लिए खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई कर सके। वहीं, दूसरी तरफ पुलिस के द्वारा आम लोगों को मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसके लिए रांची आईजी ने एक वीडियो संदेश भी जारी किया है।

रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि 25 मई को रांची में मतदाता निर्भीक होकर अपने मत का प्रयोग कर सके, इसके लिए रांची पुलिस पूरी तरह से तैयार है। गुरुवार को राजधानी के हर थाना क्षेत्र के पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। अक्सर चुनाव के दौरान समाज में अफवाहों या असंवेदनशील बातों को बढ़ावा दिया जाता है, जिसे रोकने के लिए अलग-अलग थाना क्षेत्रों की पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च लगातार किया जा रहा है। फ्लैग मार्च करने से असामाजिक तत्वों को बढ़ावा देने वाले लोगों के मन में कानून का डर बना रहे और लोग शांतिपूर्वक मतदान कर सकें।



## लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट, तीन कंपनियां रहेंगी तैनात



रांची। लोकसभा चुनाव को संपन्न करने के लिए रांची एसएसपी और सीआरपीएफ कमांडेंट ने आला अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। रांची में लोकसभा चुनाव 25 मई को होना है, इसको लेकर आला अधिकारियों के साथ बैठक की गई। जिसमें सिटी एसपी समेत कई बड़े अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में निर्णय हुआ कि चुनाव को लेकर रांची में तीन कंपनियां रहेगी तैनात। बैठक में सभी अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया गया कि किसी भी परिस्थिति में लोकसभा चुनाव में शांति भंग नहीं किया जाए। यदि इस प्रकार की कोई घटना को अंजाम देना चाहता है तो उसके खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जाएगी। इस बैठक में ग्रामीण एसपी और सीआरपीएफ कमांडेंट समेत कई आला अधिकारी मौजूद रहे।

## भगवान बुद्ध की जयंती मनायी गयी

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। अहिंसा परमो धर्म के महान प्रवर्तक तथागत भगवान बुद्ध के जन्मोत्सव के अवसर पर गोरखा चौक स्थित भगवान बुद्ध के मंदिर में छोटानागपुर बौद्ध सोसाइटी के द्वारा गुरूवार को भगवान बुद्ध की जयंती मनाई गई। पूरे विधि विधान के साथ पूर्वाहन 10:30 बजे से दार्जिलिंग से पधारे लामाओं द्वारा सभी कार्य संपन्न कराये गये।मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव,विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे,लाल किशोर नाथ शाहदेव,डॉ राजेश गुप्ता छोटू, रोहित उरांव, मेंहुल दूबे गोरखा चौक स्थित भगवान बुद्ध के मंदिर पहुंचकर बुद्ध की मूर्ति पर पुष्प अर्पित की एवं दीप प्रज्जवलित कर उन्हें नमन किया, पूजा अर्चना की, राज्य की खुशहाली, शांति, प्रेम, भाईचारा सद्भावना की कामना की, अतिथियों ने लमाओं से आशीर्वाद भी प्राप्त किया। कार्यक्रम आयोजन समिति के अध्यक्ष एसके तामंग ने सभी अतिथियों को खादा भेंटकर स्वागत किया।

## जैप वन परिसर स्थित बुद्ध मंदिर मे मना बुद्ध जंयती



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। जैप वन परिसर स्थित बुद्ध मंदिर में गुरूवार को बुद्ध जंयती मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से की गई। इस के बाद प्रभात फेरी निकाली गई और आशिरबाद का कार्यक्रम हुआ। मौके पर भंडारे का आयोजन किया गया। जंयती समारोह का आयोजन सामडुपलिंग गुम्बा डोरण्डा के द्वारा आयोजित किया गया।

### न्यायायुक्त ने किया रिनपास अस्पताल का निरीक्षण

रांची। रिनपास अस्पताल का निरीक्षण गुरूवार को न्यायायुक्त दिवाकर पांडे ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों की समस्याएं सुनी तथा महिला वार्ड के मरीजो से भी मिले,उन्होंने कहा कि आज हम मरीजो के बीच उनकी समस्या को सुनने आये है और उसका निराकरण की जानकारी देने आये है। कार्यक्रम में कुछ मरीजों ने अपनी समस्या न्यायायुक्त के समक्ष रखी। न्यायायुक्त ने मरीजों के कक्ष का भी निरीक्षण किया। साथ ही मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की भी जानकारी ली। इस दौरान दिवाकर पांडे,सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार,कमलेश बेहरा,निबंधक व्यवहार न्यायलय,निदेशक रिनपास डॉ जयति सिमलाई , भारती देवी,और सारदा देवी आदि उपस्थित थे ।

### भाजपाई महंगाई पर नहीं करते बात : भाकपा

रांची। भाकपा के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा है कि झारखंड में हो रहे लोकसभा चुनाव के प्रचार में भाजपा के स्टार प्रचारक प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी सहित गृहमंत्री, रक्षा मंत्री समेत अन्य नेताओं का झारखंड दौरा चल रहा है। इसके बावजूद चुनाव प्रचार के दौरान बीजेपी नेताओं ने अपने संबोधन में बेरोजगारी, महंगाई की बात कभी नहीं की है। इस मुद्दे पर बोलने से बीजेपी नेता परहेज करने लगे है। श्री मेहता ने कहा है कि भाजपा नेता सिर्फ हिंदू, मुस्लिम, मंदिर मस्जिद की बात करते हैं और सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ कर सत्ता में काबिज होना चाहते है। 2014 में दो करोड़ रोजगार, कालाधन, महंगाई के सवाल को लेकर सत्ता मे भाजपा आयी थी। भाजपा जब सत्ता में आयी, तो उसके बाद से वादा पूरा नहीं कर पायी है। इस स्थिति में भाकपा राजधानी रांची से बीजेपी प्रत्याशी को हराने का हर संभव प्रयास करेगी।

# सभी को अपने बातों को रखने का पूर्ण अधिकार : न्यायायुक्त

## न्यायायुक्त ने किया बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार रांची का निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। सभी को अपने बातों को रखने का पूर्ण अधिकार है, जिन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी हो वे न्यायालय से सम्पर्क कर अपनी समस्या को रख सकते है। ये बातें गुरूवार को बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवार में न्यायायुक्त दिवाकर पांडे ने कारा में आयोजित विधिक जागरूकता शिविर एवं निरीक्षण के दौरान कही। न्यायायुक्त ने बंदियों से समस्याएं सुनी तथा उन्होंने कहा कि वैसे बंदी जिनका बेल हो चुका है और वह बेल बॉड की शर्तो को पूरा नहीं कर पा रहे वे शर्तो में परिवर्तन हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में आवेदन दे सकते है। और वैसे बंदी जिनका अपील लंबित है उनका अपील हेतु आवेदन जल्द से जल्द माननीय उच्च न्यायालय झारखंड में भेजने हेतु निर्देश दिया गया।

न्यायायुक्त के द्वारा आज बंदी कक्ष का भी निरीक्षण किया गया और साथ ही साथ कारा में संचालित स्कूल , पेंटिग प्रशिक्षण कक्ष,और कंप्यूटर प्रशिक्षण कक्ष का निरीक्षण कर कार्य पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए अवश्य सुधार के निमित निर्देश दिया गया।

इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार रकमलेश बेहरा, निबंधक, व्यवहार न्यायालय, सहायक कारा महानरीक्षक झारखंड हमीद अख्तर , अधिक्षक, करापाल ,सहायक करापाल,कराकर्मी बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार ,लीगल एड डिफेन्स कौंसिल के सदस्य सहित बंदीगण उपस्थित थे।

## 182 आर्म्स लाइसेंस किये गये रद्द

रांची। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर स्वच्छ, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र निर्वाचन सम्पन्न कराने को लेकर रांची जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को अपने शस्त्रों को थाना/ओपी अथवा शस्त्र एवं कारतूस विक्रेता दुकान में जमा कराने के लिये अखबारों में प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कई तिथियों को सूचित किया गया था। जिन शस्त्र लाइसेंसधारियों द्वारा अपने शस्त्र जमा नहीं किये गये उनके खिलाफ जिला प्रशासन द्वारा शस्त्र अधिनियम 1959 की धारा-17 के अन्तर्गत कार्रवाई करते हुए लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा द्वारा वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची की अनुशंसा पर कार्रवाई करते हुए 182 शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के लाइसेंस रद्द किये गये हैं। इन अनुज्ञप्तिधारियों ने बार-बार नोटिस जारी होने के बाद भी न तो हथियार जमा किये न ही शस्त्र को अपने पास रखने के लिए आवेदन समर्पित किया था।

विभिन्न राष्ट्रीय/स्थानीय अखबारों में विज्ञापन के माध्यम इस संबंध में जानकारी भी प्रकाशित की गयी। अखबारों में 300 के नाम, पता एवं अनुज्ञप्ति संख्या का विज्ञापन प्रकाशित कर जवाब समर्पित करने का अवसर भी दिया गया। इसके बावजूद उदासीनता दिखानेवाले 182 लाइसेंस धारियों का लाइसेंस विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए रद्द कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त स्वेच्छा से, अनुज्ञप्तिधारियों की मृत्यु के कारण अनुज्ञप्ति सरेंडर पर विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए 14 अनुज्ञप्ति रद्द की गई है।

## भारतीय एकता कमेटी ने कांग्रेस के समर्थन में पदयात्रा निकाली




खबर मन्त्र बयूरो

रांची। भारतीय एकता कमेटी के बैनर तले गुरुवार को कांग्रेस पार्टी के समर्थन में कई मुहल्ले में पदयात्रा निकाली गयी। कमेटी ने कांग्रेस पार्टी की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। पदयात्रा में भारतीय एकता कमेटी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। अकील उर रहमान ने बताया कि संविधान को बदलने वालों को सबक सिखाया जायेगा। वोट से चोट पहुंचायी जाएगी। कहा कि भाजपा को सत्ता से हटाना होगा। देश में अमन शांति कायम हो इसके लिए कांग्रेस प्रत्याशी को जिताना होगा : अकील उर रहमान ने कहा देश में अमन शांति कायम हो इसके लिए कांग्रेस प्रत्याशी को जिताना होगा। उन्हें भारी मतों से जीत दर्ज करानी है। बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिले, इसके लिए कांग्रेस का बटन दबाना होगा। देश विकास करे, देश से महंगाई खत्म हो। इसके लिए कांग्रेस को जिताना होगा। पदयात्रा में गुलाम मुस्तफा, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद तौहीद, मोहम्मद इस्लाम, सचिव रामेश्वर राम, मनोज राम, मौलवी मोहम्मद अशरफ, विजय लकड़ा, एलिस कश्यप, मोहम्मद शफीक समेत अन्य शामिल थे। वहीं नजीर अली लेन, बलदेव सहाय लेंन, चर्च रोड, मिशन चौक, पत्थल कुदवा, पुरुलिया रोड समेत अन्य स्थानों में पदयात्रा निकाली गयी।

# झारखंड में दिख रहा चक्रवात का असर, झमाझम बारिश

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। बंगाल की खाड़ी के ऊपर बन रहे चक्रवात निम्न दबाव में बदल गया है। इसका असर झारखंड में देखने को भी मिल रहा है। गुरुवार को राजधानी के कई इलाकों में बारिश हुई। बारिश की वजह से मौसम सुहाना हो गया। लोगों को गर्मी से भी राहत मिली है। 24 मई से राज्य के कई हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। इसे लेकर मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, तेज हवा भी चलेगी। हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा तक हो सकती है। मेघगर्जन और वज्रपात की भी आशंका जताई गई है। इसका असर राज्य के उत्तर-पूर्वी, दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य हिस्सों में दिखेगा।

**इन जिलों में होगी बारिश :** बदले हुए मौसम में अगले 24 घंटे के दौरान झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, गोड्डा, साहिबगंज, दुमका, पाकुड़, धनबाद, देवघर, जामताड़ा, रांची, खूंटी, गुमला, रामगढ़, बोकारो, लोहरदगा में बारिश होने की संभावना जताई गई है। कुछ स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात के साथ बारिश होने की संभावना है।



**रेमल चक्रवात रविवार शाम तक पहुंच सकता है बांग्लादेश :** रेमल के उत्तर-पूर्व की ओर आगे बढ़कर शनिवार सुबह पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक चक्रवाती तूफान बनने की संभावना है। मौसम विभाग ने यह भी कहा कि यदि निम्न दबाव चक्रवात में बदल जाता है तो यह उत्तर की ओर आगे बढ़ सकता है और रविवार शाम तक बांग्लादेश और निकटवर्ती पश्चिम बंगाल तट के पास पहुंच सकता है। चक्रवात के कारण गुरुवार से मध्य और दक्षिण बंगाल की खाड़ी में और शुक्रवार से उत्तरी बंगाल की खाड़ी में मछुआरों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह रोक अगले सोमवार तक जारी रहेगी।

## खबर एक नजर में

### गौतम बुद्ध मानवता के इतिहास में कई दृष्टियों से आज भी महत्वपूर्ण : डा. हरीश सांस्कृत्थान



रांची। गौतम बुद्ध मानवता के इतिहास में कई दृष्टियों से आज भी महत्वपूर्ण बने हुए है। ये बातें बृहस्पतिवार को सेन्ट्रल एकाडेमी में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वर्ल्ड बुद्धा फाउंडेशन के अध्यक्षा डा० सुपणी, डा० हरीश सांस्कृत्यायन ने कहीं। उन्होंने कहा कि धर्म की स्थापना, ध्यान और मन के प्रशिक्षण एवं संघ की स्थापना जैसे कार्यों द्वारा वे एक महामानव के रूप में ढाई हजार वर्षो से मार्ग दर्शन कर रहे हैं। इस मौके डा० राजकुमार, डायरेक्टर रिन्स, डा० जयप्रकाश, ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। विष्णु चौबे, बब्बन चौबे, सुतापा भट्टाचार्य्या, राजीव रंजन सिंह, रेखा शर्मा, संगीता उपस्थित थी।

### सुबोध कांत के खिलाफ भाजपा पहुंची चुनाव आयोग

रांची। भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व मे चुनाव आयोग पहुंचा और मांग किया की तत्काल रांची के पूर्व सांसद सुबोध कांत सहाय और मुखिया पतरस तिर्की के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हो। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया की रांची लोक सभा अंतर्गत खिजरी विधान सभा के सौदाग पंचायत मे रांची के पूर्व सांसद सुबोध कांत सहाय एवं मुखिया पतरस तिर्की द्वारा रांची लोक सभा के कांग्रेस प्रत्याशी यशस्वनी सहाय के पक्ष मे सरकारी ग्राम पंचायत भवन के प्रांगण मे 19/5/24 को चुनावी सभा किया गया जो की चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है। खिजरी विधानसभा के विधायक कांग्रेस के राजेश कच्छप हैं इस का गलत फायदा उठाकर सरकारी ग्राम पंचायत भवन के प्रांगण मे चुनावी सभा करवा रहे हैं। सभा का वीडियो और फोटो भी भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने आयोग मे जमा किया है। प्रतिनिधिमंडल मे ज्योति आनंद और अनुराधा मोदी शामिल थे।

### जादूगर जे कुमार ने शुरू की मतदाता जागरूकता अभियान




रांची। शहर के कचहरी रोड स्थित वेंडर मार्केट के चौथे तल्ले पर बने वातानुकूलित रॉयल हाइट बैंक्वेट हॉल में विगत 10 मई से रोजाना अपना विश्व स्तरीय लाइव मैजिक शो दिखा रहे सुपर स्टार जादूगर जे कुमार ने मतदाता जागरूकता अभियान की शुरूआत गुरूवार से की। अपने शो के दौरान बहुत ही प्रभावशाली ढंग से एक एक वोट के महत्व को समझते हुए लोकतंत्र के महापर्व को सफल बनाने हेतु दर्शको से मतदान की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि 25 मई को दोपहर 1 बजे के शो में जो भी व्यक्ति मतदान करके आएगा और मतदान का प्रूफ उंगली पर लगी स्याही का चिन्ह दिखाएगा उसे निशुल्क शो दिखाया जायगा । जबकि शाम 4बजे और 7बजे के शो में टिकट पर विशेष छूट दिया जाएगी।

# हाइकोर्ट ने कहा- सभी लाइसेंसधारियों का हथियार जमा करने का आदेश सही नहीं, पहले स्क्रूटनी की जरूरत

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने लोकसभा चुनाव में सभी हथियार लाइसेंसधारियों से हथियार जमा करने के आदेश को वैध नहीं माना है। एक मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने कहा है कि इस तरह का आदेश कानून की नजर में वैध नहीं ठहराया जा सकता। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने बोकारो जिला के उपायुक्त के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसके तहत उपायुक्त ने सभी लाइसेंसधारी हथियारधारकों को अपने हथियार जमा करने का निर्देश दिया था। साथ ही हथियार जमा नहीं करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही गयी थी। अदालत ने प्रार्थी के हथियार को वापस करने का निर्देश भी उपायुक्त को दिया। हाईकोर्ट ने अपने आदेश कहा है कि एक आदेश से भी लाइसेंसधारियों को अपने हथियार जमा करने के चुनाव आयोग का आदेश उचित नहीं। इस तरह के आदेश जारी करने में दिमाग का इस्तेमाल नहीं किया गया है। हथियारधारकों को सिर्फ इसलिए हथियार जमा करने को कहा गया है कि क्योंकि उन्होंने हथियार रखने के लिए लाइसेंस लिया है। कोर्ट ने कहा



कि उपायुक्त और जिला निर्वाचन पदाधिकारी को हथियार जमा करने के पहले सभी लाइसेंसधारियों की स्क्रूटनी करनी चाहिए। स्क्रूटनी में यदि यह पता चले कि लाइसेंस लेने वाले का आपराधिक रिकॉर्ड है और वह चुनाव में बाधा पहुंचा सकता है तो वैसे लोगों से ही हथियार जमा कराया जाना चाहिए। यदि किसी के भी विरुद्ध कुछ भी प्रतिकूल नहीं मिलता है, यदि लाइसेंसधारी स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव और कानून-व्यवस्था के लिए खतरा पैदा नहीं कर सकते हैं, तो उन्हें जमा करने का निर्देश देना आवश्यक नहीं है। दरअसल डीवीसी कोडरमा में पदस्थापित डीजीएम रंजीत सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। जिसमें कहा गया था कि बोकारो डीसी ने 27 मार्च को आदेश जारी कर सभी लाइसेंसधारियों से अपने हथियार निकट के थाना या अन्य निर्धारित स्थानों पर जमा करने का निर्देश दिया था। प्रार्थी का कहना था कि अपनी सुरक्षा के लिए उन्होंने जिला प्रशासन से हथियार रखने के लिए लाइसेंस लिया है। चुनाव के कारण डीवीसी की सुरक्षा में लगे सीआईएसएफ के जवानों की संख्या में भी कटौती कर ली गयी है। उन्होंने उपायुक्त के आदेश के बाद अपने हथियार जमा कर दिए हैं। लेकिन डीसी का आदेश उचित नहीं है। क्योंकि उनका कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। ऐसे में उपायुक्त का सभी लाइसेंसधारियों को हथियार जमा करने का आदेश देना उचित नहीं है।

## 10 अपराधियों को जिला बदर और 17 को थाना में हाजिरी लगाने का आदेश

**रांची।** रांची के 10 अपराधियों को जिला बदर व 17 अपराधियों को थाना में हाजिरी लगाने का आदेश जारी किया गया है। रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा द्वारा रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा की अनुशंसा पर कार्रवाई करते हुए यह आदेश जारी किया गया है।

**जिला बदर किये गए 10 अपराधियों के नाम :** रिंकू कुरैशी उर्फ गुलाम दस्तगीर, मो. सेराज उर्फ अन्नु, मो. मोबीन उर्फ छोटका, राजाराम चौहान उर्फ बुल्लू, चिंटू बड़ाईक उर्फ संदीप बड़ाईक उर्फ छर्रा, मिथिलेश महतो, तस्लीम खान, मो. आफताब, मुन्ना उरांव उर्फ संतू उरांव, सकलदीप बड़ाईक का नाम शामिल है।

**थाना में हाजिरी लगाने वाले 17 अपराधियों के नाम :** चन्दरु कुमार सिंह उर्फ चन्दरु उर्फ चंदन कुमार सिंह, मनीष गोप, . खुर्शीद अख्तर उर्फ खुर्शीद खान , रोहित चौरसिया उर्फ रोहित कुमार चौरसिया, मो. यासीन , मो. कलाम उर्फ रोहित उर्फ बैगन , सूरज कुमार साहू , रंथू उरांव, विजय चौरसिया, उमेश करमाली, कार्तिक मुण्डा, जियाउल अंसारी, कुंदन कुमार, कनीलाल साहू , मनोज राम चौबे, राकेश कुमार सिंह उर्फ डिंपू सिंह, विनोद गोप उर्फ वीनू गोप का नाम शामिल है।

## भाजपा मेसरा मंडल ने निकाली बाइक रैली

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के मेसरा मंडल अध्यक्ष शिवलाल महतो के नेतृत्व में गुरुवार को बाईक रैली निकाली गई। इसमें सैकड़ों भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता शामिल हुए। रैली में शामिल युवा केदल पंचायत,मेसरा प?िमी एवं पूर्वी पंचायत, चुप्तु पंचायत,नेवरी पंचायत,हुंदूर चंदवे दुबलिया सभी पंचायतों के प्रत्येक गांवों में भ्रमण कर भाजपा के प्रत्याशी को जिताने की अपील की। मौके पर प्रदेश



एससी मोर्चा मंत्री कमलेश राम ने कहा जिस प्रकार युवा मोर्चा के कार्यकताओं ने भाजपा के लिए समर्पित होकर कार्य कर रहे हैं। यह बहुत ही सराहनीय कदम है। इस जुलूस का समापन चंदवे चौक में नेतृत्वकर्ता युवा मोर्चा अध्यक्ष शिवलाल महतो की उपस्थिति में किया गया। मौके पर उन्होंने सभी कार्यकर्ताओ को धन्यवाद दिया। बाइक रैली में मेसरा मंडल महामंत्री अमित साहू, रंजन ठाकुर, अभिषेक महतो, शंकर साहू, रामलाल महतो, अरविंद साहू, पप्पू महतो, श्याम महतो, नीरज मुंडा, नंदकिशोर महतो,अविनाश सिंह, एवं सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

## प्रोन्नति में नैसर्गिक न्याय की अनदेखी न हो : संघ

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने जिला शिक्षा अधीक्षक से कहा कि सभी अर्हताधारी शिक्षकों को प्रोन्नति दी जाये और नैसर्गिक न्याय का अनुपालन हो। उल्लेखनीय है कि गत नवंबर माह में डीएसई ने प्रधानाध्यापक पद पर प्रोन्नति के लिए 232 अर्हताधारी शिक्षकों की वरीयता सूची जारी की थी। इसके आलोक में शिक्षकों की सेवा पुस्तिकाएं जांच के लिए जमा भी करवाई गई थीं। परंतु किसी कारण से प्रोन्नति की प्रक्रिया में शिथिलता बरती जा रही है। प्रोन्नति की आस लिए अनेक शिक्षक हर माह सेवानिवृत हो रहे हैं। इसी बीच डीएसई द्वारा प्रधानाध्यापक पद पर प्रोन्नति के लिए मात्र ग्रेड-5 के कुछ दर्जन शिक्षकों को पुनः सेवा पुस्तिकाएं कार्यालय में जमा करने का आदेश निर्गत किया गया है, जबकि प्रारंभिक शिक्षक प्रोन्नति नियमावली 1993 के अनुसार लगभग 250 शिक्षक हैं, जो ग्रेड-7 प्रोन्नति की अर्हता पूर्ण करते हैं। मालूम हो कि रांची जिले में ग्रेड-7 के सारे पद (294) रिक्त हैं। श्री तिग्गा ने ज्ञापन के साथ सभी आवश्यक तथ्यात्मक दस्तावेजों एवं विभागीय पत्रों की प्रतियां डीएसई को सुपुर्द की।

## लोकतंत्र को मजबूत करने को वोट जरूर करें : जहीर

**रांची।** झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के राज्याध्यक्ष आदिल जहीर ने मतदान की जोरदार अपील करते हुए कहा कि मतदान, पूण्यदान, और कर्तव्य दान है। लोकतंत्र को मजबूत बनाने का फर्ज अदा करना ही देश के प्रति सच्ची श्रद्धा प्रकट करना ही वोट देना है। वोट देकर अपनी नागरिकता प्रकट करें सबसे पहले निर्भिक होकर पूरे जोश एवं उत्साह के साथ वोट कर भारत को मजबूत बनाएं वोट कर देश के प्रति अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## यूथ वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग में झारखंड के बाबूलाल ने देश के लिए जीता ब्रॉन्ज मेडल



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पेरू (दक्षिण अमेरिका) में आयोजित वर्ल्ड यूथ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में भारत के बाबूलाल हेम्ब्रम ने ब्रॉन्ज मेडल जीता है। जेएसएसपीएस (सीसीएल, झारखंड) के कैडेट बाबूलाल ने 49 किग्रा कैटेगरी में दो कांस्य पदक हासिल किए हैं। उसकी इस उपलब्धि पर जेएसएसपीएस के अधिकारियों सहित खेल विभाग, झारखंड के पदाधिकारियों ने भी खुशी जताते शुभकामनाएं दी हैं।

## फैंसी ड्रेस कंपटीशन व हॉर्स राइडिंग के साथ निर्मला कॉन्वेंट का समर कैंप संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** फैंसी ड्रेस कंपटीशन व हॉर्स राइडिंग के साथ निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल में अयोजित समर कैंप संपन्न गुरुवार को संपन्न हो गया। समर कैंप के अंतिम दिन आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता तथा हॉर्स राइडिंग में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर कक्षा प्री नर्सरी से 5वीं तक बच्चों ने विभिन्न विभिन्न प्रकार की वेशभूषा में फैंसी ड्रेस कंपटीशन में भाग लिया और अपनी अद्भुत प्रतिभा से सबका मन मोह लिया। वहीं, हॉर्स राइडिंग के माध्यम से बच्चों ने काफी आनंद का अनुभव



किया और हॉर्स राइडिंग की बारीकियां को समझा। इस अवसर पर उपस्थित विद्यालय प्रबंधन समिति की सचिव सीमा शर्मा ने सभी अभिभावककों, शिक्षकों तथा कर्मचारियों को समर कैंप के सफल संचालन के लिए आभार जताया और कहा कि समर कैंप में बच्चों ने योग, आर्ट एंड क्राफ्ट, डांस,विभिन्न प्रकार के खेल इत्यादि को बहुत ही इंजॉय किया और उनको बहुत सीखने को मिला। वहीं, स्कूल के प्रिंसिपल विजय कुमार शर्मा ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में विजयी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र तथा पुरस्कार देकर सम्मानित किय। श्री शर्मा ने कहा कि विद्यालय हर एक माध्यम से कम शुल्क में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्प है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अभिभावकों के लिए भी वाटर डांस का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित सभी अभिभावकों ने जमकर इस पल का आनंद लिया और डांस के माध्यम से अपनी प्रतिभा को दिखाया।

## बालाजी मंदिर में दान - व्रत की पूर्णिमा तथा कूर्म जयन्ती मनायी गयी

**रांची।** गुरुवार को श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मन्दिर में वैशाखी पूर्णिमा के अवसर पर विशेष अनुष्ठान किया गया। श्रीहरि वेंकटेश्वर की संतुष्टि के लिए पा?रात्र आगम विधि से तिरु.आराधना की गई। जिनके स्मरण मात्र से महापातकों की सेना थर्रा उठती है, वे भगवान श्रीमन्नारायण ही सेवन के योग्य हैं, ऐसे शास्त्रों के अनुमती से भगवान के चरणारविन्दों की वैदिक विधि से सेवन किया गया। नैवेद्य भोग लगाये, महाआरती की गई और वेद, उपनिषद, देशिक स्तोत्राणि एवं वैष्णव संहिताओं के मंत्रों और स्तोत्रों से स्तवन किया गया। एकादशी से लेकर पूर्णिमा तक अन्तिम पांच दिन समूचे वैशाख महीन के समान महत्व रखते है तथा इन पांच दिनों में पूर्णिमा का और ही बड़ा महत्व है। इसी महिमा को देखते हुए श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ हुई। श्रद्धालुओं ने दिनभर कुपन लेकर बारी . बारी अर्चना कराये तथा अभीष्ट मनोरथों की सिद्धि की कामना की। कमलनयन, आरती द्विवेदी, अरविन्द कुमार मिश्र ने भोग निवेदन किया। अनूप अग्रवाल, रंजन सिंह, शंभू पोद्दार, प्रभाष मित्तल, दीपू श्रीवास्तव, प्रेम मोदी, पंकज कुमार शर्मा, लाल दीपक नाथ शाहदेव,अनूप झा सुरेशचंद्र शर्मा आदि भारी संख्या में भक्तों का तांता लगा रहा।

## आजसू ने गिरिडीह में सीपी चौधरी के पक्ष में किया जनसंपर्क



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** गिरिडीह लोकसभा चुनाव की प्रचार थम गयी। अब 25 मई को मतदान है। प्रचार के आखिरी दिन आजसू पार्टी ने अपने प्रत्याशी चन्द्रप्रकाश चौधरी के समर्थन में पूरी ताकत झोंक दी। आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव और रांची महानगर प्रभारी जितेन्द्र सिंह ने अपने महानगर टीम के साथ गिरिडीह पहुंचकर अपने पार्टी के नेता चन्द्रप्रकाश चौधरी के लिए डुमरी, बेरमो, टुंडी, बाघमारा और गोमिया में जनसंपर्क, पदयात्रा और जनसभाओं के माध्यम से उन्हें जनता से जीताने की अपील की। जितेन्द्र सिंह ने गिरिडीह लोकसभा में पार्टी प्रत्याशी चन्द्रप्रकाश चौधरी के समर्थन में जनता की मिले आपार समर्थन के लिए आभार जताया। साथ ही कहा कि इस बार गिरिडीह की जनता फिर से एनडीए की सरकार को अपना आशीर्वाद बनाये रखेंगे। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार देश का पीएम बनायेंगे। एक-एक प्रत्याशियों की जीत मोदी की मजबूत सरकार को ताकत प्रदान करेगी। तभी तो देश विश्व की नंबर वन देश बनकर विश्व गुरु बनेगा। श्री सिंह ने कहा कि उनके केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो राज्य के विकास को लेकर जिसतरह से प्रयासरत रहते हैं, उसी तरह मोदी जी देश के विकास को लेकर जूटे हैं। श्री सिंह के साथ गयी टीम वहां पम्पलेट, छोटी-छोटी सभाएं कर लोगों से वोट की अपील की।

## आजसू पार्टी महानगर ने संजय सेठ को जीताने के लिए झोंकी ताकत





**रांची।** रांची लोकसभा क्षेत्र में चुनाव 25 मई को है। गुरुवार को सभी प्रत्याशियों की चुनाव प्रचार थम गयी। रांची संसदीय क्षेत्र से एनडीए समर्थित भाजपा उम्मीदवार संजय सेठ चुनावी मैदान में हैं। आजसू पार्टी एनडीए गठबंधन का साथी दल है। आजसू अपने समर्थित उम्मीदवार संजय सेठ के समर्थन में लगातार चुनाव प्रचार में जूटी रही। आखिरी दिन पार्टी ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव और रांची महानगर प्रभारी जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं अलग-अलग जगहों पर ढ़ोल-बाजे के साथ चुनाव प्रचार किया। लोगों को भाजपा की घोषणा पत्र बांटे। लोगों को यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों से अवगत कराया। जगह-जगह बैठक, जनसंपर्क, पदयात्रा के माध्यम से लोगों के बीच पहुंच स्थापित किया। जितेन्द्र सिंह ने कहा कि इस बार रांची के मौजूदा सांसद और एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ रिकार्ड मत से जीत हासिल करेंगे। उनके जीत से नरेन्द्र मोदी को केन्द्र में मजबूत सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो विजनवाले नेता हैं। राज्य में सुदेश महतो और केन्द्र में नरेन्द्र मोदी देश का नेतृत्व करेंगे।

### खबर एक नजर में

## झारखण्ड प्रदेश अंगिका समाज ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखण्ड प्रदेश अंगिका समाज ने गुरूवार को पूरे राज्य में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। राजधानी में यह अभियान डॉ.श्रीमोहन सिंह, महासचिव के नेतृत्व में चलाया गया। इस दौरान समाज के सदस्यों ने घर-घर जाकर सभी पुरुष- महिला मतदाताओं से अपने मत का प्रयोग करने का अनुरोध किया। इस मतदाता जागरूकता अभियान में अध्यक्ष मोहन रजक, डॉ.एस. के.पी.सिंह, नरोत्तम प्रसाद सिंह,महामन्त्री ठाकुर,बच्चन चौधरी, राजेश कुमार पाण्डेय अशोक कुमार सिंह का सराहनीय योगदान रहा।


## पूर्ववर्ती छात्र-मिलन समारोह का आयोजन

**रांची।** पटेल बी0एड0 कॉलेज काटमकुकू, लोधमा, खूँटी के प्रांगण में 23/05/2024 को पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। संयुक्त रूप से दीप प्रजवलित कर प्रोग्रम की शुरूआत की गई। छात्र-छात्राओं का स्वागत,स्वागत गान द्वारा किया गया। पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। सभी एक दूसरे से मिल कर अपने बीते दिनों को याद किया। सभी ने अपने-अपने अनुभव साझा किया एवं इस कॉलेज का हिस्सा होने पर उन्हें गर्व है इस बात को भी रखा। इस अवसर पर कॉलेज की सचिव, प्राचार्या ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए अच्छे शिक्षक के साथ-साथ एक अच्छे इंसान बनने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर प्राचार्या एवं सभी शिक्षकगण तथा शिक्षकेत्तरकर्मी उपस्थित थे।

## मजलूमों की उम्मीद का नाम था आयतुल्लाह रईसी- मौलाना तहजिबुल हसन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के राष्ट्रपति मौलाना सैयद इब्राहिम रईसी, ईरान के विदेश मंत्री समेत ईरान के सभी शहीदों की याद में गुरूवार को जाफरिया मस्जिद में एक शोक सभा आयोजित की गई। इस मजलिस को ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के चेयरमैन व मस्जिद जाफरिया रांची के इमाम व खतीब हजरत मौलाना अल्हाज सैयद तहजिबुल हसन रिजवी ने कहा कि मजलूमों की उम्मीद का नाम था आयतुल्लाह रईसी। मौलाना ने कहा कि हजरत अयातुल्लाह सैयद इब्राहिम रईसी एक दूरदर्शी राष्ट्रपति और एक अद्वितीय व्यक्तित्व थे। जो व्यावहारिक रूप से इस्लाम में एकता, भाईचारा और शांति और व्यवस्था को बढ़ावा देने में प्रभावी



भूमिका निभाई और अपने प्रतिष्ठित सहयोगियों के साथ शहीद हो गए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

अंजुमन जाफरिया के सचिव अशरफ हुसैन रिजवी ने आये हुए सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस मौके पर शाहरुख हसन रिजवी, मुबारक अब्बास, जावेद हैदर, इकबाल फातेमी, नदीम रिजवी, सैयद फराज अब्बास, मेहदी इमाम, अमूद अब्बास, अत्ता इमाम रिजवी, सैयद निहाल हुसैन सरियावी, हाशिम अली मौजूद रहे।

## चारधाम यात्रियों को हेल्थ एडवाइजरी के अनुसार भेजें : रतूड़ी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** उत्तराखंड के मुख्य सचिव ने चारधाम यात्रा को लेकर झारखंड समेत देश के सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को पत्र भेजा है। इसमें हेल्थ एडवाइजरी के अनुसार अपने राज्यों से तीर्थ यात्रियों को भेजने आग्रह किया है। उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बिना पंजीकरण के उत्तराखंड में तीर्थ यात्रियों के नहीं भेजने से संबंधित जानकारी राज्यों के मुख्य सचिवों को भेजे गये पत्र में दी है। इसके अलावा अपने पत्र में जिस तारीख के लिए चारधाम यात्रा के लिए तीर्थ यात्रियों ने रजिस्ट्रेशन किया गया है, उसी तिथि पर उन्हें उत्तराखंड पहुंचने संबंधी जानकारी दी गयी है। विभिन्न राज्यों को लिखे गये पत्र में टूर ऑपरेटर और ट्रैवल एजेंट की जिम्मेदारियों से संबंधित जानकारी भी दी गयी है। मुख्य सचिवों से अनुरोध किया गया है कि इन सभी जानकारियों को अपने राज्यों में प्रचार प्रसार के माध्यम से तीर्थ यात्रियों तक पहुंचाया जाये।

### 1250 करोड़ के अवैध खनन मामला

## दाहू यादव के बेटे राहुल यादव की जमानत याचिका पर सुनवाई 21 जून को

### ईडी ने जवाब के लिए मांगा था 4 सप्ताह का समय

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** 1250 करोड़ रुपए के अवैध खनन मामले में दाहू यादव के बेटे राहुल यादव की ओर से झारखंड हाई कोर्ट में दायर जमानत याचिका पर सुनवाई 21 जून को होगी। इस मामले में ईडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से चार सप्ताह की मांग की गई थी।

इसके बाद कोर्ट ने ईडी को समय प्रदान करते हुए सुनवाई की अगली तिथि 21 जून निर्धारित की है। याचिका में प्रार्थी की ओर से कहा गया है कि मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनकी कोई भी भूमिका नहीं है, अवैध खनन से जुड़े मामले में उनके पिता दाहु यादव को ईडी फंसा रही है, ऐसे में उनके पिता की वजह से उनका भी नाम जोड़ा जा रहा है। वे एक स्टूडेंट है, ऐसे अपराधिक मामलों से उनका कोई लेना देना नहीं है। राहुल यादव की ओर से उनके अधिवक्ता सब्यसाची ने हाईकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है। दरअसल, 31 जनवरी को राहुल यादव की जमानत याचिका ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने खारिज कर दिया था। बता दें कि हाई कोर्ट के आदेश के आलोक में राहुल ने 2 जनवरी को ईडी कोर्ट में सरेंडर किया था, इसके बाद कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। ईडी भी उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ कर चुकी है। राहुल को अवैध खनन मामले में ईडी ने समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया था। लेकिन वे ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे। इसके बाद ईडी की विशेष अदालत ने राहुल यादव के खिलाफ 31 मार्च 2023 को नन बेलेबल वारंट जारी किया था।

# ओरमांझी में निकली मतदाता जागरूकता रैली

खबर मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग छात्राओं द्वारा गुरूवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। बेनर पोस्ट लिए रैली में शामिल छात्राएं जागरूकता संबंधित नारे लगा मतदाताओं से मतदान के दिन बूथों जाकर मतदान करने की अपील कर रहे थें। रैली मेदांता हॉस्पिटल होते हुए मुख्य चैराहे पर आई। यहां मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान की अपील की गई। कॉलेज के सचिव जीनत कौशर कहा लोकतंत्र में व्यक्ति का सबसे महत्वपूर्ण मतदान करने का अधिकार है। इस अमूल्य मत का प्रयोग जाति, धर्म, संप्रदाय एवं संकीर्ण विचारों से ऊपर उठकर विकास, शिक्षा और रोजगार को ध्यान में रखकर करना चाहिए। लोकतांत्रिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए मतदाताओं का जागरूक होना जरूरी है। अपने वोट के महत्व को समझें और लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान जरूर करें। रैली में छात्र-छात्राओं के साथ डा. नाजनीन कौशर शिक्षक व कर्मी शामिल थें।

**अंमित दिन कार्यकर्ता ने दम दिखाया**

छठे चरण के चुनाव प्रचार के अंतिम दिन प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न प्रत्याषी के समर्थक व पार्टी कार्यकताओं ने दम दिखाया। किसी ने बाइक रैली नकाली तो किसी ने टोला-मुहल्ला में जाकर प्रचार प्रसार किया। भाजपा समर्थक व कार्यकर्ता भीम मुंडा, नितेश कुमार साहू, योगेंद्र मुंडा, शशि मेहता, पारस मुंडा, सुंदर नायक, उत्तम करमाली, गजन नायक, कृतिकांत साहू, रिंकू निषाद, मुकेश साव, संजय नायक, कृष्ण प्रजापति, मनोज महतो सहित कई लोगों ने भाजपा का झंडा पोस्टर लेकर लोगों को घर-घर जा संजय सेठ के पक्ष में वोट देने को कहा। इधर कांग्रेस के वरिष्ट कार्यकर्ता शंकर गुप्ता पार्टी के कार्यकताओं के साथ क्षेत्र का भ्रमण किया और यषस्विनी सहाय के लिए वोट मांगा। इसके अलावे भाजपा कार्यकताओं द्वारा बाइक रैली भी निकाली गई। राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने पार्टी का झंडा दिखा रैली को रवाना किया।

# लोगों की मुसीबतों में सदैव उनके साथ खड़े रहते हैं संजय सेठ : आनंद सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



खलारी। रांची लोकसभा के सांसद संजय सेठ की पहल पर खलारी निवासी राजाराम रवि के पुत्र शिव कुमार रवि के किडनी ट्रांसप्लांट हेतु प्रधानमंत्री राहत कोष से 3 लाख एवम मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष से 1 लाख रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई है। इस मदद के लिए राजाराम रवि जी ने सांसद संजय सेठ का आभार व्यक्त किया है, और क्षेत्र के लोगों से भी आर्थिक सहयोग की अपील की है, ताकि उनके पुत्र का ऑपरेशन सफल हो सके। ज्ञात हो कि शिव कुमार रवि जिनका इलाज दिल्ली के एम्स में चल रहा है किडनी की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं, उनकी दोनो किडनिया खराब हो चुकी हैं। किडनी ट्रांसप्लांट एकमात्र उपाय है जिसका खर्च एम्स के डॉक्टरों ने 8.5 लाख रुपए बताया है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने की वजह से उन्होंने क्षेत्र के लोगों से भी अपील किया है कि यथासंभव उनके बेटे के इलाज के लिए लोग मदद करें। भाजपा रांची जिला ग्रामीण के सह मीडिया प्रभारी आनंद सिंह ने बताया कि महज खलारी ही नहीं अपितु पूरे लोकसभा क्षेत्र के किसी भी व्यक्ति को यदि गंभीर बीमारी होती है तो सांसद संजय सेठ उनकी मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। पिछले पांच साल के दरमियान सिर्फ खलारी प्रखंड के दर्जनों लोगों को उनकी गंभीर बीमारी में सांसद संजय सेठ ने उन्हें आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई है। अभी हाल फिलहाल ही खलारी के बुकबुका निवासी मास्टर रुद्रा सिंह को उनके कैंसर के इलाज के लिए सांसद की पहल पर 3 लाख रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई गई है।

## स्पीड न्यूज

### भजपा नेताओं ने सभा कर संजय सेठ के पक्ष में मतदान की अपील



**अनगड़ा।** भाजपा नेताओं ने गुरुवार को प्रखंड के सिरका महेशपूर में चुनावी सभा किए। सभा में मतदाताओं से देश और राष्ट्र हित में भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में वोट करने की अपील की गयी सभा को पूर्व विधायक रामकुमार पहान भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो मुखिया रौशन मुन्डा मनोज चौधरी सुनील महतो कामेश्वर महतो अगमलाल महतो साहेबराम महतो इत्यादि ने सम्बोधित किया।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत

**ठाकुरगांव।** थाना क्षेत्र के बरौदी गांव के समीप बुधवार की देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत रिम्स ले जाने के क्रम में हो गई। जानकारी के अनुसार बंसरी गांव निवासी महिंद्र साहु 62 वर्ष बरौदी गांव में मजदूरी करने के बाद खाना खाकर अपने घर आ रहा था। इसी बीच अज्ञात वाहन ने उसे चपेट में ले लिया। घटना के बाद परिजनों द्वारा इलाज के लिए रिम्स ले जाने के क्रम में रास्ते मे ही मौत हो गई। गुरुवार को स्थानीय मुक्तिधाम में मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में मोटरसाइकिल रैली

**सिकिदिरी।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में लोकसभा के एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में गुरुवार को मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। रैली सिकिदिरी, साहेदा, गेतलसूद, बनादाग, नवागढ़, कुच्चू, खभावन, बदरी, हुंडरु आदि जगहों में गई। जैलेन्द्र कुमार ने लोगों से मोदी सरकार के 10 साल कि उपलब्धी बताते हुए संजय सेठ के पक्ष में मतदान करने कि अपील की है। रैली में सुजीत कुमार सोनी, नंदलाल राम, सत्यपाल राउत, गुड्डु सिंह, काजल विश्वकर्मा, सुनील महतो, शिवधर रजवार, धनेश्वर बेदिया समेत सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल थे।

# आंधी, तूफान एवं बारिश से प्रभावित क्षेत्रों का बीडीओ ने किया दौरा

खबर मन्त्र संवाददाता



**मांडर।** मांडर प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गांव में तूफान और बारिश की वजह से हुई क्षति का जायजा लेने के लिए गुरुवार को मांडर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार ने विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के प्रतिनिधि जमील मलिक के साथ दौरा किया। बीते दिन मांडर प्रखंड अंतर्गत अनेक गांवों में तेज बारिश के साथ आंधी, तूफान आने से गरीब और किसानो को काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ा। कही पर किसानो का फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गई। बहुत सारे लोगों के घरों के छप्पर उड़ गए। कही पेड़ के गिर जाने से जानवर मारे गए। आंधी तुफान में जिनके घरों के छप्पर उड़ गए उनमें से टांगर बसली निवासी इसहाक अंसारी, तिफील एक्का, गंदू उरांव, हमदू उरांव, प्रयागो के जगरनाथ महली, हारिल जोलहा टोली के बुदा किस्पोट्टा, बीसहा खटंगा के सिबरे लकड़ा, लोयो के सांची कच्छप समेत मुरकुनी, गोरखों, हारील, कुम्बाटोली, बिसहाखटंगा के लोगों को भी नुकसान हुआ है। क्षति का जायजा लेने के बाद विधायक ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को मुआवजा देने का निर्देश दिया।

# डंक का डर : प्रखंड कार्यालय बना मधुमक्खियों का आशियाना

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड कार्यालय के बिल्डिंग में लगी 11 मधुमक्खियों का छाता प्रखंड कर्मियों सहित आसपास के दुकानदारों कार्यालय आने वाले ग्रामीणों के लिए खतरा बना हुआ है। जो समय-समय पर मधुमक्खी उड़कर लोगों को काट कर घायल करते रहते है। प्रखंड कार्यालय के अगल बगल के दुकानदारों मधुमक्खियों के डंक का डर सता रहा है। बिल्डिंग के छज्जों पर 11 मधुमक्खियों के बड़े-बड़े छत्ते लटक रहे हैं। जमीन से सटे खिड़कियों के नजदीक भी मधुमक्खियों के छत्ते हैं। यहां अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा हर रोज सैकड़ों लोग अपने काम को लेकर पहुंचते हैं। पहली बार प्रखंड कार्यालय पहुंचने वाले ग्रामीण व लोग मधुमक्खियों के छत्ता को देखकर डर जाते हैं। यहां पर दोनों ओर करीब 11 मधुमक्खियों के छत्ता लटक रहा है, जिसमें हजारों की संख्या में मधुमक्खियां है। जो कई बार प्रखंडकर्मियों, ग्रामीणों सहित दुकानदारों पर मधुमक्खियों का हमला हो चुका है। इस दौरान कई कर्मियों को मधुमक्खियों ने काट लिया था। लोगों ने किसी तरह भागकर जान बचाई थी। वही कार्यालय भवन में संचालित कई विभागों की खिड़कियों के ठीक बगल में मधुमक्खियों ने छत्ता लगा रखा है। लेकिन यहां मधुमक्खियों से बचने की कोई व्यवस्था नहीं है। वही दुकानदारों व ग्रामीणों ने प्रखंड प्रशासन से छत्ता को हटाने की मांग की है, ताकि लोग बिना डर के यहां से आना-जाना कर सके।

**बेड़ो थाना में भी डंक का खतरा**

इधर बेड़ो थाना भी मधुमक्खियों के खतरे की जद में है। थाना परिसर में पेड़ों पर बड़े-बड़े छत्ते हैं। इसी के नीचे थानों के भवन हैं। मधुमक्खियों के खतरे की जद में ही प्रतिदिन पुलिस अपना काम निपटाती है। यहां भी आपात स्थिति में मधुमक्खियों के खतरे से निपटने की कोई व्यवस्था नहीं है।

# रथ यात्रा को लेकर तैयारी शुरू



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** इटकी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। नए रथ का निर्माण आधुनिक तरीके से किया जा रहा है। हिंदू जागरण समिति के अध्यक्ष लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव ने बताया की पचास वर्ष बाद नए रथ का निर्माण किया जा रहा है। जिस पर आरूढ़ होकर भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ मौसीबाड़ी प्रस्थान करेंगे। नए रथ को बनाने में साल की लकड़ी का उपयोग किया जा रहा है। वहीं पहिए लोहे की होंगी।

# संजय सेठ के पक्ष में निकाली गई मोटरसाइकिल रैली

खबर मन्त्र संवाददाता



**ठाकुरगांव।** भाजपा मंडल के द्वारा पार्टी प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में गुरुवार को मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। मंडल प्रभारी स्वामी देवेंद्र प्रकाश के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं ने ठाकुरगांव मंडाटांड़ से बाइक रैली निकाली। रैली मोहनपुर, बरौदी, बंसरी, हेसलपिरी, तुरमुली, सुरीद, बाड़े, बेड़वारी, सोबा, नाउज, हिसरी आदि गांवों से होकर गुजरा। मौके पर स्वामी देवेंद्र ने कहा कि राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए भाजपा को सभी सम्प्रदाय व वर्गों का अपार समर्थन मिल रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार व तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भ्रष्टाचार के आरोप में मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री, अधिकारी, कर्मचारी तक जेल की हवा खा रहे है। बाइक रैली में दर्जनों बाइक व चारपहिया वाहन शामिल थे। मौके पर मंडल अध्यक्ष उतपल शाहदेव, जिप सदस्य मनोज वाजपेयी, रामजीत गंझु, पूर्व जिप उपाध्यक्ष पार्वती देवी, रामकुमार दुबे, अमृत महतो, पशुपतिनाथ शाहदेव, अशोक साहु, मनोज कुशवाहा समेत अन्य पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एक नजर में

### जैनेंद्र नर्सिंग कॉलेज में बुद्ध पुर्णिमा कार्यक्रम



**ओरमांझी।** जैनेन्द्र नर्सिंग कॉलेज ओरमांझी में गुरूवार को एक बुद्ध पूर्णिमा को लेकर एक कार्यक्रम आयोजन हुआ। इस अवसर पर कॉलेज के निदेशक प्रियांशु कुमार ने भगवान बुद्ध के तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया और बताया भगवान बुद्ध की जन्म आज के दिन हुआ था और आज के दिन ही उन्हे ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। उन्होने कहा हर परिस्थिति में शांत रहने की प्रेरणा हमें भगवान बुद्ध की जीवनी से लेने की जरूरत है। जीवन में किसी प्रकार का संकट आए फिर भी हमें शांत रहना चाहिए। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित कॉलेज के शिक्षक कंचन कुमारी यादव, स्नेहा कुमारी, नीतीश कुमार सिंह, आंचल मिंज, अमृत कुमार, बिपिन कुमार, सुमित्रा कुमारी, कविता कुमारी, अशामुनी कुमारी, सुषमा तिग्गा, रेणुका लकरा सहित कई छात्र छात्राएं ने भी भगवान बुद्ध की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कए।

### खलारी झामुमो ने इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान



**खलारी।** इंडिया गठबंधन उम्मीदवार रांची लोकसभा प्रत्याशी सुश्री यशस्विनी सहाय को जीतने के लिए झामुमो खलारी प्रखंड ने रांची लोकसभा संसदीय चुनाव के अंतिम दिन खलारी प्रखंड अनिल पासवान के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। प्रखंड के 14 पंचायत तूमांग, मायापुर, हुटॉप, विश्रामपुर, खलारी, बुकबुका, राय, बमने, चुरी पूर्वी, चुरी उतरी, चुरी पश्चिमी, चुरी दक्षिणी, चुरी मध्य, पश्चिमी चुरी, संपर्क अभियान में झामुमो कार्यकताओं ने रांची लोकसभा के युवा शिक्षित कर्मठ तेजस्वी एवं नारी सम्मान दिलाने हेतु योग्य उमीदवार यसस्विनी सहाय जी को भारी मतों से जिताने के लिए मतदाताओं से आग्रह किया। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी यशस्विनी साहय जी को वोट देने का आग्रह किया जनसंपर्क अभियान में खलारी प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान, उपाध्यक्ष इस्लाम अंसारी अधिवक्ता, राजेश प्रसाद, सुभास प्रजापति संयुक्त सचिवचितरंजन सिंह, राजकुमार गंझू, नवीन महतो, सोनी देवी, पूजा देवी, आदि उपस्थित थे।

### मेडिका अस्पताल में हुआ सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय का सफलतापूर्वक ऑपरेशन



**बेड़ो।** बेड़ो के सांसद प्रतिनिधि सह पूर्व उप प्रमुख धनंजय कुमार राय के पथरी में पित्ताशय की बीमारी के लिए उन्हें रांची के श्री महावीर मेडिका सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल बूटी मोड़ में एडमिट किया गया। जहां उनका इलाज प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ अंतरिक्ष कुमार की देखरेख में उनका पहले स्टेज का ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। धनंजय कुमार राय के सफलतापूर्वक ऑपरेशन होने से बेड़ो के ग्रामीणों में हर्ष है। इस दौरान मौके पर मौजूद समाजसेवी लीला मुंडा, राशिद मीर, रवि राणा, सुका उरांव व रामविलास ठाकुर ने डॉक्टर अंतरिक्ष कुमार से धनंजय कुमार राय के ऑपरेशन की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान डॉक्टर अंतरिक्ष कुमार ने बताया कि सफलतापूर्वक पहले ऑपरेशन होने के बाद दूसरे स्टेज का ऑपरेशन बायोप्सी जांच की रिपोर्ट मुंबई से आने के बाद किया जाएगा। फिलहाल उन्हें घर में ही रहकर आराम करने को लेकर छुट्टी दे दी गई है। जानकारी के अनुसार सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय कुछ दिन वे रांची में विश्राम करेंगे। पुनः रिपोर्ट आने के बाद बाकी की प्रक्रिया होगी। इधर बेड़ो बारीडीह समेत कई गांव के ग्रामीणों ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।

# न्यू चंदन वस्त्रालय में शार्ट सर्किट से लगी आग

खबर मन्त्र संवाददाता



**इटकी।** इटकी यूनियन बैंक के समीप न्यू चंदन वस्त्रालय में बुधवार की रात शार्ट सर्किट से आग लग गयी। आग लगने से दुकान का फर्नीचर, कपड़ा, सिलाई मशीन व 40 हजार रुपये नगद सहित करीब 12 लाख 50 हजार रुपये का सामान जलकर राख हो गया। घटना रात करीब पौने ग्यारह बजे की है। आग लगने से अफरा तफरी मच गई। सूचना मिलते ही दुकान मालिक और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। आग की लपटें धीमी होने से चंदन वस्त्रालय के बगल राहुल स्टूडियो और मेहता सीड्स दुकान को बचाया जा सका। सूचना पाकर इटकी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार पुलिसकर्मियों के साथ आग बुझाने का यंत्र लेकर पहुंचे और ग्रामीण अपने घरों से पानी लाकर आग बुझाने में जुट गए। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। दुकान संचालक दिनेश महतो और उनके स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल है। उन्होंने बताया कि करीब 12 लाख 50 हजार रुपये का सामान जलकर राख हो गया। वह बैंक से लोन लेकर दुकान किये थे।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओ के द्वारा घर घर बाटें जा रहें हैं गारंटी कार्ड



**अनगड़ा।** कांग्रेस पार्टी की पांच न्याय और 25 गारंटी कार्ड को कांग्रेस सर्मथको एवं कार्यकताओं के द्वारा घर घर पहुंचाए जा रहे हैं। गारंटी कार्ड में हर साल गरीब महिलाओं के खाते में एक लाख रुपये यानी महीना के 8500 रुपये तथा पढ़े लिखे बेरोजगारों को हूनर सीखने के लिए प्रति साल एक लाख रुपये, किसानों की कर्ज माफी, मनरेगा मजदूरों की मजदूरी 400 रुपये करने इत्यादि गारंटी लोगों को खूब आकर्षित कर रहे हैं। कांग्रेस के उक्त घोषणा पत्र को लेकर मतदाता काफी उत्साहित हैं। गुरुवार को कांग्रेस के सिद्दिक अन्सारी इस्तियाक अन्सरी ने राजाडेरा में तथा बलराम मुन्डा तुरुप गांव में गारंटी कार्ड का वितरण कियें।

## चार दिवसीय अंडर 14 समर कप टी 20 क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न

# कदमा क्रिकेट एकेडमी ने हरमू यूथ को सात विकेट से हराकर विजेता बना

खबर मन्त्र संवाददाता





**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज स्थित राजा बंगलो में आयोजित अंडर 14 समर कप टी 20 क्रिकेट प्रतियोगिता में कदमा क्रिकेट एकेडमी ने हरमू युथ को सात विकेट से हराकर विजेता बना। रोमांच से परिपूर्ण फाइनल मैच में हरमू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 153 रन बनाए। जिसमे रिशु 41 रन और लकी ने 39 रन बनाए। वही कदम की ओर से कप्तान वीर दास ने 4 ओवर में 40 रन देकर 2 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी कदमा टीम के कप्तान वीर दास कि जबर्दस्त बैटिंग के बदौलत 19.3 ओवर में 7 विकेट से मैच जीत लिया। कप्तान वीर दास के हरफनमौला प्रदर्शन के कारण उन्हें मैन ऑफ द मैच एवं मैन ऑफ द सीरीज से सम्मानित किया गया। फाइनल मैच के समापन समारोह में मुख्य अतिथि हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह, कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरन वॉलीबाल के सुप्रशिद्ध खिलाड़ी सह कोच शेखर बोस, झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सहाय, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी सौरभ तिवारी, कोच काजल दास ने सभी चयनित उत्कृष्ट खिलाड़ियों को मेडल देकर पुरस्कृत किया। मौके पर मुख्य अतिथि भोला नाथ सिंह ने कहा कि समयाभाव के कारण हम कहि जा नही पाते है लेकिन आज मैकलुस्कीगंज आकर धन्य हो गए। जीवन की पहली घटना है कि मैं मैदान में बैठकर पूरा मच देखा, क्योकि ये छोटे बच्चों का प्रदर्शन ही इतना लाजवाब था। उन्होंने सभी खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए कहा इन्ही में से कुछ बच्चे तो निश्चित रूप से झारखंड और देश का मान बढ़ाएंगे। उन्होंने रेवुलोशन की सराहना करते हुए कहा उत्कृष्ट आयोजन से ही सही प्रतिभा सामने आती है। जे एस सी ए के अध्यक्ष संजय सहाय ने भी बच्चों के बहरीन प्रदर्शन की सराहना करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना किये। समापन समारोह को शेखर बोस ने भी संबोधित करते हुए सबसे पहले हॉकी इंडिया के महासचिव भोला जी का स्वागत किया, और कहा कि झारखंड सहित पूरे भारत का प्रतिनिधित्व करने करने वाले खेल हस्तियों के मैकलुस्कीगंज में आना एक सुखद अनुभव है। रेवोलुशन के प्रोपराइटर राजीव वर्मा की उन्होंने भूरी भूरी प्रशंशा किये। मौके पर मुख्य रूप से कामेश्वर प्रसाद, जितेंद्र नाथ पांडेय, रामबिलास गोप, सचिन गिरि, चंदर सिंह, अशोक गुप्ता, मनीष वर्मा, संजीव वर्मा, सागर जी सहित बड़ी संख्या में आस पास के गणमान्य लोग मौजूद थे।

**AFFIDAVIT**

I, AINUL ANSARI S/o Hamid Ansari, Resident of Piska Nagri, Kantatoll, Piska, Ranchi, Jharkhand do hereby solemnly affirm and declare as follows:

1. That I am an Indian National by birth.
2. That I am residing at aforesaid address.
3. That a Case No. GR 2720/2018 has been lodged in Itki Police station, and also Case No. GR 1214/2017 has been lodged in Nagri Police station Ranchi against me.
4. That aforesaid contents are true to the best of my knowledge.

Sworm and signed on 13th May 2024 at Ranchi.

# गरीब मुल्कों का हित

दरअसल, मनुष्य की लालच की हद तक मुनाफा कमाने की होड़ ने बीसवीं सदी से ही प्रदूषण का जहर वातावरण में घोलना शुरू कर दिया था। कालांतर यही विकास मानव को विनाश की ओर ले जाने लगा। आज दुनिया का तापमान उस स्तर तक जा पहुंचा है कि ग्लोबल वार्मिंग के रूप में कुदरत के कहर से मानव कराह रहा है। दरअसल, पर्यावरण के मानकों को ताक पर रखकर मुनाफा कमाने के लालच ने लाखों निर्दोष लोगों को प्रदूषण के जरिये मौत के मुंह में धकेल दिया है। ऐसा भी नहीं है कि सिर्फ कारखानों-फैक्ट्रियों से ही प्रदूषण पैदा हुआ है, वाहनों की बढ़ती होड़ भी इसमें बड़ा कारक बना है। संपन्नता के चलते एक घर में तीन-चार कार रखने वालों की भी इसमें भूमिका है। वाहनों का प्रदूषण भी मानव जीवन के लिये एक चुनौती बन गया है। सरकारें हैं कि सार्वजनिक परिवहन की गुणवत्ता सुधारने के लिये गंभीर प्रयास करती नजर नहीं आ रही हैं। प्रदूषण का संकट मानवता के लिये बड़ी चुनौती पैदा कर रहा है और देश व सरकारें गैरजरूरी मुद्दों में उलझी हुई हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध समेत दुनिया के अन्य युद्धों से पैदा होने वाला जहरीले बारूद भी संकट को और बढ़ा रहा है। सरकारों को स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को तरजीह देकर जहरीला धुआं उगलने वाले थर्मल पॉवर प्लांटों के विकल्पों के बारे में सोचना होगा। इससे पहले कि यह संकट और गहरा हो, सरकार व नागरिकों के स्तर पर इसे रोकने की सार्थक पहल हो। पर्यावरण संरक्षण पर प्रत्येक वर्ष होने वाले धनी देशों के सम्मेलन के आयोजन के बजाय गरीब मुल्कों की मदद के विकल्प पर ध्यान देना होगा। गरीब मुल्कों की समस्या यह है कि प्रदूषण से पहले उनकी प्राथमिकता अपने लोगों के पेट भरने की है। फिर भी सभी देशों को पर्यावरण के अनुकूल रोजगार के स्त्रोत तलाशने होंगे।

# अन्याय की खिलाफत

एक अरबपति व्यक्ति के पुत्र ने पूणे शहर में शराब के नशे में दो युवा इंजीनियरों को रौंदने के बाद जिस तरह आनन-फानन में जमानत हासिल की, उस घटना ने लोगों को गुस्सा से भर दिया। दुस्साहस देखिये कि दो करोड़ रुपये से अधिक महंगी विदेशी कार को सड़क पर यह किशोर दो सौ किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ा रहा था। उस धनी बाप के नशेड़ी बेटे को पुणे की सड़कों में रोकने वाला कोई नहीं था। उसने कई जगह दोस्तों के साथ शराब पार्टियां निबटाने के बाद अपनी पोर्श कार को इतनी अनियंत्रित गति से दौड़ाया कि मोटरसाइकिल सवार दो इंजीनियरों को मौत की नींद सुला दिया। इस मामले में सोशल मीडिया पर आक्रोश का लावा तब फूटा जब 17 साल कुछ महीनों की उम्र वाले अभियुक्त को किशोर होने के नाते कुछ ही घंटों में जमानत दे दी गई। दो परिवारों के उम्मीदों के चिराग बुझ गए और किशोर न्यायालय ने अभियुक्त को कुछ निर्देश देकर ही छोड़ दिया । सोशल मीडिया पर यह विषय रोष का विषय बना रहा है कि किशोर न्याय बोर्ड ने जमानत देते वक्त उसे महज दुर्घटना पर निबंध लिखने, 15 दिन तक ट्रैफिक पुलिस के साथ काम करने तथा मनोचिकित्सक से शराब की लत का इलाज कराने को कहा। इन शर्तों को सुनकर सोशल मीडिया पर गंभीर अपराधों में लिप्त किशोरों को वयस्कों की तरह दंड देने की मांग तेज हुई। फिर जब इस मामले में राजनीतिक प्रतिक्रिया तेज हुई तो अभियुक्त किशोर के अरबपति बिल्डर पिता और नाबालिगों को शराब परोसने वाले होटल के कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया। सामाजिक जागरूकता की पहल रंग लायी और चुनावी माहौल में तुरत-फुरत कार्रवाई हुई। मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री की सख्त कार्रवाई के निर्देश से लोगों में सकारात्मक संदेश गया। कानून से खेलना संपन्न जनों की आदत पर जनता का आक्रोष भारी पड़ा।


# ममता का व्यवहार उनकी हार का संकेत तो नहीं

पश्चिम बंगाल की ममता सरकार ने जिस तरह से न्यायालय के निर्णय पर उंगली उठाई है, आज उससे तो यही लग रहा है कि अपनी सुविधा और राजनीतिक वोट बैंक के स्वार्थ के लिए भारतीय संविधान की जितनी अवमानना की जा सकती है, वह की जाती रहेगी, लेकिन सामनेवाले को घेरने के लिए उसी संविधान की आड़ भी ली जाती रहेगी । इस घटना से साफ हो गया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो चुनावी रैलियों में इंडी गठबंधन के सत्ता में आते ही एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण को मुसलमानों को दे देनी की बात कह रहे हैं, वह सच ही है !

अब आप न्यायालय द्वारा इस निर्णय को देखिए, कलकत्ता हाई कोर्ट ने 22 मई को पश्चिम बंगाल में 2010 के बाद जारी ओबीसी सर्टिफिकेट रद्द करने का आदेश दिया है। जस्टिस तपोब्रत चक्रवर्ती और राजशेखर मंथर की बेंच ने कहा कि 2011 से प्रशासन ने किसी नियम का पालन किए बगैर ओबीसी सर्टिफिकेट जारी कर दिए गए । इस तरह से ओबीसी सर्टिफिकेट देना असंवैधानिक है। इसलिए इन सभी सर्टिफिकेट को कैंसिल कर दिया गया है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि पश्चिम बंगाल पिछड़ा वर्ग आयोग अधिनियम 1993 के आधार पर ओबीसी की नई सूची पश्चिम बंगाल पिछड़ा वर्ग आयोग तैयार करेगी।

तपोब्रत चक्रवर्ती की बेंच ने कहा, 'ओबीसी किसे माना जाएगा, इसका फैसला विधानसभा करेगी। बंगाल पिछड़ा वर्ग कल्याण को इसकी सूची तैयार करनी होगी। राज्य सरकार उस लिस्ट को विधानसभा में पेश करेगी।' हाई कोर्ट के फैसले के तुरंत बार बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने साफ और ऊंची आवाज में कहा है कि वे हाई कोर्ट के आदेश को नहीं मानेंगी। एक रैली में ममता ने कहा कि जरा इन लोगों की हिम्मत तो देखिए। ये हमारे देश का एक कलंकित अध्याय है। वस्तुतः ममता सरकार के ओबीसी आरक्षण देने के फैसले के खिलाफ 2011 में जनहित याचिका दाखिल की गई थी। इसमें दावा किया गया कि 2010 के बाद दिए गए सभी ओबीसी सर्टिफिकेट 1993 के पश्चिम बंगाल पिछड़ा वर्ग आयोग अधिनियम को दरकिनार कर दिए गए। याचिका में ये भी कहा गया कि जो लोग





-डॉ मयंक

> पिछले साल राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) के अध्यक्ष हंसराज अहीर ने पश्चिम बंगाल सरकार पर गंभीर आरोप लगाए थे । उन्होंने कहा कि बंगाल की ओबीसी सूची में बांग्लादेशी प्रवासियों और कुछ रोहिंग्याओं को शामिल किए जाने की भी शिकायतें मिली हैं। बंगाल राज्य सूची में 179 ओबीसी समूहों में से 118 मुस्लिम समुदाय के हैं। एनसीबीसी मामले की जांच कर रहा है और राज्य से समस्या का समाधान करने को कहा है।

वास्तव में पिछड़े वर्ग से थे, उन्हें उनके सही सर्टिफिकेट नहीं दिए गए। अब 13 साल बाद फैसला आया है, जिस पर भी आप अंदाजा लगा सकते हैं कि हर साल कितने लाख लोग गैर संविधानिक तरीके से आरक्षण का लाभ ममता राज में उठा चुके हैं, जिसमें कि अधिकांश एक विशेष वर्ग इस्लाम को माननेवाले मुसलमान हैं।

इस पूरे प्रकरण में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की प्रतिक्रिया भी सामने आई है, उन्होंने साफ कहा है कि यह पूरा मामला मुस्लिम जातियों को ओबीसी में शामिल करने का है, ममता बनर्जी ओबीसी आरक्षण खत्म करना चाहती थीं। मुसलमानों को ओबीसी में शामिल किया गया । एससी, एसटी और पिछड़ों का आरक्षण छीनकर यह मुस्लिमों को देना चाहते हैं लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे। शाह कहते हैं, ममता बनर्जी सर्वे कराए बिना 118 मुसलमानों को आरक्षण दिया। अब कोई कोर्ट चला गया तो अदालत ने मामले पर संज्ञान लेते हुए 2010 से 2024 के बीच दिए सभी ओबीसी सर्टिफिकेट रद्द कर दिए । अब ममता बनर्जी कह रही हैं कि वो कोर्ट के आदेश का पालन नहीं करेंगीं । मैं जनता से पूछना चाहता हूं कि क्या कोई ऐसा मुख्यमंत्री होगा जो कहेगा कि वो कोर्ट के आदेश का पालन नहीं करेगा। मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं।₹

पिछले साल राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) के अध्यक्ष हंसराज अहीर ने पश्चिम बंगाल सरकार पर गंभीर आरोप लगाए थे । उन्होंने कहा कि बंगाल की ओबीसी सूची में बांग्लादेशी प्रवासियों और कुछ रोहिंग्याओं को शामिल किए जाने की भी शिकायतें मिली हैं। बंगाल राज्य सूची में 179 ओबीसी समूहों में से 118 मुस्लिम समुदाय के हैं। एनसीबीसी मामले की जांच कर रहा है और राज्य से समस्या का समाधान करने को कहा है। एनसीबीसी प्रमुख हंसराज अहीर का कहना है कि इतनी सारी मुस्लिम जातियों को ओबीसी का दर्जा देने के पीछे तुष्टिकरण की राजनीति है। बंगाल में ओबीसी समुदायों को श्रेणी ए और बी में विभाजित किया गया है। श्रेणी ए में अधिक संख्या में पिछड़ी जातियां सूचीबद्ध हैं, जिनमें से 90 प्रतिशत मुस्लिम जातियां हैं। उन्होंने दावा किया कि श्रेणी बी में, जिसका लाभ कम है उसमें 54 प्रतिशत हिंदू जातियां हैं। अहीर बोले कि मेडिकल कॉलेजों में श्रेणी ए के तहत 91.5 प्रतिशत मुस्लिम और 8.5 प्रतिशत हिंदू पाए गए।

कहना होगा कि 2011 में पश्चिम बंगाल की सत्ता में आने के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुस्लिमों को अधिक से अधिक फायदा पहुंचाने के लिए उनकी कई जातियों को ओबीसी की लिस्ट में जोड़ा। इसका परिणाम यह हुआ कि राज्य की नौकरी या अन्य सरकारी योजनाओं में आरक्षण का 90 प्रतिशत से अधिक फायदा मुस्लिमों को मिला है। इसको लेकर ओबीसी आयोग ने सरकार पर सवाल भी उठाए। सरकार के संचालित सांस्कृतिक शोध संस्थान की एक रिपोर्ट में भी बताया गया है कि भारत आए बांग्लादेशी मुसलमानों को भी ओबीसी सूची में शामिल कर लिया गया। बंगाल की तरह ही आरक्षण का विवाद आज तेलंगाना, तमिलनाडु केरल, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक से भी जुड़ा है।

यानी कुल निष्कर्ष यही है कि इंडी गठबंधन यदि केंद्र की सत्ता में आ गया तो पूरे देश में यह नई व्यवस्था लागू हो जाएगी, जिसमें अजा, जनजा और पिछड़े वर्ग का आरक्षण बहुत अधिक हद तक पश्चिम बंगाल की ममता सरकार की तरह ही अन्य सभी राज्यों में मुसलमानों को दे दिया जाएगा। अब विचार आपको करना है (आम नागरिक) देश के लिए क्या सही है और क्या गलत।

## खास बात

# योग को आत्मसात करें

**स्वामी मुक्तरथ**

महर्षि पतंजलि को आधुनिक योग के पिता के रूप में जाना जाता है। हालाँकि उन्होंने योग का आविष्कार नहीं किया क्योंकि यह पहले से ही विभिन्न रूपों में था। उन्होंने इसे प्रणाली में आत्मसात कर दिया। उन्होंने देखा कि किसी को भी अर्थपूर्ण तरीके से समझने के लिए यह काफी जटिल हो रहा है। इसलिए उन्होंने आत्मसात किया और सभी पहलुओं को एक निश्चित प्रारूप में शामिल किया जिसे योग सूत्र कहते हैं।

आसन या योग पदों के अभ्यास में सांस की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। सांस हमारे कार्यों के आधार पर एक महत्वपूर्ण बल है और ऑक्सीजन परिवर्तन हमारे शरीर की आवश्यकता है। अगर हम व्यायाम करते हैं तो हमें अधिक ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है इसलिए हम साँस तेजी से लेते है और अगर हम आराम करते हैं तो हम साँस आराम से लेते हैं। योग में धीमी गति से आसन करते समय पूरा ध्यान सांस पर एकीकृत करना होता है। योग अभ्यास आराम से साँस लेने और साँस छोड़ने को बढ़ावा देता है।

योग को आसान तक सीमित होने की वजह से आंशिक रूप से ही समझा जाता है, लेकिन लोगों को शरीर, मन और सांस को एकजुट करने में योग के लाभों का एहसास नहीं है। किसी भी आयु वर्ग और किसी भी शरीर के आकार के व्यक्ति द्वारा योग का चयन और इसका अभ्यास किया जा सकता है। यह किसी के लिए भी शुरू करना संभव है। आकार और फिटनेस स्तर से कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि योग में विभिन्न लोगों के अनुसार प्रत्येक आसन के लिए संशोधन मौजूद हैं।

योग आसन हमेशा योग संस्कृति में एक महत्वपूर्ण चर्चा रही है। विदेशों में स्थित कुछ योग स्कूलों में योग मुद्राओं को खड़े रहने, बैठने, पीठ के बल लेटने और पेट के बल लेटने के रूप में वर्गीकृत किया गया है लेकिन योग के वास्तविक और पारंपरिक वर्गीकरण में कर्म योग, ज्ञान योग, भक्ति योग और क्रिया योग सहित चार मुख्य योग शामिल हैं।

# स्वांस ही जीवन

## धर्म-प्रवाह

**साध्वी मनीषा**

**तुम** स्वांस नहीं ले रहे हो बल्कि यह स्वांस तुम्हें ले रही है। तुम इस संसार में जी रहे हो, ऐसा नहीं है बल्कि संसार तुम में जी रहा है। तुम जीवित हो यह बात ही असत्य है बल्कि हृदय में परमात्मा जीवित है और वही तुममें स्वांस ले रहा है। मतलब स्वांस ही तुम्हारा जीवन है। इसलिये स्वांसों के भीतर की शक्ति को पहचानने पर जोर दिया जाता है। पूर्ण गुरु एक दीये की भांति होते हैं। अगर कोई बुद्धि की मानकर हृदय की तरफ नहीं जाता तो भी हृदय किसी ओर के लिए धड़कता है और धड़कता रहेगा। इसलिए कर्ता के भाव को त्याग कर निमित्त का भाव अपना लो और अहंकार को मिटा दो क्योंकि कर्ता तुम कहां हो और न ही ये स्वांस तुम्हारी है। श्री कृष्ण जी भी गीता में अर्जुन से यही कहते हैं कि तू निमित्त मात्र हो जाओ और कर्ता भाव त्याग दो। ये जितने भी सामने खड़े योद्धा हैं मुर्दे की तरह खड़े हैं और इनका मरना निश्चित है। तू सिर्फ निमित्त है। जब मन पूर्ण शांत होता है तो स्वांस बहुत धीमी चलती है और जब हम गुस्सा या नकारात्मक मनोभाव में होते हैं तो स्वांस की गति तेज होती है। स्वांस में एक लयबद्धता होती है। स्वांस के आने-जाने के मध्य एक क्षणिक ठहराव आता है। इस क्षणिक ठहराव की पहचान कर ली जाए तो स्वयं के बोध से हृदय परम शांति से तृप्त हो जाता है। क्रियाओं के अभ्यास से जब मन स्वांसों के साथ एकाकार होता है तो चित्त हृदय की तरफ उन्मुख हो जाता है और तब ऐसा अनुभव होता है जैसे स्वांस का आना-जाना भी रुक गया है।

**आपके** द्वारा अभिव्यक्त मन वचन और कर्म के फल प्रकृति द्वारा पुनः प्राप्त होते हैं । ब्रह्मांड में भेजा गया कोई भी विचार या कर्म कई गुणा होकर वापस आता है - अच्छा और बुरा।आप एक बीज बोते हैं और प्रकृति हजारों वापस देती है।अतः शुभ कर्म करते रहें ।

– स्वामी अवधेशानंद गिरी

## रोचक ट्वीट

**आप** सभी को बुद्ध पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं।

भगवान बुद्ध का सत्य, अहिंसा व शांति का संदेश सम्पूर्ण मानव जाति के कल्याण के लिए एक अमूल्य धरोहर है।

– चंपई सोरेन, सीएम





**जैसी** बातें प्रधानमंत्री आजकल कर रहे हैं, वैसी बातें कोई आम व्यक्ति करे तो आप उसे सीधा मनोचिकित्सक के पास लेकर जाएंगे।

– राहुल गांधी सांसद

# नकली खाद पदार्थों का प्रचलन, उभरती त्रासदी जैसा

## समस्या

**डॉ. रमेश ठाकुर**

नकली वस्तुओं का व्यापार और बिक्री एक वैश्विक समस्या बनकर उभरी है। खाद्य सुरक्षा मानकों और उनके विनियमों का अनुपालन कंपनियां नहीं कर कायदे-कानूनों को ठेंगा दिखाने लगी हैं। शिकायतकताओं पर कंपनी वाले हमलावर होते हैं। समझने की जरूरत है कि आखिर ऐसा हो क्यों रहा है? दरअसल, इसके पीछे एक खास वजह है। वजह के किरदार हैं दो धड़े। अव्वल, ठेकेदार और दूसरे कांट्रेक्टर? ठेकेदार के रूप में वह संस्था जो इन पर अंकुश लगाने का नाटक करती है और कांट्रेक्टर सरकारी मशीनरी जो राजस्व के नाम पर मोटा माल वसूल कर अपनी आंखों पर पट्टी बांध लेती हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण दोनों अगर कमर कस लें, तो किसी कंपनी की हिम्मत नही, जो खाद पदर्थों में गड़बड़ी भी कर सकें।


गौरतलब है, नकली और पायरेटेड ब्रांड की बाढ़ ने भूमिगत व्यापार बनाकर वैश्विक अर्थव्यवस्था को पूरी तरह प्रभावित किया हुआ है। डुप्लीकेट मसालों का मसला अगर सार्वजनिक नहीं हुआ होता, तो ये मुद्दा चचाओं में आता ही नहीं? ऐसा प्रतीत होता है जैसे भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण पूरी तरह से निष्क्रिय हो गया है। समय-समय पर होने वाली छापेमारी, मॉनेटरिंग, धरपकड़ और शिकायतों की तत्काल प्रभाव से जांच करवाना, अब नहीं होता। एक बार लाइसेंस वितरण करने के बाद फाइल को धूल चाटने के अलमारी में दबा दिया जाता है। जब रिन्यूवल का समय आता है तभी कुंभकर्णी नींद खुलती है, क्योंकि उस वक्त फिर से फीस लेनी होती है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण और कंपनियों के बीच सीधी सांठगांठ रहती है। शिकायतें ऊपर तक नहीं पहुंची, बीच में ही मैनेज कर ली जाती है। ऐसी स्थिति में कंपनियां लोगों के जीवन से खिलवाड़ नहीं करेंगी तो क्या करेंगी?

प्राधिकरण और कंपनियों के बीच दोस्ती के चलते ही मैगी खाने से बच्चे बीमार पड़े, मसालों से पेट खराब हुआ, कोल्ड ड्रिंक पीने से पेट की आते सूज गई जैसी खबरें मीडिया में दिनोंदिन बढ़ रही हैं। कंपनियां जबसे बेलमाग हुई हैं तभी से खाद् पदार्थों में नक्कालों ने बिना डरे कब्जा कर लिया है। नकली प्लास्टिक चावल, गधे-घोड़े की लीद से जीरा बनाना अब आम बात है। दरअसल, इस तरह की खबरें लोगों को तभी पता चली हैं, जब ये गोरखधंधे कहीं न कहीं पकड़े गए। मेरठ में पिछले साल नकली जीरा बनाने वाला कारखाना पकड़ा गया था। दिल्ली के बुराड़ी में भी ऐसा ही एक कारखाना पुलिस ने पकड़ा था।

जाली सामानों के सबसे हानिकारक रूपों में नकली दवाइयां प्रमुख हैं, जिनकी बिक्री अकेले एशिया से दक्षिण-पूर्व एशिया और अफ्रीका तक लगभग 1.6 बिलियन डॉलर प्रति वर्ष है। दवाओं में मलेरिया की दवा में सबसे ज्यादा फजीर्वाड़ा होता है। मलेरिया की एक तिहाई दवाएं नकली होती है। 2008 में विश्व स्तर पर पकड़ी गईं लगभग दो-तिहाई नकली दवाइयों को पूर्वी एशिया में भेजने का मामला भी खूब गमार्या था। अब कंपनियां नकली माल के अलावा धड़ल्ले से उत्पादों की कीमतें भी बढ़ाती हैं क्योंकि कंपनियां संगठित आपराधिक गतिविधियों का मुकाबला करने के लिए सुरक्षा प्रणालियां बढ़ाती हैं और अनुसंधान और विकास में अधिक निवेश करती हैं। कुल मिलाकर हर परिस्थितियों से वो निपटना जान चुकी हैं। ऐसे में आमजन को ही सतर्क होना होगा, ब्रांडों की सत्यता-वास्तविकता खुद से परखनी होगी।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## कॉटून वर्ल्ड




### सही नीति आवश्यक

**जाहिर है,** अगर रोजी-रोजगार और आय में बढ़ोतरी के मद्देनजर सरकार की ओर से जल्दी ही कोई ठोस पहलकदमी नहीं हुई तो इसका असर वित्तीय और मौद्रिक नीतियों पर भी पड़ेगा, क्योंकि सरकार इससे संबंधित फैसले थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई दर के हिसाब से भी करती है। आज जिस प्रकार से महंगाई है इसका दूरगामी प्रभाव आर्थिक स्थिति पर पड़ेंगा। **–शिवशंकर सिंह, रांची**

### राहुल से उम्मीद

**आजादी** से लेकर आज तक कांग्रेस नेहरू गांधी परिवार की बपौती रही है। एक-दो बार छोड़कर कोई राजनेता इसको चैलेंज नहीं कर सका; यदि किसी ने हिम्मत भी की तो कांग्रेस का ही विभाजन हो गया, परन्तु फिर भी यह गांधी परिवार की ही सम्पदा बनी रही। अबकी बार फिर कोशिश हुई परन्तु उन्हीं के पर काट दिए गए।

**– सुनील सिन्हा, हजारीबाग**

# पेट्रोलियम पदार्थ की कीमत कम होने से कम होगी महंगाई

## आर्थिक

**एनके मुरलीधर**

अबकी बार 400 पार के नारे के साथ केन्द्र की सरकार का चुनावी मुहिम अगंभीर मुद्दों के आसपास चल रहा है। लेकिन समस्या बढ़ती जा रही है इसमें कोई संदेह नहीं है। दो कोरोना के अटैक और सरकारों के रोजगार के क्षेत्र में मंदी के साथ ही निजी क्षेत्र में भी आंशिक विकास से स्थिति लगातार बुरी होती जा रही है। इन सब के बीच पेट्रोलियम से कमाने के लिये सरकार पूरी कमर कसे हुए है। यह सही है कि केंद्र के अलावा राजस्थान, केरल और ओडिशा और महाराष्ट्र ने पेट्रोल और डीजल पर अपना मूल्य संवर्धित कर (वैट) कम किया है। राजस्थान ने पेट्रोल पर 2.48 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 1.16 रुपये प्रति लीटर वैट कम किया है। केरल ने पेट्रोल पर 2.41 रुपये और डीजल पर 1.36 रुपये प्रति लीटर वैट कम किया है, जबकि ओडिशा ने क्रमशः 2.23 रुपये और 1.36 रुपये कीकटौती की है। महाराष्ट्र ने पेट्रोल पर वैट 2.08 रुपये और डीजल पर 1.44 रुपये प्रति लीटर घटाया है।

इसका इन तीन राज्यों में मुद्रास्फीति पर अतिरिक्त असर होगा। हालांकि पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने राज्यों की कमजोर वित्तीय स्थिति का मामला उठाया है। उन्होंने कहा, 'राज्यों को पेट्रोल और डीजल पर शुल्कों की हिस्सेदारी के जरिये बहुत कम राजस्व मिल रहा है। उन्हें पेट्रोल और डीजल से राजस्व प्राप्त होता है। अगर केंद्र उन्हें कोष में ज्यादा हिस्सेदारी या अनुदान नहीं देता है तो क्या वे उस राजस्व को छोड़ने की स्थिति में हैं। यह स्थिति आगे कुआं पीछे खाई जैसी है।'

विशेषज्ञों ने कहा कि इसके अलावा इस कटौती का ऑटो, बस और टैक्सी किराये पर भी असर पड़ेगा। इससे खाद्य एवं अन्य उत्पादों पर परोक्ष असर होगा क्योंकि परिवहन लागत कम हो जाएगी।

इंडियन फाउंडेशन ऑफ ट्रांसपोर्ट रिसर्च ऐंड ट्रेनिंग के मुताबिक डीजल की कीमतों में 5.70 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी होने से मार्च के चार सप्ताह में ट्रकों का मालभाड़ा 4 से 5 फीसदी बढ़ा था। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि अब उनका अनुमान है कि वित्त वर्ष 2022-23 में औसत मुद्रास्फीति 5.6 से 6.1 फीसदी रहेगी, जबकि पहले उनका अनुमान 6 से 6.5 फीसदी था।

आपूर्ति की चिंताएं दूर होने से बेंचमार्क वैश्विक तेल की कीमतें कम हुई हैं। लेकिन अब भी ब्रेंट और वेस्ट टैक्सस इंटरमीडियट की कीमतें करीब 109 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बनी हुई हैं। यह माना जा रहा है कि वित्त मंत्रालय को बजट से अधिक खाद्य एवं उर्वरक सब्सिडी आवंटन की वजह से वित्त वर्ष 2023 का राजकोषीय गणित पहले ही गड़बड़ाने के आसार नजर आ रहे थे। ऐसे में वे उत्पाद शुल्क में इतनी बड़ी कटौती के पक्ष में नहीं थे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि उत्पाद शुल्क में कटौती से खजाने को हर साल 1 लाख करोड़ रुपये का नुकसान होगा।

केंद्र के उत्पाद शुल्क में और राज्यों के वैट में कटौती करने का मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में बहुत ज्यादा असर नहीं होगा। केंद्र गेहूं, दालों, खाद्य तेलों और कपास समेत विभिन्न उत्पादों की आपूर्ति की अड़चनों को दूर करने के उपाय कर रहा है ताकि उन्हें जनता के लिए सस्ता बनाया जा सके। महाराष्ट्र में प्याज तीन रुपये किलो बिक रहा था लेकिन वही प्याज बिहार-झारखंड में 25 रुपये किलो था। ऐसा इसलिये क्योंकि पेट्रोलियम मूल्य से ढुलाई अधिक लग रही थी। इससे खपत भी कम थी और किसान भी परेशान थे। पूरे देश में सबसे अधिक खाद्य सामग्री और सब्जियों का परिवहन होता है। इसकी लागत कम होने से इनकी कीमत भी कम हो सकेगी। सरकार को जो आय लगभग चार लाख करोड़ प्रतिवर्ष होती है उसे अन्य आय के श्रोतों से पूरा कियाजा सकता है लेकिन इससे कम आय वाले सौ करोड़ भारतीय की जेब कट रही है वे कराह रहें हैं और चुनाव में अटपटे से लगने वाले मुद्दों पर चुप है। उनकी निराशा भारतीय लोकतंत्र के लिये खतरनाक तो हैं ही देश के आर्थिक विकास के लिये खतरे की घंटी है।

स्पीड न्यूज

## भगवान बुद्ध की जयंती मनी



**रजरप्पा।** प्रेम और अहिंसा का संदेश देने वाले भगवान बुद्ध की 2586वीं जयंती गुरुवार को बड़कीपोना स्थित लोहिया भवन में दी छोटानागपुर डेवलपमेंट एन्ड वेलफेयर सोसाईटी ने मनाया। लोगों ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उनके शांति के बताए रास्ते को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। मुखिया अरविन्द कुमार सिंह ने कहा कि भगवान बुद्ध का अंतिम और अमर संदेश अप्पो दीपों भव था। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति खुद भीतर से शांत हो जाता है। वह सृष्टि में शांतिपूर्ण तरंगें फैलाता है। बौद्ध भगवान के लिए सभी एक समान है उन्होंने जात-पात के भेदभाव को मिटाकर संसार को एक सूत्र में बांधा है। मौके पर सोसाईटी के अध्यक्ष दुर्गाचरण प्रसाद, पूर्व पंसस मुकेश प्रसाद सहित मनोज पासवान, सुरेंद्र मुंडा, मंजू देवी, नमिता देवी, शोभा मुंडा, जितेंद्र सिंह, सत्येंद्र पासवान, केदार पासवान आदि मौजूद थे।

## दो बाइक में टक्कर, युवक गंभीर



**कुजू।** ओपी क्षेत्र के श्रीराम चौक में गुरुवार को दो बाइक के बीच जोरदार टक्कर हुआ, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि मुरपा नावाडीह टोला निवासी दिनेश महतो का पुत्र टेकलाल महतो अपने निजी काम से कुजू कोलियरी से कुजू चौक जा रहा था। इसी बीच श्रीराम चौक के पास सड़क पार करने के क्रम में हजारीबाग की ओर से आ रहे एक अज्ञात बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर से टेकलाल महतो का दाहिना पैर पूरी तरह टूट गया। बाद में घायल युवक को इलाज के ग्रामीणों की मदद से अस्पताल भेजा गया।

## कराटे ब्लैक बेल्ट टेस्ट ट्रेनिंग शुरू



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** महात्मा गांधी उच्च विद्यालय में मार्शल आर्ट सितोरियू कराटे डो फेडरेशन ऑफ भुरकुंडा शाखा के तत्वावधान में 22 मई से चल रहे पांच दिवसीय डोजो कराटे प्रतियोगिता सह ब्लैक बेल्ट टेस्ट ट्रेनिंग के दूसरे दिन गुरूवार को कराटेकारों को स्पेशल टेनिंग दिया गया। प्रशिक्षक सेंसाई कंचन दास ब्लैक बेल्ट द्वितीय डान ने बताया कि 26 मई को ब्लैक बेल्ट टेस्ट ट्रेनिंग के समापन समारोह में कई गणमान्य लोग शामिल होंगे। सफल प्रतिभागियों को मेडल, ट्रॉफी व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। दास ने बताया कि पांच दिवसीय शिविर के तहत कराटेकारों को काता, कुमिते, एडवांस काता, फाईट, पंचिंग, रेफरी टाइमिंग का विधिवत टेक्निक ट्रेनिंग दिया जा रहा है। फाइनल में सितोरियू कराटे के सचिन, राकेश कुमार एक्का मुख्य प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहेंगे।

## सीपीसीबी 4$ डीजल जेनसेट लॉन्च



**रामगढ़।** जीओईएम शारदा डीजल प्राइवेट लिमिटेड ने गुरूवार को झंडा चौक स्थित मनोहर रेजीडेंसी में सीपीसीबी 4$ डीजल जेनसेट लॉन्च किया। जीएम सेल्स मनोज कुमार ने बताया कि पोवरोल की तरफ से प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देश पर इक्यूपमेंट में बदलाव करते हुए इलेक्ट्रॉनिक इंजन युक्त सीपीसीबी 4$ डीजल जेनसेट लॉन्च किया जा रहा है। यह सेट 10 केबी से लेकर 320 केबी तक में उपलब्ध है। मौके पर जेबी इंटरप्राइजेज रामगढ़ के अनूप कुमार, एरिया मैनेजर अखिलेश कात्यान, सुशील कुमार आदि मौजूद थे।

## श्रीश्री आनंद मुरति का जन्मदिन मना



भुरकुंडा (रामगढ़)। आनन्द मार्ग प्रचारक संघ रामगढ़ जिला के तत्वावधान में जागृति भवन में गुरूवार को श्रीश्री आनंद मुरति प्रभात रंजन सरकार का जन्म दिन मना। कार्यक्रम की शुरूआत श्रीश्री आनंद मुरति प्रभात रंजन सरकार के तस्वीर के समक्ष पूजा-अर्चना कर की गई। इसके बाद अखंड पाठ, शांति पाठ सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ उर्मिला देवी, प्रतिमा सिंह, मंजू चौधरी, अनीता शर्मा, शकुंतला देवी, अरुण सिंह, प्रदीप प्रसाद, शत्रुघ्न प्रसाद, सुनील मेहता, रामचंद्र प्रसाद, तपेंद्र कुशवाहा, सहित दर्जनों लोगों का योगदान रहा। इधर आनन्द मार्ग प्रचारक संघ रामगढ़ द्वारा रांची रोड स्थित सुनिल अग्रवाल के निवास पर भी श्रीश्री आनंद मुरति प्रभात रंजन सरकार का जन्मदिन पूरे धूमधाम से मनाया गया। साथ ही छह घंटे का अखंड कीर्तन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कृष्ण शर्मा, भोला प्रसाद चौधरी, सुरेश कुशवाहा, लक्ष्मण, अमर, अनिता अग्रवाल, कृष्ण पाठक, ववित पाठक, बिनोद, रामेश्वर राणा, खुशचंद, मंजु देवी, सुनिल कुमार का योगदान रहा।

# एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन में काम ठप

## मीना देवी के साथ मारपीट के विरोध में धरना पर बैठे महिला-पुरूष

खबर मन्त्र संवाददाता



**केरेडारी।** एनटीपीसी के केरेडारी कोल माइंस में 22 मई को मुआवजा विस्थापन पुनर्वास की मांग कर रहे विस्थापित भू रैयत मीना देवी पति अमरेश प्रजापति के साथ मार पीट कर घायल कर देने के घटना के विरोध में केडी माइंस के विस्थापित प्रभावित महिला पुरुष भू रैयतों द्वारा 22 मई से ही कोल माइंस का कोयला खनन कोयला परिवहन समेत अन्य काम काज को ठप करा दिया गया। लोग माइंस क्षेत्र में हीं पीड़ित महिला मीना देवी को ग्रामीण स्तर से इलाजरत अवस्था में रखकर धरना पर बैठ गए। साथ हीं घटना की जांच पड़ताल करते हुए न्याय की मांग कर रहे हैं। घटना के दूसरे दिन पांडू मुखिया सकिबा खातून भूत पूर्व मुखिया रब्बानी मियां पूर्व मुखिया राकेश रंजन दुबे केरेडारी भाजपा मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव भाजपा युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष शेर सिंह उर्फ सुनील राज सिंह भाजपा नेता बालगोविंद सोनी समाजसेवी संजय दुबे वरिष्ठ कांग्रेसी रामकुमार दुबे समेत अन्य ने धरना स्थल पर पहुंच कर घटना की गंभीरता पूर्वक जायजा लिया।

मुखिया सकीबा खातून ने कहा कि मीना देवी के साथ घटना निंदनीय है। एनटीपीसी प्रबंधन को भू रैयतों के साथ मिल बैठकर शांति पूर्ण माहौल में बातचीत कर समस्या का हल निकलना चाहिए ना कि एक महिला के साथ मारपीट कर डरना धमकाना चाहिए।

उक्त घटना में एनटीपीसी केडी प्रबंधन के द्वारा मारपीट करने के साथ झूठा मुकदमा भी दर्ज किया गया है जिसको वापस लेना चाहिए। इस तरह की घटना अशोभनीय है। केरेडारी भाजपा मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव ने कहा कि एनटीपीसी के कर्मियों द्वारा मीना देवी के साथ मारपीट कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाजपा के हजारीबाग लोक सभा सांसद प्रत्यासी मनीष जायसवाल को मिलने पर उन्होंने ने घटना की जानकारी लेने के लिए पीड़ित रैयतों के पास भेजें है।28 मई को सांसद प्रत्यासी का घटना को लेकर केरेडारी पांडू आगमन हो रहा है। घटना की जानकारी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष समेत अन्य को दी जाएगी। अचार सहित समाप्त होने पर गंभीरता पूर्वक विचार किया जाएगा।

घटना का कड़ा विरोध करते हुए पाण्डु पंचायत के पूर्व मुखिया राकेश रंजन दुबे ने कहा कि एक महिला के साथ इस तरह की घटना अशोभनीय है। जिसका मैं विरोध करता हूं और भू रैयतों के साथ हूं।

वरिष्ठ कांग्रेसी रामकुमार दुबे नेता ने कहा कि माइंस अभी शुरूआती चरण में है और कंपनी कर्मियों का ऐसा विभत्स चेहरा सामने आ रहा। आने वाले समय में क्या से क्या होगा जिसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है। समाजसेवी संजय दुबे भाजपा युवा मोर्चा सुनील राज सिंह भूतपूर्व मुखिया रब्बानी मियां समेत अन्य बुद्धिजीवियों ने घटना की जांच जिला प्रशासन से की है। समाचार लिखे जाने तक विस्थापित प्रभावित महिला-पुरुष भू-रैयत बड़ी संख्या में धरना पर बैठे हुए थे।

# भगवान बुद्ध की तरह अपनी चिंतनशक्ति बढ़ायें : कुलपति

**गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज हजारीबाग में मनी बुद्ध की जयंती**

**बुद्ध का शुद्ध संदेश पूरी दुनिया की डिप्लोमेसी : डॉ सुनील कुमार दूबे**

खबर मन्त्र संवाददाता




**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग में गुरुवार को बुद्ध जयंती सह कॉलेज का 17वां वार्षिकोत्सव समारोहपूर्वक मनाया गया। आईसेक्ट विश्वविद्यालय हजारीबाग के कुलपति प्रो. प्रमोद कुमार नायक ने कहा कि खुद पर भरोसा रखें और भगवान बुद्ध की की तरह अपनी चिंतनशक्ति बढ़ाएं। इससे भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा। वास्तविकता के साथ जीने की कोशिश करें, तभी मानसिकता में परिवर्तन होगा। खुद के मिले ज्ञान को औरों में परिवर्तित करने की कला ही अच्छे शिक्षक बनने के गुण हैं। विनोबाभावे विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ सुनील कुमार दूबे ने इस कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अनुशासन समेत अन्य गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि भगवान बुद्ध की विचारधाराओं को गहराई से समझने और उसे आत्मसात करने की जरूरत है। बुद्ध का शुद्ध संदेश मध्यम मार्ग आज पूरी दुनिया की डिप्लोमेसी बनी हुई है। एनटीपीसी पकरी बरवाडीह बड़कागांव के अपर महाप्रबंधक एचआर अमित अस्थाना ने बुद्ध के दिए उपदेश पर अनुसरण करने की अपील की। विनोबाभावे के पूर्व कुलसचिव डॉ बंशीधर प्रसाद रूखैयार ने कहा कि बुद्ध के उपदेश पर पूरी दुनिया को चलने का संदेश देने के लिए शक्तिशाली होना आवश्यक है। बुद्ध का संदेश अहिंसा और मध्यम मार्ग पर आज पूरी दुनिया चल रही है।

विनोबा भावे विवि के हिन्दी विभाग के प्राध्यापक डॉ सुबोध सिंह शिवगीत ने सरकार से मांग की कि इटखोरी के बताए गए इतिहास को बदलें और उसके नामकरण की वास्तविकता से लोगों को अवगत कराएं। बुद्ध का इति खोयी की जगह इति छोड़ी शब्द का इस्तेमाल करें। बुद्ध ने लंबे समय तक हजारीबाग और आसपास के क्षेत्रों में बिताया, पुरातात्विक अवशेषों से ऐसे संकेत मिलते हैं। सभा की अध्यक्षता करते हुए विनोबाभावे विश्वविद्यालय के पूर्व अभिषद सदस्य सांवरमल अग्रवाल ने कहा कि बुद्ध के संदेश मध्यम मार्ग को आत्मसात कर ही आगे बढ़ा जा सकता है। महाविद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि वैदिक धर्म के विरोध का सबसे बड़ा झंडा बुद्ध ने उठाया था, फिर भी उनका संदेश ऐसा है कि उनसे देश की पहचान है। बुद्ध ने शांति के लिए मध्यम मार्ग अपनाना ही जीवन का सार बताया था।

पुस्तक का विमोचन, पुरस्कार का वितरण : अतिथियों ने कॉलेज की ओर से प्रकाशित पुस्तक 21वीं सदी नई शिक्षा नीति : चुनौती एवं संभावनाएं का विमोचन किया। वहीं विभिन्न विधाओं में अपनी मेधा का प्रदर्शन करनेवाले प्रशिक्षुओं को पुरस्कृत किया।

रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम : इस मौके पर प्रशिक्षुओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम से सतरंगी छटा बिखेरी। प्रशिक्षुओं ने गीत, नृत्य, संगीत और भगवान बुद्ध के संदेशों से समां बांध दिया। अतिथियों को कॉलेज प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष, सचिव, प्राचार्य व अन्य सहायक प्राध्यापकों ने शॉल व प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। मंच संचालन प्रीति कुमारी, कुमारी श्वेता व कोमल कुमारी और धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार यादव ने किया।

## स्टूडेंट फ्रेंड कोचिंग में भाषण प्रतियोगिता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** स्टूडेंट फ्रेंड कोचिंग सेंटर मतकमा में गुरवार को भाषण प्रतियोगिता हुआ। संचालक मिंटू विश्वकर्मा और आनंद बारला के नेतृत्व में प्रतियोगिता में भारी संख्या में छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को दीपमाला कुमारी और मिंटू विश्वकर्मा ने सम्मानित किया। दीपमाला कुमारी ने कहा कि शिक्षा जीवन का अनमोल रतन है इसके बिना बेहतर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि बच्चों को लक्ष्य का निर्धारण का तैयारी करनी चाहिए तभी सफल हो पाएंगे। दीपमाला ने कहा कि दीपमाला ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। कोचिंग के संचालक मिंटू विश्वकर्मा ने कहा कि संस्था का उद्देश्य ही विद्यार्थियों को बेहतर से बेहतर शिक्षा देकर उनके मंजिल तय करने में सहभागिता निभाना है। प्रतियोगिता में अनमीता कुमारी प्रथम, आस्था सिंह द्वितीय और जूही कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। जूही , परिणीता , संध्या सृष्टि, ओम करमाली, वैष्णवी, मंजू कुमारी, वंश कुमार, शिवानी, पूजा टॉप 10 की सूची में शामिल है।

# आरोग्यम अस्पताल का शेयर होल्डर मैं और पिता : अजमेरा

**कहा-कांग्रेस नेता का आरोप बिल्कुल निराधार**

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** आरोग्यम अस्पताल के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने गुरुवार को प्रेस वार्ता में कहा कि करीब साढ़े सात वर्षों से अस्पताल को शहर वासियों ने आशीर्वाद दिया है। हर सुख दुख में अस्पताल परिवार जनता जनार्दन के बीच में परिवार की तरह कार्य कर रहा है। श्री अजमेरा ने बताया कि 12 मई को बड़कागांव में कांग्रेस नेता संजय तिवारी ने मुझे औ अस्पताल आरोग्यम पर निहित स्वार्थ व राजनीतिक कारणों से व्यक्तिगत आक्षेप लगाये थे। तिवारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जो आरोप लगाये हैं वे बिल्कुल ही निराधार और द्वेषपूर्ण है। आप सबों के समक्ष निम्नलिखित तथ्य के माध्यम से कुछ बताना चाहता हूं कुछ बताना चाहता हूं जिसमें मेरे अस्पताल की स्थापना 2016 में हुई थी और उस वक्त मेरे साझेदार थे हेमचंद गर्ग, डोलोन डे, अरुण कुमार डे, सुनील कुमार जैन थे, यह साझेदारी 2016 से 2018 तक चली। फिर साझेदारी टूट गई और अभी वर्तमान में सिर्फ हर्ष अजमेरा और सुनील कुमार जैन दो ही साझेदार हैं। इन दोनों के अलावा मेरे परिवार या अन्य कोई भी आरोग्यम अस्पताल का साझेदार नहीं है। किसी का हस्तक्षेप भी नहीं है। कोविड काल में अस्पताल आरोग्यम में सैकड़ों मरीजों की चिकित्सा की गई। हॉस्पिटल में 2020 में कोविड के 610 मरीजों का इलाज किया गया जिसमें किसी की भी मौत नहीं हुई। 2021 में कोविड के 1630 मरीजों का ईलाज अस्पताल में हुआ 480 मरीज ऐडमिट होकर इलाजरत थे। सिर्फ 32 मरीजों की मृत्यु हुई। इन मरीजों में भी 24 मरीज हजारीबाग तथा अन्य जिलों के स्वास्थ्य संस्थानों के द्वारा रेफर मरीज थे। इन सभी की हालत काफी गंभीर थी।

## पुणे कमाने गया युवक 18 मई से लापता, सन्हा दर्ज

**बरही।** कुटुमा बरसोत निवासी मोहन मुर्मू पिता स्व. जीवलाल मुर्मू ने पुत्र की गुमसुदगी के संबंध में बरही थाना में सनहा दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि निरंजन मुर्मू (18 वर्ष) 5 महीने से पुणे में काम करता था। बताया कि 18 मई को घर पर फोन पर बोला कि अभी यहां काम नही चल रहा है, इसलिए लौटकर घर आ रहा हूँ। 18 मई रात लगभग 8 बजे तक निरंजन से अंतिम बार बात हुई तो वह बोला कि हम ट्रेन में है नेटवर्क नहीं पकड़ रहा है इसलिए बाद में बात करेंगें। 19 मई को सुबह निरंजन का मोबाईल लगातार स्वीच ऑफ आ रहा था। सगे संबंधियों के पास संपर्क कर पता किये, लेकिन पता नहीं चल पाया। उन्होंने थाना प्रभारी प्रभारी बरही से अनुरोध किया है कि सनहा दर्ज कर उचित कार्रवाई करें।

# कैदियों को नशा मुक्ति के खिलाफ किया गया जागरूक

**▸▸ रामगढ़ उपकारा का लीगल एड डिफेंस काउंसिल ने किया निरीक्षण**

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार (नालसा) नई दिल्ली एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) रांची के निर्देश पर बुधवार को उपकारा रामगढ़ में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में लीगल एड डिफेंस काउंसिल की टीम ने निरीक्षण किया। इस दौरान उपकारा में जागरूकता शिविर का आयोजन कर कैदियों को नशा का सेवन नहीं करने को लेकर जागरूक किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अधिवक्ताओं ने कहा कि नशापान से सामाजिक, आर्थिक, मानसिक एवं शारीरिक हानि होती है। अधिकांश अपराध नशा सेवन के बाद ही होता है। नशा की आदत से छुटकारा पाने के लिए पुनर्वास केंद्र एवं नशा मुक्ति केंद्र की व्यवस्था सरकार ने की है। नशा का सेवन करने वाले व्यक्ति के परिवार की स्थिति ठीक नहीं रहती है। आए दिन पति एवं पत्नी में झगड़ा होते रहता है। परिवार बिखर जाता है। परिवार को बिखरने से बचाने के लिए नशा से छुटकारा जरूरी है। युवाओं में नशे की लत एक गंभीर समस्या बन गई है। देश में नशीली दवाओं का खतरा बढ़ गया है जो चिंता का विषय है। नशा का सेवन कर लोग कैंसर, टीबी, दमा आदि घातक बीमारी के शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि 14 से 15 वर्ष के किशोर भी नशा का सेवन कर रहे हैं। नालसा द्वारा एक योजना तैयार की गई है जिसे नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएं एवं नशा के उन्मूलन के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015 का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में महुआ शराब की बिक्री बहुतायत संख्या में खुलेआम हो रही है, जिसमें घातक रासायनिक दवाओं का उपयोग किया जाता है। इससे कभी-कभार शराब जहरीली हो जाती है। इसके सेवन से आए दिन लोगों की जान जा रही है। इस अवसर पर सुजीत कुमार सिंह, चीफ एलएडीसी, रामजी, डिप्टी चीफ एलएडीसी, अभिनव कुमार असिस्टेंट, एलएडीसी, तथा मोहन महतो, असिस्टेंट एलएडीसी ने कैदियों को नशा सेवन न करने की अपील की। इस नशा उन्मूलन जागरूकता शिविर को सफल बनाने में प्रभारी कारापाल भागीरथ महतो ने अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

एक नजर में

## दहकते अंगारों पर चले शिव भक्त



**कुजू।** बोंगाबार में गुरुवार को मंडा पूजा संपन्न हो गया। समिति ने छऊ का आयोजन किया। नृत्य में सुनीता महतो । व दिनेश महतो के टीम शामिल हुए। दोनों टीमों के कलाकारों ने छऊ नृत्य कर लोगों को रात भर मनोरंजन कराया। सुबह 116 शिव भक्त एवं सोखताईनों ने भोक्ता तालाब में स्नान कर नया वस्त्र का धारण कर गाजे - बाजे के साथ मंदिर परिसर पहुंचे। भोक्ताओं ने धधकते अंगारों पर चलकर तथा अपने पीठ पर बनस गुथाई करते हुए करीब 31 फीट ऊंचे बनस झूला झूलते हुए भगवान शिव के प्रति सच्चा भक्त होने का परिचय दिया। मौके पर जामुन कुशवाहा जगरनाथ रजक, तिजू महतो, रामचंद्र महतो, प्रकाश महतो, तेज नारायण कुशवाहा, महेश महतो, सुखदेव प्रजापति, दीपक कुशवाहा, सुरेश महतो, प्रयाग प्रजापति, विश्वामित्र महतो, रामबचन महतो आदि मौजूद थे।

## गाल्होवार के टंडवा में जनता क्लीनिक खुला

**विष्णुगढ़।** गाल्होवार पंचायत के अंतर्गत टंडवा, जावा मोड़ पर जनता क्लीनिक का उद्घाटन समाजसेवी राजेंद्र मंडल, कुर्बान अंसारी, नोमान ,नसरुल्लाह अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। क्लीनिक के संचालक डॉ. दीपक कुमार ने बताया कि प्रत्येक दिन सुबह 7:00 से दोपहर 12:00 तक क्लीनिक में सेवाएं उपलब्ध है। राजेंद्र मंडल ने कहा कि यहां विशेष रूप से हजारीबाग के डॉक्टर बैठेंगे।लोगों को इलाज के लिए 25 से 30 किलोमीटर दूरी तय कर के बाहर जाना पड़ता था,पर अब यहां और इसके आसपास के गांव के लोगों को किसी भी प्रकार के इलाज के लिए बाहर जाना नहीं पड़ेगा कम से कम खर्च में बेहतर इलाज किस विधा मुहैया कराया जाएगा। शिविर में 20 से 25 रोगों को नि:शुल्क बीपी, ब्लड, शुगर जैसे विभिन्न रोगों का जांच और इलाज किया गया।

## सुलमी में महायज्ञ को लेकर ध्वजारोहण

कटकमसांडी। खुटरा पंचायत स्थित ग्राम सुलमी में 28 मई से शुरू होने वाले पांच दिवसीय श्री श्री 1008 शतचण्डी महायज्ञ एवं श्री दुर्गा एवं हनुमान वार्षिक महोत्सव को लेकर गुरुवार को ग्रामीणों ने यज्ञाचार्य ईश्वर शास्त्री के देखरेख में ध्वजारोहण किया। आचार्य ईश्वर शास्त्री और उनके सहयोगी पंडितों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर मंदिर परिसर में ध्वजारोहण किया गया । ध्वजारोहण के पूर्व ग्रामीणों ने गांव का भ्रमण ढोल गाजे-बाजे कर किया । मौके पर यज्ञ समिति सुलमी के राहुल सिंह , बजरंग साव , श्रीकांत सिंह , प्रवेश सिंह , प्रताप सिंह , नरेश सिंह , कृपा सागर पांडेय , बद्री साव , लीलाधर साव , गांगो साव ,गोविंद यादव , जानकी यादव , निरंजन सिंह , रविन्द्र सिंह , इंद्रदेव सिंह , शेखर सिंह ,गनदोरी साव , गणेश पासवान , नवल साव , रमेश साव , अरुण पांडेय , सुनील , आदित्य सिंह , संभु साव, महेंद्र साव , तुलसी पांडेय , जयनारायण साव , संजय पांडेय ,सुरेश रविदास ,पवन राणा, रामा साव ,थनु राणा,बढ़न राम ,मालो रविदास , राजेश , विकास ,रोहित , पुनीत साव , पीयूष , चरकु सिंह ग्रामीण उपस्थित थे ।

## फोटोयुक्त रंगीन मतदाता पर्ची को लेकर मामला दर्ज

बरही। बरही में आचार संहिता उल्लंघन को लेकर बरही थाना में दो अलग अलग मामले दर्ज किए गए हैं। चुनाव के दिन बूथ पर बेंदगी पंचायत के कोयली गांव बूथ संख्या 306 पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा कमल फूल निशान युक्त मतदाता पर्ची वितरण किए जा रहे थे। इसकी सूचना एआरईओ सह बीडीओ सी आर इंदीवार को मिली। बीडीओ ने स्थल निरीक्षण कर पर्ची जब्त किया और चुनाव समाप्ति के पश्चात अज्ञात के विरुद्ध बरही थाना में आचारसंहित उल्लंघन का खिलाफ मामला दर्ज करवाया। वही दूसरा मामल मलकोको पंचायत के दो अन्य बूथ का है। जहां चुनाव कार्य में लगे शिक्षक संतोष कुमार राणा को भाजपा के समर्थन में कार्य करते पाया गया। इसे लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट ने बरही थाना में मामला दर्ज करवाया है। प्राथमिकी की पुष्टि इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने की है।

## महिला के खाते से 20 हजार रुपये की ठगी

**बरही।** दुधपनिया निवासी दिनेश कुमार साव की पत्नी रूबी कुमारी के बैंक ऑफ इंडिया खाता से 20,000 हजार रुपये की अवैध निकासी का मामला प्रकाश में आया है। जिसको लेकर बरही थाना में लिखित आवेदन देकर सीएसपी संचालक पर मिली भगत कर अवैध निकासी करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## देवचंदा मोड़ पर कालीचरण सिंह का भव्य स्वागत



**बरही।** धनबाद जाने के क्रम में चतरा लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह का भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह चतरा विधानसभा प्रभारी सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणेश यादव के नेतृत्व में देवचन्दा मोड़ पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया और जीत की अग्रिम बधाई दी। गणेश यादव ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री के नारे और वायदे को चतरा लोकसभा की जनता ने स्वीकार करते हुए भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को आशीर्वाद के रूप में अपना वोट दिया है, जिससे इनकी जीत भारी बहुमत से होने जा रही है। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अम्बिका सिंह, भाजपा प्रदेश नेता रंजीत चंद्रवंशी, परमेश्वर यादव, नरेश यादव, गुलेन्द्र यादव, ऋतु राज सिंह, महेंद्र सिंह, महेश सिंह, ईश्वर दयाल यादव, कैलाश यादव, देव कुमार, आनंद सिंह, रोहित यादव, श्याम सिंह, संतोष चंद्रवंशी, हरिताभ यादव, शिवनाथ यादव, विकाश यादव, अमित यादव, शशि सिंह सहित अन्य भाजपाई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भुरकुंडा : बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पंचायत भवन में बुधवार को बेरोजगार संघर्ष मोर्चा कोयलांचल क्षेत्र की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता किशुन नायक और संचालन संजयनाथ करमाली ने किया। बैठक में प्रभावितों को रोड सेल से जोड़कर रोजगार उपलब्ध करवाने, मोर्चा की भागीदारी सुनिश्चित करने और सीसीएल प्रबंधन द्वारा दोहरा मांपदंड अपनाने के खिलाफ क्रमवार आंदोलन का निर्णय लिया गया। कहा गया कि रोड सेल में किसी भी हाल में हिस्सेदारी देना होगा। इसके लिए आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रबंधन जैसी भाषा समझेगी,उसी भाषा में समझाया जाएगा।

# कांग्रेस एवं तृणमूल कांग्रेस के हिन्दू विरोध की नीति

**ललित गर्ग**

पश्चिम बंगाल ही नहीं, अन्य गैर-भाजपा सरकारों के प्रांतों में हिन्दुओं को प्रताड़ित करने के घटनाक्रम सामने आते रहे हैं। पश्चिम बंगाल में तो हिन्दुओं के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस के कार्यकताओं का उग्र और हिंसक प्रदर्शन होता रहा हैं।

लोकसभा चुनाव के दो चरण शेष रहे हैं, चुनाव प्रचार चरम पर है। सभी राजनीतिक दल अपनी बढ़त बनाने के लिये कुछ अतिश्योक्तिपूर्ण करने का प्रयास करते हुए राष्ट्र की एकता-अखण्डता एवं बहुसंख्यक हिन्दू धर्म विरोधी स्वरों को बुलंद किये हुए है और अपनी मयार्दाओं को भूल रहे हैं। विशेषतः इंडिया गठबंधन से जुड़े दल एवं बाहर से समर्थन देने की बात करने वाले दल ऐसा दूषित प्रचार कर रहे हैं, जिससे न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन हो रहा है बल्कि ऐसे दलों को राजनीतिक लाभ की बजाय नुकसान होने की संभावनाएं प्रबल हो रही है। इन चुनावों में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन के अन्य दल हिन्दुओं से, हिन्दू मन्दिरों-भगवानों-संतों एवं हिन्दू पर्वों से नफरत का बिगुल हर मोड़ पर बजाते रहे हैं जो हर रोज सामने आ रहा है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपनी राजनीतिक जमीन बचाने के लिए और अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए हिन्दू संतों को राजनीति में घसीटने की कोशिश की है। उन्होंने रामकृष्ण मठ, रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ से जुड़े संतों पर निशाना साधते हुए कहा है कि ये लोग भाजपा के लिए काम कर रहे हैं। मुस्लिम तुष्टीकरण के लिये ओबीसी आरक्षण पर पश्चिम बंगाल की ममता सरकार ने कलकत्ता हाईकोर्ट के निर्णय पर कानून की धज्जियां उडाते हुए उंगली उठाई है। इस प्रकार कानून की अवमानना वह नेता ही खड़ी कर सकता है, जिसे एक खास वर्ग के वोट चाहिए। संतों को लेकर राजनीतिक टिप्पणी करना, निःसंदेह आपत्तिजनक है एवं दुर्भाग्यपूर्ण है।



कांग्रेस एवं तृणमूल कांग्रेस हिन्दुओं को अपने ही देश में सेकेंड क्लास सिटिजन एवं अल्पसंख्यक बनाना चाहती है। मुस्लिम तुष्टीकरण की इन दलों की सोच एवं नीति न केवल उनके घोषणा-पत्रों में बल्कि उनके बयानों में स्पष्ट झलक रही है। सभी विपक्षी दलों ने मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति की है, राजनीतिक दलों का एकतरफा रवैया हमेशा से समाज को दो वर्गों में बांटता रहा है एवं सामाजिक असंतुलन तथा रोष का कारण रहा है। बदले हुए राजनीतिक हालात इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि किसी भी एक वर्ग की अनदेखी कर कोई भी दल राजसत्ता का आनंद नहीं उठा सकता। लेकिन लगातार जीत की ओर बढ़ रहे भाजपा को हराने के लिये इन दलों को मुस्लिम वोटों का ही सहारा नजर आ रहा है, जिसके चलते ये हिन्दू विरोध को प्रचंड किये हुए।

ममता बनर्जी ने अपने शासन में मुस्लिमों को खुश करने एवं उनके वोटों को अपने पक्ष में करने के लिये हिन्दू विरोध का कोई मौका नहीं छोड़ा है। ममता ने रामकृष्ण मठ, मिशन और भारत सेवाश्रम संघ पर झूठा एवं भ्रामक आरोप लगाया है कि ये हिन्दू संगठन भाजपा के पक्ष में काम कर रहे हैं, जबकि इन संगठनों की ओर से एक बार भी भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आह्वान नहीं किया गया है। दूसरी तरफ पश्चिम बंगाल में इस्लामिक संगठनों एवं चर्चों के द्वारा भाजपा के विरोध में किसी एक विशेष दल के पक्ष में मतदान करने के प्रकरण बार-बार सामने आये हैं। चुनावों को धार्मिक एवं साम्प्रदायिक रंग देने की इन विडम्बनापूर्ण स्थितियों पर आज तक ममता बनर्जी ने एक भी बयान नहीं दिया है। इसलिए भी कहा जा सकता हैं कि बिना किसी प्रमाण हिन्दू संतों पर निशाना साधने का अभिप्राय यही है कि ममता बनर्जी की निगाहें कहीं और है निशाना कहीं और है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा ममता बनर्जी पर संतों को धमकाने का आरोप निराधार नहीं है। क्योंकि एक संत कार्तिक महाराज ने मुख्यमंत्री ममता को कानूनी नोटिस भेज कर कहा है कि ममता बनर्जी के बयान निराधार, झूठे और अपमानजनक है।

पश्चिम बंगाल ही नहीं, अन्य गैर-भाजपा सरकारों के प्रांतों में हिन्दुओं को प्रताड़ित करने के घटनाक्रम सामने आते रहे हैं। पश्चिम बंगाल में तो हिन्दुओं के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस के कार्यकताओं का उग्र और हिंसक प्रदर्शन होता रहा हैं। पिछले कुछ सालों से हमेशा यह देखा गया है कि तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता सत्ता पाकर भाजपा समर्थकों के साथ किस प्रकार का व्यवहार करते हैं। वर्ष 2021 में भी तृणमूल कांग्रेस के जीतने के बाद राज्य में बवाल हुआ था और पंचायत चुनाव जीतने के बाद भी उसके कार्यकताओं ने हिंसक उत्पात मचाया था। उस समय भाजपा कार्यकर्ताओं के घरों को खोज-खोजकर हमले हुए थे। ऐसे स्थिति में और ऐसे कार्यकताओं के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का हिन्दू संगठनों एवं धर्मगुरुओं के भाजपा के पक्ष में होने का बयान संतों के लिए जान तक का खतरा पैदा कर सकता है।

ऐसा हुआ भी है, ममता बनर्जी के बयान के बाद कुछ हमलावर जलपाईगुड़ी स्थित रामकृष्ण मिशन के आश्रम में घुस गए। उन्होंने भिक्षुओं पर हमला किया, सीसीटीवी आदि तोड़े दिए। याद हो कि पश्चिम बंगाल की राजनीति में पहली बार संतों पर दोष लगाकर उनके खिलाफ माहौल बनाने का काम नहीं हुआ।

## 2029 में हो सकते हैं एक साथ चुनाव



विधि आयोग संविधान में एक राष्ट्र, एक चुनाव पर एक नया अध्याय जोड़ने और 2029 के मध्य तक देशभर में लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ कराने की सिफारिश कर सकता है। सूत्रों ने कहा कि जस्टिस (सेवानिवृत्त) ऋतुराज अवस्थी की अध्यक्षता वाला आयोग एक साथ चुनावों पर ह्यनया अध्याय या खंड जोड़ने के लिए संविधान में संशोधन की सिफारिश करेगा। आयोग अगले पांच साल में तीन चरणों में विधानसभाओं के कार्यकाल को एक साथ करने की भी सिफारिश करेगा, जिससे देशभर में पहली बार एक साथ चुनाव मई-जून 2029 में 19वीं लोकसभा के चुनाव के साथ हो सकें। सूत्रों ने बताया कि संविधान के नये अध्याय में ह्यएक साथ चुनाव, एक साथ चुनावों की स्थिरता और लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, पंचायतों और नगरपालिकाओं के लिए सामान्य मतदाता सूची से संबंधित मुद्दे शामिल होंगे, जिससे त्रि-स्तरीय चुनाव एक साथ एक ही बार में हो सकें। जिस नये अध्याय की सिफारिश की जा रही है, उसमें विधानसभाओं की शर्तों से संबंधित संविधान के अन्य प्रावधानों को खत्म करने की अस्तित्वहीन शक्ति के प्रावधान किए जाएंगे। यदि कोई सरकार अविश्वास के कारण गिर जाती है या त्रिशंकु सदन होता है, तो आयोग विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ह्यएकता सरकार के गठन की सिफारिश करेगा। यदि एकता सरकार का सिद्धांत काम नहीं करता है, तो विधि आयोग सदन के शेष कार्यकाल के लिए नये सिरे से चुनाव कराने की सिफारिश करेगा। विधि आयोग के अलावा, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति भी एक साथ चुनाव कराए जाने पर काम कर रही है।

### किस साल कितने चुनाव

**2024 अप्रैल-मई में लोकसभा चुनाव के साथ 5 विधानसभाओं और महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड में साल के अंत में चुनाव**

**2025 बिहार और दिल्ली में विधानसभा चुनाव**

**2026 असम, प. बंगाल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और केरल में चुनाव**

**2027 उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब और मणिपुर में विस चुनाव**

**2028 त्रिपुरा, मेघालय, नगालैंड, कर्नाटक, मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना में विधानसभा चुनाव**

# झारखंड की सभी 14 सीटों पर चुनाव लड़ते दल-बदलू

**सभी पार्टियों को है दलबदलु पर चुनाव जीतने का भरोसा**

**सुधीर**

राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रहे 14 प्रत्याशी दलबदलू हैं। किसी ने एक बार, किसी ने दो बार, तो किसी ने तीन बार दल बदला है। इनमें से 3 प्रत्याशी ऐसे हैं, जिन्होंने इस बार लोकसभा चुनाव का टिकट पाने के लिए चुनाव से ठीक पहले दल बदला है। इनमें हजारीबाग से कांग्रेस के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल, सीता सोरेन, गीता कोड़ा शामिल हैं। ये लेकिन अगर हार गये फिर से ये नया ठिकाना तलाश करेंगे।

**लोकसभा चुनाव से ठीक पहले इन्होंने बदला पाला**

**सीता सोरेन :** शिबू सोरेन के बड़े बेटे स्व दुर्गा सोरेन की पत्नी सीता सोरेन ने पति के निधन के बाद राजनीति में कदम रखा। वो जामा विधानसभा सीट से लगातार 3 बार झामुमो की टिकट पर चुनाव लड़कर विधायक बनीं। सोरेन परिवार की बड़ी बहू ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले झामुमो छोड़ दिया और दिल्ली में जाकर भाजपा में शामिल हो गईं। अब बीजेपी की टिकट पर दुमका से चुनाव लड़ रही हैं।

**जेपी पटेल :** झामुमो के कद्दावर नेता और शिबू सोरेन के पुराने साथी रहे जयप्रकाश भाई पटेल ने भी लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा को धोखा दे दिया। 2009 और 2014 में वे मांडू विधानसभा सीट से झामुमो की टिकट पर चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे। 2019 के विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हो गये। भाजपा की टिकट पर जीतकर विधायक बने। वे हजारीबाग लोकसभा सीट से भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन पार्टी ने टिकट मनीष जायसवाल को दे दिया। तब सांसद बनने की महत्वाकांक्षा पाले जेपी दिल्ली में जाकर कांग्रेस में शामिल हो गये। अब हजारीबाग से लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं।

**गीता कोड़ा :** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा ने जय भारत समानता पार्टी से अपनी राजनीतिक पारी शुरू की थी। इसके बाद वह कांग्रेस में शामिल हो गयीं। 2019 का लोकसभा चुनाव उन्होंने सिंहभूम से कांग्रेस की टिकट पर लड़ा। चुनाव जीतकर सांसद बन गईं, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले उन्होंने रांची में आकर बाबूलाल मरांडी के सामने भाजपा का दामन थाम लिया। अब, भाजपा के टिकट पर सिंहभूम से चुनाव लड़ रही हैं।

**ये हैं पुराने दलबदलू**

अन्नपूर्णा देवी : कोडरमा से भाजपा की प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले राजद छोड़कर भाजपा में चली गयीं थीं। अन्नपूर्णा 2000, 2005 और 2009 में राजद की टिकट पर चुनाव लड़कर कोडरमा से विधायक बनीं थीं। 2014 और 2019 में भी वो चुनाव लड़ीं, लेकिन भाजपा की नीरा यादव से हार गयीं। इसके बाद राजनीतिक करियर को बचाने के लिए वो राजद छोड़कर भाजपा में शामिल हो गयीं। 2019 में भाजपा के टिकट पर कोडरमा से सांसद चुनी गयीं। अब, 2024 में भी भाजपा ने उन्हें टिकट दिया है।

**ताला मरांडी :** राजमहल लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी ताला मरांडी भी दलबदलू हैं। 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने उन्हें टिकट नहीं दिया था, तब वे नाराज होकर आजसू में शामिल हो गये थे। आजसू से चुनाव लड़े, लेकिन हार गये। चुनाव हारने के बाद ताला फिर से पुराने घर की चाबी तलाशने लगे और आखिरकार बाबूलाल मरांडी ने उन्हें पार्टी में शामिल करा दिया। अब भाजपा की टिकट पर फिर से किस्मत अजमा रहे हैं।

**सुखदेव भगत :** लोहरदगा से कांग्रेस के उम्मीदवार सुखदेव भगत राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी थे। पुराने कांग्रेसी रहे हैं। 2019 के विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गये थे। भाजपा ने चुनाव लड़वाया, लेकिन चुनाव हार गये। हारने के बाद पुराने घर में वापस जाने के लिए हाथ-पैर मारने लगे। आखिरकार कांग्रेस ने अपना लिया और लोकसभा चुनाव में टिकट भी दे दिया। अब लोहरदगा सीट से संसद जाने का रास्ता तलाश रहे हैं।

**प्रदीप यादव :** गोड्डा लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार प्रदीप यादव 2 बार दल बदल चुके हैं। 2000 में वे पोड़ैयाहाट विधानसभा से भाजपा की टिकट पर विधायक बने थे। इसके बाद बाबूलाल मरांडी के साथ उनकी पार्टी झाविमो में चले गये। 2009, 2014 और 2019 का चुनाव वे झाविमो से जीते। 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद बाबूलाल भाजपा के साथ चले गये और प्रदीप ने कांग्रेस का हाथ पकड़ लिया।

अर्जुन मुंडा : खूंटी लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा भी दलबदलू हैं। 1995 में वे खरसावां विधानसभा सीट से झामुमो की टिकट पर चुनाव लड़कर विधायक बने थे। इसके बाद वे भाजपा में शामिल हो गये। लंबे समय से भाजपा में हैं। राज्य के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री भी रहे हैं।

ढुल्लू महतो : धनबाद लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने झाविमो के बाद भाजपा का दामन थामा है। ढुल्लू भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के काफी करीबी हैं। ढुल्लू 2009 के विधानसभा चुनाव में बाघमारा से झाविमो की टिकट पर विधायक बने थे। फिर 2014 और 2019 में भाजपा से चुनाव जीते। अब पार्टी ने उन्हें धनबाद सीट जीतने को लोकसभा चुनाव में उतार दिया है।

**विद्युतवरण महतो :** जमशेदपुर लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी विद्युतवरण महतो ने झामुमो से राजनीति की शुरूआत की थी। झामुमो की टिकट पर जीतकर विधायक भी बने, लेकिन बाद में भाजपा में शामिल हो गये। 2014 और 2019 में भाजपा ने उन्हें जमशेदपुर लोकसभा सीट से टिकट दिया। वे जीतकर सांसद बने। तीसरी बार भाजपा ने उनपर भरोसा जताया है।

**समीर मोहंती :** जमशेदपुर लोकसभा सीट से महागठबंधन के प्रत्याशी समीर मोहंती भी बड़े दलबदलू हैं। बहरागोड़ा विधानसभा सीट से 2005 में निर्दलीय चुनाव लड़े और हार गये। 2009 में आजसू से चुनाव लड़े, लेकिन हार गये। 2014 में झाविमो की टिकट पर किस्मत आजमाया, लेकिन फिर हारे। 2019 में झामुमो में शामिल हो गये। विधानसभा चुनाव लड़े और जीत गये। महागठबंधन ने इस बार जमशेदपुर में उनपर दांव खेला है। अब लोकसभा जाने का रास्ता तलाश रहे हैं।

**संजय सेठ :** रांची से भाजपा के प्रत्याशी संजय सेठ पुराने भाजपाई रहे हैं, लेकिन एक समय उनकी भी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं ने अंगड़ाई ली और वे बाबूलाल मरांडी की पार्टी झाविमो में शामिल हो गये थे। बाद में फिर से भाजपा में वापस आ गये। 2019 में भाजपा ने उन्हें रांची लोकसभा सीट से टिकट दिया और मोदी लहर में जीत गये। इस बार भी भाजपा ने उनपर भरोसा जताया है।

**मनीष जायसवाल :** हजारीबाग से भाजपा के प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने बाबूलाल मरांडी की पार्टी झाविमो से राजनीतिक पारी शुरू की थी। बाद में वे भी भाजपा में शामिल हो गये। 2014 और 2019 के विधानसभा चुनाव में वे भाजपा की टिकट पर हजारीबाग से विधायक बने। अब पार्टी ने उन्हें केंद्रीय मंत्री रहे जयंत सिन्हा का टिकट काटकर लोकसभा का चुनाव लड़वा दिया है।

**कालीचरण सिंह :** चतरा से भाजपा के प्रत्याशी कालीचरण सिंह भी बाबूलाल मरांडी के खास थे। उनके साथ झाविमो में ही थे। बाद में भाजपा में आ गये। बाबूलाल मरांडी की कृपा से उन्हें भाजपा ने चतरा लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है। अब वो भी संसद भवन जाने का रास्ता ढूंढ रहे हैं।

## मतदान प्रतिशत बढ़ने में कारगर साबित हो सकते हैं यह उपाय -

**अतुल मलिकराम (राजनीतिक रणनीतिकार)**

लोकसभा चुनाव 2024 के पांच चरणों का मतदान पूरा हो चुका है, हालांकि अब तक हुई 429 सीटों पर औसत मतदान लगभग 57.44 प्रतिशत रहा है। खुद चुनाव आयोग 60 फीसदी से कम मतदान को चिंताजनक मानता है। ऐसे में उन कारणों पर बात करना जरुरी है जो लगातार मतदान के प्रति लोगों के कम होते रुझान की वजह हो सकते हैं या उन वजहों पर ध्यान देने की आवश्यकता है जो कम मतदान का कारण बन रहे हैं। इसके लिए सबसे पहले कुछ सवाल उठाने, उनके हल खोजने और कुछ सुविधाओं को सुलभ बनाने की आवश्यकता पर बात करना जरुरी है। ऐसा क्यों नहीं हो सकता कि देश का कोई भी वयस्क नागरिक कहीं से भी मतदान कर सके? क्यों न 75 वर्ष से ऊपर या बीमार व्यक्तियों के लिए एक मोबाइल पोलिंग बूथ की व्यवस्था हो? ऐसा क्यों नहीं हो सकता कि 75 वर्ष से ऊपर या जरूरतमंद मतदाताओं को लाने-छोड़ने की व्यवस्था हो! ऐसे ही क्यों न पर्यटन या जरुरी कामों से सफर कर रहे मतदाता भी अपने मताधिकार का उपयोग करने में सक्षम हों? यूं भी एक चुनाव में हजारों करोड़ रुपये का खर्च आता है, फिर ऐसी कुछ इन्वेंशन देखने को मिलते हैं, वहां क्या ऐसा कुछ नहीं हो सकता कि एक टेक्नोलॉजी बेस्ड सिस्टम हो, जो इंदौर के किसी मतदाता जो यदि कानपुर में हो तो वह कानपुर में ही अपने मताधिकार का इस्तेमाल ऑनलाइन माध्यम से कर सके तथा इसका रिकॉर्ड इंदौर पोलिंग स्टेशन में दर्ज हो। जाहिर तौर पर इसमें कुछ बेसिक दिक्कतें जरूर हो सकती हैं लेकिन इन्ही दिक्कतों के ऊपर कम वोटिंग प्रतिशत का हल ढूंढा जा सकता है। जिस प्रकार सेना, सुरक्षा बलों या चुनाव ड्यूटी में लगाए गए कर्मचारियों को अपने मतदान केंद्र पर जाने की जरूरत नहीं होती और वे अपने कार्य स्थल से ही बैलेट पेपर पर वोट डाल सकते हैं, ऐसी ही कुछ व्यवस्था उन लोगों के लिए भी हो जो विभिन्न कारणों से अपने पोलिंग स्टेशन पर उपलब्ध नहीं हो पाते।

दूसरी ओर वर्तमान लोकसभा चुनाव की ही बात करें तो इस बार 100 साल से ज्यादा के 2.18 लाख वोटर हैं। क्यों न ऐसे वोटर्स के लिए एक मोबाइल बूथ की व्यवस्था हो। हर शहर में कुछ ऐसे मोबाइल बूथ कार्यरत हों जो चिन्हित मतदाताओं के एरिया में मौजूद हों, उनके घरों के समीप हों, जिससे उन्हें अपने मत का उपयोग करने में आसानी हो। इसी प्रकार 75 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को पोलिंग



व्यवस्थाओं में कुछ करोड़ और खर्च कर के यदि मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सकता है तो क्यों न इन उपायों पर गंभीरता से विचार किया जाये?

चुनाव आयोग के नियमानुसार आपको आपके निर्वाचन क्षेत्र में ही मतदान देने का अधिकार है। इसके लिए आपको मतदाता सूची में खुद को पंजीकृत करना जरुरी है। यहां तक तो ठीक है लेकिन क्यों न ऐसी कोई व्यवस्था हो जो ऐसे मतदाताओं को कवर करती हो जो किसी भी कारण, भले रोजगार हो, व्यवसाय हो, पर्यटन हो या मेडिकल इमरजेंसी, से अपने निर्वाचित क्षेत्र में मतदान वाले दिन उपलब्ध नहीं हैं। इन मतदाताओं के लिए प्रत्येक शहर में किसी भी निजी या सरकारी भवन में ऐसी व्यवस्था की जा सकती है जिससे वह अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सके। हम एक एडवांस टेक्नोलॉजी वाले युग में जी रहे हैं, जहाँ हर रोज नए स्टेशन तक लाने-छोड़ने की व्यवस्था भी की जा सकती है। इसी प्रकार प्रत्येक पोलिंग स्टेशन पर मोबाइल हेल्थ केयर वैन, पीने के पानी आदि सुरक्षात्मक व्यवस्थाओं की पहल भी की जा सकती है।

अंत में हम यह भी नहीं कह सकते कि वोट देना नागरिकों का कर्त्तव्य है तो कुछ भी कैसी भी परिस्थिति का सामना कर के, वह अपने कर्त्तव्य का पालन करें। यदि कम होते वोट प्रतिशत में बढ़ोतरी करनी है तो उपरोक्त कारणों और उनके उपायों पर भी गंभीरता से विचार किया जा सकता है, क्योंकि यदि ऐसे ही वोटिंग प्रतिशत कम होता गया तो इसे नागरिकों के लोकतंत्र से उठते विश्वास के रूप में भी देखा जायेगा, जो भारत जैसे विकासशील देश के लिए सम्मानजनक स्थिति नहीं है।

# आसान लड़ाई में वर्चस्व दिखाने को तैयार

**मनोज कुमार सिन्हा**

बीते लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष राहुल गांधी को उनके गढ़ अमेठी में हराने वालीं स्मृति ईरानी ने अपने राजनीतिक सफर में तमाम उतार-चढ़ाव देखे, लेकिन हार न मानने और जीत की जिजीविषा से वह भाजपा की प्रमुख राजनेताओं में शुमार हैं।

स्मृति ईरानी इस लोकसभा चुनाव में तीसरी बार अमेठी से चुनाव मैदान में हैं, लेकिन उनके पिछले प्रतिद्वंद्वी राहुल गांधी रायबरेली से चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसे में स्मृति की चुनावी चुनौती काफी आसान मानी जा रही है।

स्मृति ने ग्लैमर की दुनिया से लेकर राजनीति के सफर में न केवल अपनी अमिट छाप छोड़ी, बल्कि अपने हर किरदार को पूरी क्षमता से निभाया। अपनी चुनावी राजनीति हार से शुरू करने वालीं स्मृति ने पिछले चुनाव में बड़ी जीत भी हासिल की। भाजपा में अपने दो दशक के सफर में स्मृति ईरानी ने संगठन से लेकर सरकार तक कई भूमिकाओं में काम किया और हर मोर्चे पर सफलता के झंडे बुलंद किए। मुखर और विरोधियों को उनकी ही भाषा में करारा जबाब देने वालीं स्मृति ईरानी ने जो ठाना, उसे करके भी दिखाया।




### हार के बावजूद मैदान में जमी रहीं:

बीते दो आम चुनावों में उन्होंने कांग्रेस के मजबूत गढ़ अमेठी की चुनौती को स्वीकार किया। 2014 की पहली लड़ाई में में वह राहुल गांधी से एक लाख वोटों से हार गईं, पर उन्होंने मैदान नहीं छोड़ा व पूरे पांच साल अमेठी में सक्रिय रहीं। 2019 के चुनाव में उन्होंने तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को लगभग 55 हजार वोटों से हरा दिया। इस बार फिर से स्मृति और राहुल के बीच तीसरी चुनावी रण की उम्मीद थी, पर राहुल ने सोनिया गांधी के चुनाव न लड़ने पर रायबरेली से लड़ने का फैसला किया। इससे अमेठी की लड़ाई, रोचकता कम हो गई। अब स्मृति के सामने कांग्रेस के केएल शर्मा हैं, जो वर्षों से अमेठी और रायबरेली में गांधी परिवार का चुनाव व क्षेत्र प्रबंधन देखते आए हैं। केंद्र में मोदी सरकार बनने के बाद स्मृति ईरानी लगातार कैबिनेट मंत्री हैं। सबसे पहले 2014 में मानव संसाधन विकास मंत्री बनाया गया। 2016 से 2021 तक कपड़ा मंत्री रहीं। इस बीच 2017-18 में सूचना प्रसारण मंत्री भी रहीं। वह 2019 में महिला व बाल विकास मंत्री बनाई गईं। 2022 में उनको अल्पसंख्यक मंत्रालय भी दिया गया

### 2003 में भाजपा से जुड़ीं

स्मृति ईरानी ने 2003 में भाजपा से जुड़ने के बाद 2004 में महाराष्ट्र में युवा मोर्चा में उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली। 2009 में भाजपा की राष्ट्रीय राजनीति में आईं और 2010 में सचिव बनाई गईं। महिला मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बनाया गया। इसके बाद स्मृति ने पीछे मड़कर नहीं देखा। वह 2011 में राज्यसभा की सदस्य बनीं और 2019 तक उच्च सदन में रहीं। 2019 में अमेठी से चुनाव जीतकर वह लोकसभा में आईं। हालांकि स्मृति को 2004 में अपने पहले चुनाव में दिल्ली की चांदनी चौक सीट पर हार का सामना करना पड़ा था।

वर्ष 2019 के चुनाव में भाजपा नेता स्मृति ईरानी ने कांग्रेस के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को 55,120 मतों से हराकर कांग्रेस के इस सबसे मजबूत दुर्ग को ढहा दिया। नतीजा रहा कि इस बार राहुल गांधी ने सीट छोड़ दी और रायबरेली चले गए जबकि इस सीट पर कांग्रेस ने कभी राहुल के प्रतिनिधि रहे किशोरी लाल शर्मा को स्मृति के मुकाबले मैदान में उतारा है। इस सीट पर 20 मई को मतदान होगा।


### गांधी परिवार के विश्वासपात्र हैं किशोरी लाल शर्मा

लुधियाना के शिवाजी नगर निवासी किशोरी लाल गांधी परिवार के विश्वासपात्र हैं। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने किशोरी लाल को कई जिम्मेदारियां दी थी, जिसे उन्होंने बखूबी निभाया। सोनिया गांधी ने उनको रायबरेली से सांसद प्रतिनिधि भी बनाया था।

# थम गया भोंपू का शोर, आज से प्रत्याशी घूमेंगे डोर टू डोर

- सामान्य प्रेक्षक एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने माइक्रो ऑब्जर्वर की ब्रीफिंग में दिये आवश्यक दिशा निर्देश
- कहा- स्वतंत्र, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी मतदान सम्पन्न कराना प्राथमिकता


प्रेस वार्ता को संबोधित करते जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल व सीनियर एसपी किशोर कौशल।



एक्सएलआरआई सभागार में माइक्रो ऑबजर्बर की ब्रीफिंग करते डीसी अनन्य मित्तल।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के मतदाता 25 मई को नया सांसद चुनने के लिए मतदान करेंगे। चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों द्वारा चलाये जा रहे प्रचार अभियान को आज शाम पांच बजे चुनाव आयोग के निर्देशानुसार खत्म कर दिया गया। अब कल प्रत्याशी डोर टू डोर घूम कर ही मतदाताओं से संपर्क कर पायेंगे। इसके साथ ही शाम पांच बजे तक चुनाव प्रचार में आये बाहरी नेता एवं वोलेंटियर्स भी वापस जिला छोड़ कर चले गये।

इधर, पूर्वी सिंहभूम के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी अनन्य मित्तल और एसएसपी किशोर कौशल ने पत्रकारों को बताया कि चुनाव को लेकर तमाम तैयारियों पूरी हो गई हैं। सुरक्षित, निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए पर्याप्त संख्या में अद्र्धसैनिक बलों, झारखंड के आर्मफोर्स के साथ-साथ जिला पुलिस और होमगार्ड के अधिकारियों एवं जवानों को भी तैनात कर दिया गया है।

दूसरी ओर मतदान के दौरान माइक्रो ऑब्जर्वर की भूमिका की जानकारी देने एक्सएलआरआई सभागार में ब्रीफिंग का आयोजन किया गया। सामान्य प्रेक्षक किल्लु शिव कुमार नायडू, जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल, उप विकास आयुक्त ब्रीफिंग में शामिल हुए। स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी मतदान सपंन्न कराने को लेकर आवश्यक निर्देश दिया गया।

सामान्य प्रेक्षक ने निर्वाचन प्रक्रिया में माइक्रो ऑब्जर्वर की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए संवेदनशीलता और गंभीरतापूर्वक दी गयी जिम्मेदारियों के निर्वहन के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बिना किसी संशय के अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें और प्रशिक्षण का लाभ लेते हुए शंकाओं का समाधान करें। किसी प्रकार की शंका हो, तो आला अधिकारी से जानकारी लेकर समाधान जरूर कर लें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि संबंधित मतदान केंद्र की संपूर्ण जिम्मेदारी माइक्रो ऑब्जर्वर की होगी। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार का व्यवधान आता हो, तो तत्काल वरीय अधिकारियों को सूचना देंगे। उन्होंने विभिन्न बिंदुओं में दी जाने वाली फीडबैक रिपोर्ट से अवगत कराया। साथ ही विभिन्न प्रपत्रों की उपयोगिता बताकर संधारित करने के संबंध में जानकारी दी तथा सफलतापूर्वक मतदान संपादन को लेकर दिशा निर्देश दिये।

ब्रीफिंग में माइक्रो आर्जवर को मतदान दिवस पर आवश्यक तैयारी, ईवीएम, बैलेट यूनिट, मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं अन्य मतदान अधिकारियों के कार्य, मतदाता पर्ची, मतपत्र, लेखा, मॉक पोल, वीवीपैट में कम से कम 50 वोट मॉक पोल कराने की कार्यवाही के बाद सीआरसी, सीलिंग की कार्यवाही आदि प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया गया। जबकि उनकी शंकाओं का समाधान भी किया गया। मौके पर सभी एआरओ, एईआरओ उपस्थित थे। दूसरी ओर, 09-जमशेदपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक किल्लु शिव कुमार नायडू एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल की मौजूदगी में मतदान दलों का अंतिम रेंडमाइजेशन समाहरणालय में हुआ। रेंडमाइजेशन में मतदान केन्द्रवार मतदान दलों और आरक्षित मतदान दलों का निर्धारण किया गया।

## भाजपा सांसद ने मिथिला समाज को ठगा तीर-धनुष पर वोट करें : मिथिलेश ठाकुर


संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश ठाकुर व साथ में उपस्थित मैथिल संगठनों के पदाधिकारी।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तथा उत्पादन एवं मद्य निषेध मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने जमशेदपुर प्रवास के दौरान कहा कि मिथिला समाज के लोगों को भाजपा सांसद पिछले 10 वर्षों से ठग रहे हैं। पूरा मिथिला समाज एकजुट होकर इंडी गठबंधन के पक्ष में मतदान करेगा। वर्तमान भाजपा सांसद के द्वारा मिथिला समाज की बड़ी आबादी को अनदेखा किया गया है। मिथिला समाज के लोगों ने मंत्री मिथलेश ठाकुर से मांग की है कि इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के जीत के बाद टाटा से जयनगर (भाया दरभंगा), टाटा से सहरसा ट्रेन चालू किया जाये जबकि टाटा से भागलपुर ट्रेन का परिचालन प्रतिदिन किया जाए। वर्तमान में सिर्फ एक ही दिन ट्रेन का परिचालन होता है जिससे समाज के लोगों को काफी कठिनाई होती है। मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि मैं भी मिथिला का ही रहने वाला हूं और यहां मैथिल समाज का दुःख एवं उपेक्षा देख बेहद दुखी हूं। यहां के सांसद के द्वारा कभी भी क्षेत्र के जनता की सुध नहीं ली गई है। जनता के सुख-दुख में भी यह कभी शामिल नहीं हुए हैं। अब यहां के लोगों ने जुमला बोलने वाले पार्टी के सांसद को सबक सिखाने का मन बना लिया है। उद्योग की नगरी कही जाने वाले जमशेदपुर में भी वर्तमान सांसद रोजगार उपलब्ध कराने में सफल नहीं हुए। महंगाई के मुद्दे पर सांसद महोदय का कभी मुंह नहीं खुलता। श्री ठाकुर ने कहा कि भाजपा सांसद ने पूरे लोकसभा के सभी धर्म और जाति के मतदाताओं को ठगने का काम किया है। यहां पर सभी समाज और धर्म के लोग एकजुट होकर इंडी गठबंधन के प्रत्याशी समीर मोहंती को भारी मतों से विजय बनायेगा। मंत्री ने कहा कि जमशेदपुर लोकसभा सीट पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी समीर महंती को आदिवासी समाज अनुसूचित समाज पिछड़ा वर्ग मजदूर वर्ग समेत तमाम वर्ग से पूर्ण समर्थन मिल रहा है और झारखंड मुक्ति मोर्चा को पूरा भरोसा है कि जमशेदपुर सीट पर हमारे प्रत्याशी समीर बहन की भारी मतों से विजई होंगे। मौके पर मिथिला परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष मोहन ठाकुर और महासचिव सुजीत कुमार झा ललित नारायण मिश्रा सांस्कृतिक एवं सामाजिक संगठन के अध्यक्ष जयचंद्र झा आदि उपस्थित थे।

महासचिव शंकर पाठक और उपाध्यक्ष अरुण कुमार झा तथा परमहंस लक्ष्मी नाथ गोस्वामी समिति जमशेदपुर के अध्यक्ष एवं टाटा मोटर्स के पूर्व सीनियर जीएम मानस कुमार मिश्रा, महासचिव चंद्रशेखर झा उपसचिव सुशील कुमार झा कार्यालय सचिव रमन कुमार चौधरी और अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद के अध्यक्ष अमलेश झा और महासचिव ललन चौधरी भी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज



### गवर्नर रघुवर दास का जमशेदपुर में स्वागत

**जमशेदपुर।** ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास जमशेदपुर पहुंचने पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य कुलवंत सिंह बंटी ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। राज्यपाल रघुबर दास जमशेदपुर 25 तारीख को होने वाले चुनाव को लेकर अपना मतदान भालूबासा हरिजन स्कूल में करने आए हैं। उनके स्वागत में साथ टुनटुन सिंह पवन अग्रवाल भूपेंद्र सिंह गौतम प्रसाद आदि लोग थे।

### राष्ट्र को परम वैभव के शिखर पर ले जायेंगे मोदी



**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर लगातार अमरप्रीत सिंह काले जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। इस दौरान काले ने जमशेदपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में प्रचार प्रसार को गति प्रदान कर घर-घर जाकर जनता से संवाद स्थापित कर जन-जन तक प्रधानमंत्री मोदी की बातों को और प्रधानमंत्री मोदी के अच्छे कामों को पहुंचा रहे हैं और जनता से अपील करते हुए कहा कि एक बार फिर जमशेदपुर की देवतुल्य जनता विद्युत महतो को वोट देकर प्रधानमंत्री मोदी के हाथों को मजबूत करें ताकि भारत के साथ-साथ जमशेदपुर शहर भी समृद्ध और शक्तिशाली बने। काले ने जनसंपर्क अभियान के दौरान ब्राह्मण टोला, भुइंयाडीह, बर्मामाइंस, कैरेज कॉलोनी, हरिजन बस्ती, शिव सिंह बागान, एग्रिको, कल्याण नगर, भुइंयाडीह, नीतिबाग कालोनी, सीतारामडेरा इत्यादि कई क्षेत्रों में भ्रमण किया और जन-जन से जमशेदपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी विद्युत महतो को वोट करने की अपील की।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## डुमरिया में पूर्व सीएम की पत्नी ने समीर महंती के पक्ष में की चुनावी सभा

# भाजपा आदिवासी, मूलवासी व जन विरोधी है : कल्पना सोरेन

- संविधान, आरक्षण और हेमंत बाबू को बचाना है तो तीर-धनुष पर बटन दबाइये : कल्पना सोरेन
- कहा- हेमंत बाबू ने हर 50 वर्ष की उम्र की महिला को दी पेंशन की सुविधा



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**डुमरिया/जमशेदपुर।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने आज डुमरिया प्रखंड के कुमरासोल फुटबॉल मैदान में इंडिया गठबंधन सह झामुमो प्रत्याशी समीर महंती के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। श्रीमती कल्पना सूर्य ने कहा कि आप अपनी एक-एक बहुमूल्य वोट देकर इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को जीतने का कष्ट करें तब जाकर ही जेल से छूटेंगे। कल्पना सोरेन ने कहा कि एनडीए गठबंधन की जीत होती है तो वह संविधान को भी बदल देंगे, साथ ही आरक्षण व्यवस्था को भी खत्म कर देंगे।

- श्रीमती सोरेन ने कहा कि भाजपा कभी भी आदिवासी मूलवासी की चिंता नहीं करती है आदिवासी के साथ कैसा भेदभाव करती है, इसका नमूना तो संसद भवन उद्घाटन एवं राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में दिखा, जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भी नहीं बुलाया गया क्यों? क्योंकि वह आदिवासी हैं। उन्होंने अपील की है कि जिस तरह से आपके आशीर्वाद से हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री बने थे, ठीक वैसा ही आशीर्वाद जमशेदपुर लोकसभा सीट पर इंडिया गठबंधन प्रत्याशी समीर महंती को देकर संसद भवन भेजें। श्रीमती कल्पना सोरेन ने कहा कि याद रखिएं, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 50 साल की उम्र वाली सभी महिलाओं को पेंशन की व्यवस्था की है।
- प्रत्याशी समीर महंती ने कहा कि केंद्र की भाजपा गठबंधन की सरकार की कार्यशैली तो आदिवासी विरोधी है ही, आम जनता विरोधी भी है। महंगाई दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है और सरकार को इसकी चिंता नहीं है। पोटका के विधायक संजीव सरदार ने कहा कि एक-एक वोट देकर इंडिया गठबंधन प्रत्याशी समीर महंती को जीतने का कार्य करें तब जाकर ही हेमंत सोरेन जेल से छूटेंगे।

## केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने पोटका में विद्युत के समर्थन में किया रोड शो



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**पोटका।** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने गुरुवार को जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी बिद्युतवरण महतो के समर्थन में रोड शो किया। मंत्री अर्जुन मुंडा हैलिकॉप्टर से पोटका नुननुनी टांड़ मैदान में उतरे और खुले जीप में सवार होकर पोटका, सानग्राम, मदनसाई, मुकुंदपुर, देवली, आमदा सहित अन्य गांवों तक रोड किया। इस दौरान जगह जगह ग्रामीणों ने मुंडा का स्वागत किया। मुंडा ने ग्रामीणों को हाथ जोड़ अभिवादन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि देश में नरेंद्र भाई मोदी फिर प्रधानमंत्री बनेंगे। भाजपा को व्यापक समर्थन मिला है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भी सभी 14 सीटों पर भाजपा को जीत मिलेगी। जनसंपर्क के दौरान सभी स्थानों पर लोगों का भाजपा के पक्ष में लहर जैसा देखा।

## झामुमो-कांग्रेस के भ्रष्टाचार से हर झारखंडवासी त्रस्त : बिष्णुदेव साय

- लोकसभा चुनाव में जमशेदपुर के सांसद बिद्युतबरण महतो लगायेंगे जीत की हैट्रिक


**खबर मन्त्र ब्यूरो**


संवाददाता सम्मेलन में बोलते बिष्णुदेव साय।

**जमशेदपुर।** झारखंड की जनता ने झामुमो-कांग्रेस और राजद के वादे पर विश्वास कर राज्य की सेवा करने के लिए सत्ता सौंपी थी। लेकिन झामुमो-कांग्रेस गठबंधन सरकार ने झारखंड को अधिकारियों के साथ साठ-गांठ कर आदिवासी, दलित और पिछड़ों के विकास का पैसा लूटकर इसे लूटखंड में बदल दिया। राज्य में नित नए भ्रष्टाचार के कारनामे और ध्वस्त कानून व्यवस्था से झारखंड की जनता त्रस्त हो चुकी है। ये बातें छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने कही। वे गुरुवार को जमशेदपुर में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह भगवान बिरसा मुंडा की पावन धरती है। झारखंड और छत्तीसगढ़ दोनों जुड़वा भाई हैं। हमारे पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने इसका गठन किया था। झारखंड यह मेरा ननिहाल प्रदेश है। जमशेदपुर से भाजपा प्रत्याशी बिद्युत बरण महतो के साथ लोकसभा में मैंने एक साथ कार्य किया है।

## एक नजर में

### तीर-धनुष रामजी का, स्वविवेक से करें वोट : सरयू



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्व के निर्दलीय विधायक सह भारतीय जनतंत्र मोर्चा के मुख्य संरक्षक सरयू राय ने **खबर मन्त्र** से बातचीत में कहा कि हमने अपने समर्थकों को कहा है कि भगवान राम का तीर-धनुष बहुत ही पवित्र है। जहां तक वोट देने की बात है तो विवेक से आप लोग वोट दीजिए। मैंने उन्हें यह भी बता दिया है कि इंडिया गठबंधन समर्थित झामुमो प्रत्याशी समीर महंती मुझसे मिलने मेरे आवास पर आये थे और मुझसे समर्थन मांगा। जहां तक भाजपा की बात है तो उसके किसी नेता न तो फोन किया और न ही मिल कर समर्थन मांगा है।

### हिंदुत्व की रक्षा के लिए मोदी को वोट दें : रामनारायण

**जमशेदपुर।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष रामनारायण शर्मा ने अपनी पार्टी के संरक्षक विधायक सरयू राय से इतर स्टैंड ले लिया है। उन्होंने **खबर मन्त्र** से कहा कि देश में मोदी लहर है, इसको कुंद करने के लिए इंडिया गठबंधन के नेता एकजुट हैं। इसलिए मैंने अपने समर्थकों से कहा है कि आप मोदी को देखते हुए कमल छाप पर वोट दीजिए। हिंदुत्व और भारत को मजबूती देने के लिए नरेंद्र मोदी को फिर से पीएम बनाना जरुरी है। यह पूछने पर कि आपकी पार्टी का तो अलग स्टैंड है? रामनारायण शर्मा ने कहा कि मैंने बहुत सोच-समझ कर अपना स्टैंड तय किया है और मैं अपने स्टैंड पर अटल हूं।

### जमशेदपुर में भाजपा के साथ खेला होबे : कालिंदी



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने पटमदा के जोड़सा पंचायत के जोड़सा गांव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी समीर मोहंती को मतदान करने के लिये जनसंपर्क अभियान चलाया और स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से भी अवगत हुए। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि शहर से लेकर गांव तक इंडिया गठबंधन की लहर चल रही है। इस बार जमशेदपुर में भाजपा के साथ खेला होबे। मौके पर मिहिर कुम्भकार, नविन कुम्भकार, अमित श्रीवास्तव, अनंत सिंह, सुखदेव कुंभकार, गौरचंद्र सिंह, चंद्र मोहन माझी, बिधान माझी, बीरबल सिंह, देवेंदर कुंभकार आदि उपस्थित थे।

## भाजपा प्रत्याशी बिद्युतबरण महतो ने छत्तीसगढ़ के सीएम संग किया रोड शो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** गुरुवार को छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने जमशेदपुर के सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी बिद्युत महतो के समर्थन में भव्य रोड शो किया। रोड शो साकची स्थित बोधि मंदिर मैदान से प्रारंभ होकर एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान खुली जीप में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री, सांसद बिद्युत, छत्तीसगढ़ के पूर्व विस अध्यक्ष धरमलाल कौशिक समेत अन्य मौजूद रहे। रोड शो साकची स्थित बोधि मंदिर मैदान से शुरू होकर, डीसी ऑफिस गोलचक्कर के रास्ते बंगाल क्लब गोलचक्कर, साकची गोलचक्कर, टेंपो स्टैंड के रास्ते स्ट्रेट माइल रोड, संजय मार्केट, रामलीला मैदान, बाराद्वारी तक पहुंचे।

>> जनता के स्नेह और आशीर्वाद से अभिभूत हूं : बिद्युतबरण महतो


पड़ोसी राज्य के सीएम संग रोड शो करते भाजपा के जमशेदपुर प्रत्याशी बिद्युतबरण महतो।

## बुद्ध पूर्णिमा पर ब्रह्मानंद नारायणा ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर बोधी सोसायटी, साकची जमशेदपुर ने एक मेगा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर बुद्ध मंदिर में लगाया। शिविर का उद्घाटन भंते ज्ञानज्योति महाथेरो के द्वारा किया गया। शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ मुकेश कुमार एवं जनरल फिजिशियन, डॉ शुभाशीष डे ने 150 से ज्यादा लोगों की जांच की। शिविर में निशुल्क ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन, ईसीजी एवं बीएमआई की जांच की गयी। डॉ मुकेश कुमार ने स्वास्थ्य जागरूकता के बारे में परिचर्चा भी की। बताया कि 40 से ऊपर आयु वर्ग के सभी लोगों को साल में एक बार नियमित रूप से हेल्थ चेकअप करवाना चाहिए।


जांच करते डॉ मुकेश कुमार।

## 16 साल की पर्वतारोहण स्टार काम्या कार्तिकेयन ने किया माउंट एवरेस्ट फतह

- अभियान को टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन ने दिया था समर्थन
- काम्या यह उपलब्धि हासिल करने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय पर्वतारोही

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर/मुंबई।** 16 वर्षीय पर्वतारोहण प्रतिभा काम्या कार्तिकेयन ने 20 मई, 2024 को माउंट एवरेस्ट के शिखर पर सफलतापूर्वक चढ़ाई पूरी की। काम्या को इस अभियान में टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन (टीएसएएफ) द्वारा समर्थित किया गया था। उनके पिता, भारतीय नौसेना के कमांडर एस कार्तिकेयन भी उनके साथ थे, जिन्होंने समुद्र तल से ऊपर पृथ्वी के सबसे ऊंचे पर्वत पर चढ़ाई की।

काम्या ने टीएसएएफ प्रशिक्षकों के विशेषज्ञ मार्गदर्शन में प्रशिक्षण लिया था। वह अगस्त 2023 में लेह-लद्दाख में टीएसएएफ द्वारा आयोजित माउंट कांग यात्से 1 अभियान का भी हिस्सा थीं। टीएसएएफ ने अब तक 14 व्यक्तियों को माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने में सहायता की है।

चाणक्य चौधरी, चेयरमैन, टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन और वाईस प्रेसिडेंट, कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील ने कहाः इतनी कम उम्र में माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने की काम्या कार्तिकेयन की असाधारण उपलब्धि पर हमें अविश्वसनीय रूप से गर्व है। उनकी सफलता दृढ़ता, सावधानीपूर्वक तैयारी, अटूट दृढ़ संकल्प की भावना का प्रमाण है। काम्या की सफलता टीएसएएफ के मूल मूल्यों को दशार्ती है, और हमें इस ऐतिहासिक प्रयास में उसका समर्थन करने पर गर्व है। वह हर मोर्चे पर, साहसिक खेलों से जुड़े युवाओं के लिए एक प्रेरणा है, जो साबित करती है कि समर्पण और सही समर्थन के साथ, सबसे महत्वाकांक्षी सपनों को भी साकार किया जा सकता है।

काम्या अपनी टीम के साथ 6 अप्रैल को काठमांडू पहुंचीं। कई दिनों की रणनीतिक योजना के बाद आखिरकार उनकी चढ़ाई 16 मई को एवरेस्ट बेस कैंप से शुरू हुई। 17 मई को कैंप 2 में एक दिन के विश्राम के बाद, वे 18 मई को सुबह 9:30 बजे कैंप 3 में और कठिन मौसम की स्थिति से गुजरते हुए 19 मई को कैंप 4 में पहुंचे। शिखर पर चढ़ाई का अंतिम प्रयास 20 मई, 2024 की सुबह शुरू हुआ। एक अनुभवी शेरपा के नेतृत्व में टीम ने मौसम की स्थिति, विशेषकर हवा की गति को देखते हुए, सुबह 4 बजे अपनी चढ़ाई शुरू करने का रणनीतिक निर्णय लिया।

### गुरदीप ने किया छत्तीसगढ़ के सीएम का अभिनंदन



**जमशेदपुर।** झारखंड सिक्ख विकास मंच, के संस्थापक अध्यक्ष गुरदीप सिंह पप्पू ने छत्तीसगढ़ के मुख्य मंत्री विष्णु देव जी को रिसीव करने उपरांत उनका स्वागत फूलों का गुलदस्ता एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। अवतार सिंह गांधी विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत के अधिकारी द्वारा उन्हें अंग वस्त्र दे कर सम्मानित किया। परमजीत सिंह सबलोक चन्नी, दलजीत सिंह बाबू एवं इंदर सिंह इंदर ने भी अपनी स्वागत मे उपस्तिथि दर्ज कराई, तथा सकची गोल चक्कर में सीख समाज के लोगों ने रोड शो में शामिल मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ भाजपा प्रत्याशी विद्युत करण महतो जी एवं जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा जी एवं कई लोगों का को फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया एवं सम्मान किया गया। इनमें काफी लोग थे सिख समाज की तरफ से जैकारों से बोले सो निहाल... संत श्री अकाल ने पूरा माहौल गूंज उठा जिसका दो हाथ जोड़ कर सब ने अभिवादन किया।

# फाइनल में जगह बनाने उतरेंगे सनराइजर्स और रॉयल्स

एजेंसी

**चेन्नई।** सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स की टीमें फाइनल में जगह बनाने के लिए शुक्रवार को जब यहां दूसरे क्वालीफायर में आमने-सामने होंगी तो यह आइपीएल के सर्वश्रेष्ठ पावर हिटर ट्रेविड हेड और अभिषेक शर्मा तथा युजवेंद्र चहल और रविचंद्रन अश्विन की चतुर स्पिन जोड़ी के बीच मुकाबला भी होगा। हेड और अभिषेक की जोड़ी आक्रामक बल्लेबाजी को नए स्तर तक ले गई है और इस जोड़ी को प्रशंसकों से 'ट्रेविषेक' नाम मिला है। हेड ने मौजूदा सत्र में 199.62 के स्ट्राइक रेट से 533 रन बनाए हैं जबकि अभिषेक के नाम पर 207.04 के स्ट्राइक रेट से 470 रन दर्ज हैं। दोनों ने मिलकर अब तक 72 छक्के और 96 चौके मारे हैं। इसके अलावा सनराइजर्स के पास हेनरिक क्लासेन (180 के स्ट्राइक रेट से 413 रन) के रूप में एक बेहतरीन बल्लेबाज है जो 34 छक्के मारे चुके हैं। उप्पल या कोटला या वानखेड़े की तुलना में चेपक में खेलना हालांकि बिलकुल अलग होगा क्योंकि यहां गेंद रुककर आती है और आते ही बड़े शॉट खेलना आसान नहीं होता। अपना अधिकतर क्रिकेट इसी मैदान पर खेलने वाले रॉयल्स के ऑफ स्पिनर अश्विन यहां की पिच से अच्छी तरह वाकिफ हैं और टूनामेंट के आखिरी चरण में उनकी फॉर्म में सुधार हुआ है। रॉयल्स को उम्मीद होगी कि देश के सर्वश्रेष्ठ लेग स्पिनर चहल के साथ वह हेड, अभिषेक और क्लासेन को जल्दी से जल्दी पवेलियन भेज देंगे जिससे कि वे मैच पर नियंत्रण बना सकें। जहां तक सनराइजर्स की गेंदबाजी की बात है तो एक बार फिर जिम्मेदारी टी नटराजन पर होगी जो इस सत्र में टीम के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं और यहां अपने घरेलू मैदान पर खेलते हुए परिस्थितियों का फायदा उठाना चाहेंगे। इसके अलावा भुवनेश्वर कुमार और पैट कमिंस की अनुभवी जोड़ी को भी काफी कुछ करना होगा क्योंकि पिछले दो मैचों में भुवनेश्वर कुमार ने कोई विकेट नहीं लिया है। सनराइजर्स की समस्या टीम में दो अच्छे स्पिनरों का नहीं होना भी है। मयंक मार्कंडेय बहुत अधिक प्रभावी नहीं हैं जबकि शाहबाज अहमद का मुख्य कौशल तेज बल्लेबाजी करना है, ना कि बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी। रॉयल्स की बात करें तो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू खिलाफ अपने ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत टीम ने आखिरकार पांच मैचों से जीत के इंतजार को खत्म कर दिया। बल्लेबाजी में शीर्ष क्रम ने कुछ सकारात्मक संकेत दिखाए, खासकर यशस्वी जायसवाल ने और वह अगले महीने अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले इस फॉर्म को जारी रखना चाहेंगे। हालांकि कप्तान संजू सैमसन को बेहतर प्रदर्शन करना होगा क्योंकि उन्होंने पिछले तीन मुकाबलों में 20 रन का आंकड़ा भी नहीं छुआ है। मध्य क्रम में ध्रुव जुरेल दबाव में होंगे जो अपने पिछले दो मैचों में दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाए। टीम वेस्टइंडीज के आक्रामक बल्लेबाजों शिमरोन हेटमायर और रोवमैन पॉवेल पर भी निर्भर करेगी जिन्होंने बेंगलुरू के खिलाफ पावर हिटिंग का नजारा पेश किया। मौजूदा सत्र में शानदार फॉर्म में चल रहे रियान पराग रॉयल्स के भरोसेमंद बल्लेबाजों में से एक हैं।

### मैच ना होने की स्थिति में किसे फायदा?

क्वालिफायर-2 मैच के दौरान भले ही बारिश की संभावना ना के बराबर है, लेकिन अगर मैच में बारिश हुई तो भी चिंता की बात नहीं है क्योंकि इस मुकाबले के लिए रिजर्व डे रखा गया है। अगर शुक्रवार को मैच नहीं हो सका तो शनिवार को मुकाबला खेला जाएगा। हालांकि, दोनों ही दिन मैच ना होनी की स्थिति में हैदराबाद की टीम सीधे फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लेगी क्योंकि सनराइजर्स राजस्थान से तालिका में एक स्थान आगे थी।



### दोनो टिम इस प्रकार हैं

**सनराइजर्स हैदराबाद :** अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, राहुल त्रिपाठी, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), नितीश रेड्डी, अब्दुल समद, शाहबाज अहमद, पैट कमिंस (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, टी नटराजन, विजयकांत व्यासकांथ ।

**राजस्थान रॉयल्स :** यशस्वी जायसवाल, टॉम कोहलर-कैडमोर, संजू सैमसन (कप्तान और विकेट कीपर), रियान पराग, ध्रुव जुरेल, रोवमैन पॉवेल, रविचंद्रन अश्विन, ट्रेंट बोल्ट, आवेश खान, संदीप शर्मा, युजवेंद्र चहल ।

**मैच का समय : शाम 7.30 बजे।**

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | टीम | रन |
|---|---|---|
| कोहली | बेंगलुरु | 741 |
| गायकवाड | चेन्नई | 583 |
| पराग | राजस्थान | 567 |
| हेड | हैदराबाद | 533 |
| साई | गुजरात | 527 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | टीम | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल | पंजाब | 24 |
| बुमराह | मुंबई | 20 |
| वरूण | कोलकाता | 20 |
| अर्शदीप | पंजाब | 19 |
| देशपांडे | चेन्नई | 18 |

### क्वालिफायर-2 में बेहतर है हैदराबाद का रिकॉर्ड

पैट कमिंस की अगुआई वाली सनराइजर्स हैदराबाद का क्वालिफायर-2 में रिकॉर्ड बेहतर है। हैदराबाद की टीम अब तक तीन बार क्वालिफायर-2 में हिस्सा ले चुकी है जहां दो बार टीम को सफलता मिली है, जबकि एक मैच उसने गंवाया है। हैदराबाद 2016 में क्वालिफायर-2 मुकाबला गुजरात लायंस के खिलाफ खेली थी जहां उसने चार विकेट से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया था। टीम ने इसके बाद खिताबी मुकाबले में आरसीबी को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की थी। इसके बाद हैदराबाद 2018 सीजन में भी क्वालिफायर-2 खेली और उस समय टीम ने केकेआर को 14 रनों से हराया, लेकिन फाइनल में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से हार गई। फिर टीम ने 2020 सीजन में भी क्वालिफायर-2 मुकाबला खेला, लेकिन हैदराबाद को दिल्ली कैपिटल्स के हाथों 17 रनों से हार का सामना करना पड़ा।

### राजस्थान की टीम का बराबरी का रहा है रिकॉर्ड

राजस्थान की टीम ने 2008 में आइपीएल का खिताब जीता था और टीम अब तक दो बार क्वालिफायर-2 में पहुंची है। टीम को इस दौरान एक बार जीत मिली, जबकि एक मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा है। राजस्थान की टीम 2013 में पहली बार क्वालिफायर-2 मुकाबला खेली थी और उसे कोलकाता में खेले गए मैच में मुंबई इंडियंस ने चार विकेट से हराया था। इसके बाद टीम को 2022 में भी क्वालिफायर-2 मुकाबला खेलना पड़ा, लेकिन इस बार संजू सैमसन की अगुआई वाली टीम ने आरसीबी को सात विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया, लेकिन खिताबी मुकाबले में राजस्थान को गुजरात टाइटंस से हार मिली।

## रायुडू ने उड़ाया आरसीबी का मजाक

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायुडू ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इंडियन प्रीमियर लीग 2024 से बाहर होने के बाद एक पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा किया जो सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है। फ्रैंचाइजी और टीमों के प्रशंसकों के बीच लड़ाई देखना आम बात है, लेकिन अक्सर ऐसा नहीं होता कि कोई क्रिकेटर इंटरनेट पर इस तरह की लड़ाई में भाग लेते हुए दिखे। यह आरसीबी ही थी जिसने इस अभियान में सीएसके को आईपीएल 2024 से बाहर कर दिया जिससे रायुडू परेशान हो गए। लेकिन राजस्थान के खिलाफ हार के बाद ऐसा लग रहा था कि पूर्व भारतीय बल्लेबाज ने बेंगलुरु की टीम के प्रतियोगिता से बाहर होने का आनंद लिया। इंस्टाग्राम पर रायुडू ने आरसीबी का मजाक उड़ाते हुए एक पोस्ट शेयर की जिसका कैप्शन था, 'कभी-कभी एक सौम्य अनुस्मारक की आवश्यकता होती है।' वीडियो पोस्ट में कई सीएसके खिलाड़ियों को 5 का इशारा करते हुए देखा जा सकता है जो इस बात का संकेत देता है कि उन्होंने कितनी बार आइपीएल जीता है।

## भारत-पाक मैच के 1 टिकट की कीमत 16 लाख

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वेस्टइंडीज और संयुक्त राज्य अमेरिका की मेजबानी में खेले जाने वाले आगामी टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए आइसीसी पूरी तरह से तैयार हैं। यह टूनार्मेंट 2-29 जून तक खेला जाएगा। इस मेगा इवेंट में 20 टीम हिस्सा लेंगी। टूनार्मेंट के दौरान अमेरिका में लॉडरहिल, डलास और न्यूयॉर्क स्टेडियम में 16 मैच आयोजित किए जाएंगे। नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम, न्यूयॉर्क में 8 मैच खेले जाने हैं, जिसमें 9 जून को खेले जाने वाला भारत बनाम पाकिस्तान ब्लॉकबस्टर मुकाबला भी शामिल है।

**ललित मोदी ने आइसीसी को सुनाई खरी-खोटी:** आइपीएल के फाउंडर ललित मोदी ने भारत-पाकिस्तान मैच की इतनी महंगी कीमत के लिए आइसीसी को खूब खरी खोटी सुनाई है। ललित ने एक्स पर एक पोस्ट करते हुए लिखा, 'यह जानकर आश्चर्य हुआ कि आइसीसी ने भारत बनाम पाकिस्तान मैच के लिए डायमंड क्लब का 1 टिकट 20000 डॉलर में बेच रहा है। अमेरिका में वर्ल्ड कप खेल को बढ़ाने और फैंस को जोड़ने के लिए हो रहा है, ना कि मुनाफा कमाने के लिए. $2750 (करीब 2.29 लाख भारतीय रुपये) का 1 टिकट बेचना क्रिकेट नहीं है।

#### भारत-पाक मुकाबले के टिकट जारी

भारत और पाकिस्तान के बीच 9 जून को न्यूयॉर्क में खेले जाने वाले बहुप्रतिक्षित मैच के लिए आइसीसी ने टिकट जारी कर दिए हैं। इस महामुकाबले के लिए आइसीसी ने टिकटों की कीमत लाखों में रखी है। आइसीसी ने डायमंड कैटेगरी के 1 टिकट की कीमत 20 हजार डॉलर (करीब 16.65 लाख भारतीय रुपये) रखी है।

### फ्रेंच ओपन से हटीं पेगुला

**पेरिस।** दुनिया की 5वें नंबर की खिलाड़ी जेसिका पेगुला फ्रेंच ओपन टेनिस टूनार्मेंट से हट गई हैं क्योंकि वह इस क्ले कोर्ट ग्रैंडस्लैम में प्रतिस्पर्धा करने के लिए पूरी तरह फिट नहीं हैं। अमेरिका की जेसिका 2 साल पहले रोलां गैरो पर क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी। फ्रेंच ओपन रविवार को शुरू होगा। जेसिका को इसी सत्र में गर्दन में चोट लगी थी और वह अप्रैल से नहीं खेली हैं। जेसिका ने इंस्टाग्राम पर लिखा- मैंने सामान्य अभ्यास शुरू किया है (हफ्तों से कोई समस्या नहीं है) लेकिन उबरने और खेल में वापसी को लेकर बेहद सुरक्षित रुख अपना रही हूं। अगर मुझे 5 से 7 दिन और मिलते तो मैं शत प्रतिशत खेलती।

### नीदरलैंड ने टी-20 विश्वकप टीम में किए दो बदलाव

**एम्स्टर्डम।** फ्रेड क्लासेन और डैनियल डोरम के चोटिल होने के कारण नीदरलैंड ने आइसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 के लिए दो नए खिलाड़ियों को टीम में जगह दी है। आइसीसी की रिपोर्ट के अनुसार चोटिल खिलाड़ियों को टीम से बाहर किये जाने के बाद उनकी जगह रिजर्व काइल क्लेन और साकिब जुल्फिकार को 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। इसके साथ ही काइल के भाई, रयान क्लेन को अब रिजर्व के खिलाड़ी के रूप में नामित किया गया है।

### आरसीबी को बेहतर गेंदबाजों की जरूरत : फ्लावर

**अहमदाबाद।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने कहा कि चिन्नास्वामी स्टेडियम की छोटी बाउंड्री को देखते हुए टीम को और बेहतर गेंदबाजों की जरुरत है। फ्लावर ने कहा, मुझे लगता है कि हमारी टीम ने पहले चरण में पिछड़ने के बाद बेहतरीन ढंग से वापसी की। जिस तरह से फाफ डुप्लेसी और विराट कोहली की अगुवाई में युवा खिलाड़ियों ने प्रदर्शन किया वो प्रशंसनीय है। जहां तक अगले सत्र के लिए खिलाड़ियों को खरीदने की बात है तो इस पर चर्चा करना अभी काफी जल्दबाजी होगी। हालांकि चिन्नास्वामी पर हमें चतुराई से गेंदबाजी करने वाले गेंदबाजों की जरूरत है।

## अपने दूसरे मैच में हारीं भारतीय जूनियर महिला और पुरुष हॉकी टीमें

एजेंसी

**ब्रेडा।** भारतीय जूनियर महिला और पुरुष हॉकी टीमों को यूरोप दौरे पर बेल्जियम की टीमों के खिलाफ अपने-अपने मैचों में हार का सामना करना पड़ा। दोनों टीमें अपने बेल्जियम समकक्षों से 2-3 से हार गईं। जहां बिनीमा धान (49', 58') ने भारतीय जूनियर महिला टीम के लिए दो गोल किए, वहीं कप्तान रोहित (44', 57') ने भारतीय पुरुष टीम के लिए दो गोल किए।

#### महिला हॉकी टीम

भारतीय जूनियर महिला टीम दौरे के अपने दूसरे मैच में बेल्जियम से कड़े मुकाबले में 2-3 से हार गई। पहले क्वार्टर में भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम शुरूआत में ही दो पेनल्टी कॉर्नर जीतकर बढ़त लेने के लिए उत्सुक दिखी। हालांकि, टीम इसका फायदा नहीं उठा सकी। बेल्जियम ने दूसरे क्वार्टर में जोरदार जवाब दिया और मध्यांतर से पहले 1-0 की बढ़त ले ली। बेल्जियम ने तीसरे और चौथे क्वार्टर में गोल कर अपनी बढ़त 3-0 कर ली। हालांकि, भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के लिए बिनीमा धान (49', 58') ने अंतिम क्वार्टर में दो गोल करके स्कोर 3-2 कर दिया और यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। भारतीय जूनियर महिला टीम अपना अगला मैच 24 मई को एंटवर्प में बेल्जियम के खिलाफ खेलेगी।

#### जूनियर पुरुष हॉकी टीम रोमांचक मुकाबले में बेल्जियम से हारी

भारतीय जूनियर पुरुष टीम यूरोप दौरे के अपने दूसरे मैच के दौरान रोमांचक मुकाबले में बेल्जियम से 2-3 से हार गई। बेल्जियम ने पहले क्वार्टर में ही गोल कर बढ़त बना ली। भारतीय कोल्ट्स ने दूसरे क्वार्टर में बराबरी करने की भरपूर कोशिश की लेकिन बेल्जियम ने एक और गोल कर अपनी बढ़त दोगुनी कर दी। पहला हाफ समाप्त होने पर भारतीय टीम 0-2 से पीछे थी। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के लिए कप्तान रोहित ने 44वें मिनट में गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया। हालांकि, बेल्जियम ने पेनल्टी कॉर्नर पर तीसरा गोल करके अपनी दो गोल की बढ़त फिर से हासिल कर ली। भारतीय कप्तान रोहित ने 57वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अपनी टीम को मुकाबले में बनाए रखा, लेकिन बेल्जियम ने अपनी बढ़त बरकरार रखी और भारतीय जूनियर पुरुष टीम 2-3 से मैच हार गई।

भारतीय जूनियर पुरुष टीम अपना अगला मैच 23 मई को नीदरलैंड के ब्रेडा में ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग पुश के खिलाफ खेलेगी।

### सीएसके सीइओ का ईशारा- उम्मीद है कि धोनी अगले साल खेलेंगे

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कासी विश्वनाथन ने कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में बतौर खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। सीएसके की अगुआई करते हुए 5 रिकॉर्ड आइपीएल खिताब दिलाने वाले धोनी ने इस सत्र के शुरू होने से एक दिन पहले कप्तानी से हटने का फैसला किया और यह जिम्मेदारी रूतुराज को सौंप दी थी। सीएसके इस सत्र में 5वें स्थान पर रहीं। अटकलें लगाई जा रही हैं कि यह धोनी का टूनार्मेंट में अंतिम सत्र हो सकता है लेकिन विश्वनाथन ने माना कि अपने भविष्य पर अंतिम फैसला करना पूरी तरह से पूर्व भारतीय कप्तान धोनी पर निर्भर है। विश्वनाथन ने सीएसके के यूट्यूब चैनल पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि मुझे नहीं पता। यह ऐसा सवाल है जिसका जवाब सिर्फ एमएस ही दे सकते हैं। हमने हमेशा एमएस के फैसले का सम्मान किया है।

## प्रथमेश फुगे सेमीफाइनल में पहुंचे, विश्व कप स्टेज 2 में रिकर्व तीरंदाजों का रहा निराशाजनक प्रदर्शन

एजेंसी

**येचिओन (दक्षिण कोरिया)।** युवा कंपाउंड तीरंदाज प्रथमेश फुगे ने सेमीफाइनल में जगह बनाई, लेकिन पुरुष और महिला रिकर्व टीमों को गुरुवार को यहां विश्व कप चरण 2 के शुरूआती दौर में हार का सामना करना पड़ा। मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन ज्योति सुरेखा वेन्नम, जिन्होंने पिछले महीने स्टेज 1 शंघाई लेग में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक हासिल की थी, भी पिछड़ गईं और कंपाउंड महिला व्यक्तिगत क्वार्टर में सारा लोपेज से 142-145 से हार गईं। 21 वर्षीय फुगे ने अपने करियर की शीर्ष जीतों में से एक हासिल की जब उन्होंने 2021 विश्व चैंपियन और विश्व नंबर 6 निको वीनर को 146-145 से हराकर यूएसए के जेम्स लुत्ज के खिलाफ सेमीफाइनल में जगह बनाई। उन्होंने शुरूआती दबाव बनाते हुए पहले छोर पर 30 का



परफेक्ट राउंड लगाया, जबकि ऑस्ट्रियाई हैवीवेट को वापसी के लिए संघर्ष करना पड़ा। वीनर चौथे छोर पर 117-ऑल का स्तर बनाने में कामयाब रहे, लेकिन फुगे ने धैर्य बनाए रखा और अंतिम राउंड में केवल 1 अंक गंवाकर 1 अंक की रोमांचक जीत हासिल की। विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता अभिषेक वर्मा दूसरे दौर में हार गए, जबकि प्रियांश प्री-क्वार्टर में हार गये। विश्व चैंपियन दक्षिण कोरिया को हराकर शंघाई स्वर्ण पदक जीतने के बाद, तरूणदीप राय, धीरज बोम्मदेवरा और मृणाल चौहान की भारतीय पुरुष टीम पूर्व-टूनार्मेंट प्रचार के अनुरूप प्रदर्शन करने में विफल रही और कनाडा द्वारा अपने शुरूआती मुकाबले में 3-5 से हार गई। इस हार से घरेलू प्रबल दावेदार दक्षिण कोरिया और भारत के बीच एक और स्वर्ण पदक मुकाबले की उम्मीदें भी खत्म हो गईं, जो क्वालीफाइंग दौर में शीर्ष दो स्थान पर रहे थे। भारत ने शुरूआती सेट (59-50) में केवल 1 अंक गंवाकर जीत हासिल की, लेकिन कनाडाई एरिक पीटर्स, ब्रैंडन जुएरेब और रीस विल्सन-पॉयटन ने 58 के साथ जोरदार जवाब दिया और दूसरा सेट 2 अंकों से जीत लिया। तीसरे सेट में तीन 8 के स्कोर के साथ 53 का स्कोर बनाया, जबकि कनाडा ने 57 का स्कोर बनाकर 4-2 की बढ़त बना ली। चौथे सेट में 55-ऑल टाई कनाडा के लिए भारतीयों को अपने खिताब की रक्षा से बाहर करने के लिए पर्याप्त था। दीपिका कुमारी, अंकिता भक्त और भजन कौर की रिकर्व महिला टीम भी अपना पहला मैच वियतनाम से 4-5 (53-57, 56-55, 56-59, 57-52) (25-27) से हार गई। 53 अंकों की खराब शुरूआत उन्हें महंगी पड़ी क्योंकि वे बैकफुट पर शुरू हुए और 2-4 से पिछड़ गये। चौथे सेट में 57 अंक के कारण शूटऑफ हुआ जहां वियतनाम ने भारतीयों को 27-25 से हरा दिया।

### विदेश में ट्रेनिंग करेंगे सेन व पीवी सिंधु

**नयी दिल्ली।** भारतीय शटलर लक्ष्य सेन और पीवी सिंधु अपनी ओलंपिक तैयारियों के तहत क्रमशः फ्रांस और जर्मनी में प्रशिक्षण लेंगे। इसकी खेल मंत्रालय ने मंजूरी दे दी है। दरअसल, सेन ने फ्रांस के मार्सिले में 12 दिवसीय प्रशिक्षण सत्र के लिए वित्तीय सहायता मांगी थी। वह आठ-21 जुलाई तक अपने कोच और सहयोगी स्टाफ के साथ द हाले डेस स्पोर्ट्स पारसेर्मेन में प्रशिक्षण लेंगे। वहीं, सिंधु जर्मनी के सारब्रुकन में हरमन-न्यूबर्गर स्पोर्ट्सक्यूल में प्रशिक्षण लेंगी। पेरिस जाने से पहले वह अपने कोच और सहयोगी स्टाफ के साथ एक महीने से अधिक समय तक वहां अभ्यास करेंगी। मंत्रालय की तरफ से कहा गया है कि, खेल मंत्रालय की लक्ष्य ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत उनके (लक्ष्य-सिंधु) हवाई किराया, बोर्डिंग/आवास लागत, स्थानीय परिवहन शुल्क, वीजा शुल्क, शटलकॉक खर्चों के वित्तपोषण को मंजूरी दे दी गई।

## सिंधू मलेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी

**कुआलालंपुर।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने गुरुवार को यहां कड़े मुकाबले में कोरिया की सिम यू जिन को तीन गेम में हराकर मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूनार्मेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पूर्व विश्व चैंपियन और दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने कोरिया की दुनिया की 34वें नंबर की खिलाड़ी यू जिन को महिला एकल के दूसरे दौर के मुकाबले में 59 मिनट में 21-13 12-21 21-14 से हराया। यू जिन के खिलाफ सिंधू की यह तीसरी जीत है। पिछले साल अक्टूबर में लगी घुटने की चोट से उबरने के बाद वापसी करते हुए हैदराबाद की 28 साल की सिंधू शीर्ष फॉर्म हासिल करने में नाकाम रही है। पांचवीं वरीय सिंधू अगले दौर में शीर्ष वरीय हेन युई से भिड़ेंगी। चीन की इस खिलाड़ी ने पिछले महीने निंग्बो में एशिया बैडमिंटन चैंपियनशिप में सिंधू को हराया था। पिछला खिताब 2022 में सिंगापुर ओपन में जीतने वाली सिंधू का दुनिया की छठे नंबर की खिलाड़ी के खिलाफ रिकॉर्ड अच्छा है। भारतीय खिलाड़ी ने हेन युई के खिलाफ 6 में से 5 मैच जीते हैं। सिंधू ने मुकाबले में धीमी शुरूआत की और पहले गेम में 3-7 से पिछड़ गई। भारतीय खिलाड़ी



हालांकि वापसी करते हुए ब्रेक तक 11-10 की बढ़त बनाने में सफल रही और फिर लगातार 7 प्वाइंट्स के साथ पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। यू जिन ने ब्रेक तक 11-10 की बढ़त बनाई और खेल दोबारा शुरू होने पर 14-10 से आगे हो गईं। कोरिया की खिलाड़ी ने अगले 9 में से 7 अंक जीतकर मुकाबले को तीसरे और निर्णायक गेम में खींचा। निर्णायक गेम में यू जिन ने एक बार फिर अच्छी शुरूआत करते हुए 5-1 की बढ़त बनाई। सिंधू ने स्कोर 6-6 किया और फिर 13-9 की बढ़त बनाई। उन्होंने 16-14 के स्कोर पर लगातार 5 प्वाइंट्स के साथ गेम और मैच अपने नाम किया। अन्य मुकाबलों में मिश्रित युगल में बी सुमित रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी को चेन टैंग जेइ और टोह ई वेई की मलेशिया की शीर्ष वरीय जोड़ी के खिलाफ 9-21 15-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी जबकि सिमरन सिंघी और रितिका ठाकर को पियर्ली टेन और थिनाह मुरलीधरन की मलेशिया की दूसरी वरीय जोड़ी के खिलाफ महिला युगल में 17-21 11-21 से हार का सामना करना पड़ा।

## ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने से .01 सेकंड से चूकीं ज्योति याराजी

एजेंसी

**जिवासकीला (फिनलैंड)।** एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता ज्योति याराजी ने मोटोनेट जीपी एथलेटिक्स मीट में अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ स्पर्धा जीत ली, लेकिन मात्र .01 सेकंड से पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करने से चूक गईं। सत्र की अपनी तीसरी आउटडोर प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए याराजी ने 12.78 सेकंड का समय लिया जबकि पेरिस ओलंपिक का क्वालिफिकेशन मार्क 12.77 सेकंड है। दिलचस्प बात है कि 24 वर्षीय एथलीट पिछले वर्ष चीन के चेंगदू में वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में इसी अंतर से ओलंपिक प्रवेश मार्क पूरा करने से चूक गई थीं। इस बीच तेजस शिरसे ने पुरुषों की 110 मी बाधा दौड़ 13.41 सेकंड का समय लेकर जीत ली। उन्होंने सिद्धांत तिंगालया के 2017 में अमेरिका में एल्टिस



इंविटेशनल मीट में बनाये गए पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड (13.48) को तोड़ा। लेकिन उनका यह प्रयास पेरिस ओलंपिक के 13.27 सेकंड के क्वालिफिकेशन मार्क से थोड़ा अंतर से कम रह गया। बता दें कि पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफिकेशन अवधि 30 जून को समाप्त हो रही है। मोहम्मद अफसल ने पुरुषों की 800 मी दौड़ 1:48.91 के समय के साथ जीती। पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में 20 वर्षीय अनिमेष कुजूर 10.39 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि पुरुषों की 200 मीटर में राष्ट्रीय रिकॉर्ड रखने वाले अमलान बोगोर्हेन 100 मीटर में 10.54 सेकंड के साथ चौथे स्थान पर रहे।

### राजद के साथ जाना एक गलती थी

# अब ऐसी गलती फिर कभी नहीं करेंगे : नीतीश कुमार



एजेंसी

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के साथ जाना उनकी गलती थी। भाजपा उम्मीदवार शिवेश राम के पक्ष में चुनाव प्रचार के दौरान करगहर में जनसभा को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने यह बात स्वीकार की। उन्होंने कहा कि हमने दो बार गलती की है जिस कारण राजद को बिहार में मजबूत होने का मौका मिला। नीतीश ने कहा कि पहली बार जब हमने गलती की तो राजद के लोगों को अपने साथ लिया, लेकिन जब गड़बड़ी करने लगे तो उन्हें हटा दिया। भूलवश दूसरी बार भी उन्होंने गलती कर राजद के साथ चले गए, लेकिन अब वह ऐसी गलती फिर नहीं करेंगे। नीतीश ने कहा कि 2005 में भाजपा के साथ मिलकर उन्होंने जो सरकार बनाई, उसके बाद बिहार में काफी कुछ बदलाव हुआ। नीतीश कुमार ने कहा कि जब राजद सत्ता में थी तो हिंदू-मुसलमान के बीच झगड़ा होता था। जब जदयू तथा भाजपा साथ आए तो उन लोगों ने इस झगड़े को खत्म कर दिया। उन्होंने सासाराम के भाजपा उम्मीदवार शिवेश राम को वोट देने की लोगों से अपील की। सासाराम में सातवें चरण में चुनाव है और नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर काराकाट और जहानाबाद के साथ वोटिंग है। इस बार सासाराम संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार मनोज राम और भाजपा के शिवेश राम के बीच सीधा मुकाबला है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार छेदी पासवान ने जीत हासिल की थी। छेदी पासवान ने 4 लाख 94 हजार 800 वोट हासिल किया था। वहीं, कांग्रेस उम्मीदवार मीरा कुमार 3 लाख 29 हजार 55 वोट लाकर दूसरे स्थान पर रहीं थीं तो बीएसपी उम्मीदवार मनोज कुमार 86 हजार 406 वोट लाकर तीसरा स्थान हासिल किया था।

**सासाराम का जातीय समीकरण :** सासाराम लोकसभा क्षेत्र के अंदर 6 विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें चैनपुर, चेनारी, मोहनिया, भभुआ, सासाराम और करगहार हैं। यहां पर 70 फीसदी हिंदू आबादी और 25.58 फीसदी मुस्लिम समुदाय की आबादी है। इसके अलावा सिख, इसाई, जैन और बुद्ध धर्म के वोटर्स भी हर चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाते हैं।

### पांच चरण के मतदान के बाद राजग बहुमत की जादुई आंकड़ा पार कर चुकी है

# जो राम को लाएं हैं हम उनको लाएंगे : योगी आदित्यनाथ

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को पश्चिमी चंपारण लोकसभा संसदीय सीट के भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि फिर से एक बार मोदी सरकार, अबकी बार चार सौ पार। जो राम को लाएं हैं हम उनको लाएंगे। पांच चरण के मतदान के बाद राजग बहुमत की जादुई आंकड़ा पार कर चुकी है।



डॉक्टर संजय जयसवाल के पक्ष में सुगौली नगर के शिवालय मंदिर के नजदीक धनही के स्टेडियम में चुनावी सभा को संबोधित करते योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश मजबूत हुआ है। आज का भारत पहले वाला भारत नही है। भारत किसी को छेड़ता नही है,लेकिन कोई छेड़ता है तो उसे छोड़ता भी नहीं है। आज का भारत अपने दुश्मनों को उसके घर में घुस कर मारता है। विपक्ष के नेता पाकिस्तान के एटम बम की बात करते हैं। जब पीएम मोदी देश में दहाड़ते है तो पाकिस्तान का कलेजा कांप जाता है। देश में मजबूत सरकार की जरूरत है। जनता ने मोदी जी को तीसरी बार पीएम बनाने का मन बना लिया है। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस व राजद के गठबंधन केवल लूटने के लिए बना है। विपक्ष के पास न नीति है और न नियति है। ये लोग केवल झूठ बोलने में माहिर है। इस बार एनडीए चार सौ से अधिक सीट जीतेगी। ऐसे में आप सब भी भाजपा उम्मीदवार को जिताने में सहयोग करें। मौके पर राज्यसभा सदस्य सतीश दुबे, पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी,पूर्व मंत्री रामचन्द्र सहनी, जीवेश मिश्र,बीरेंद्र कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## छपरा में 25 मई तक बढ़ाई गयी इंटरनेट पर बैन

**पटना।** बिहार के छपरा में पिछले दिनों हुए चुनावी हिंसा में एक की मौत के बाद एहतियात के तौर पर प्रशासन की ओर से इंटरनेट पर लगाये गये प्रतिबंध की अवधि और दो दिनों के लिए बढ़ा दी गई है। छपरा में अब 25 मई तक इंटरनेट सेवा पर पाबंदी रहेगी। इससे पूर्च गृह विभाग ने पहले 23 मई तक ही इंटरनेट सेवा बाधित रखने का निर्देश दिया था लेकिन, लोकसभा चुनाव के छठे चरण में महाराजगंज सीट पर होने वाले मतदान को देखते हुए अब इस रोक की अवधि बढ़ाकर 25 मई तक कर दी गई है। छपरा में हुए मतदान के दौरान और उसके बाद हुए बवाल मामले में पुलिस ने राजद एवं भाजपा के 150 समर्थकों पर केस दर्ज किया है। छपरा के पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव मंगला ने कहा कि इंटरनेट पर बैन दो दिन के लिए बढ़ा दी गयी है। स्थिति पूर्णतया नियंत्रण में है। लोकसभा चुनाव के छठे चरण में महाराजगंज सीट पर होने वाले चुनाव को देखते हुएअब इस रोक की अवधि बढ़ाकर 25 मई तक कर दी गयी है।

## ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार किया

**पश्चिम चंपारण (बगहा)।** प्रखंड बगहा एक के सिसवा बसंतपुर पंचायत के बसंतपुर गांव के चार वार्ड के मतदाताओं ने विकास नहीं होने के आरोप में गुरुवार को लोकसभा चुनाव में वोट बहिष्कार करने का निर्णय लेते हुए विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त चार वार्ड में बूथ संख्या 270 व 271 के 25 सौ मतदाता लोकतंत्र के महापर्व को बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। चुनाव बहिष्कार करने को लेकर बसंतपुर गांव के चार वार्ड में टैम्पों से व्यापक रूप से प्रचार प्रसार कराया जा रहा है। वोट बहिष्कार कर रहे प्रदर्शन कारी मजहर आलम, संतोष प्रसाद, मुस्ताक अहमद, एमामुल्लाह, मो इमरान, नंदकिशोर प्रसाद, रजनीश केसरी, ताराचंद प्रसाद, दीनानाथ ठाकुर, मो अरशद, जमीरुद्दीन समेत सैकड़ों की संख्या में लोगों ने बताया कि आजादी के वर्षों बीत जाने के बाद भी बसंतपुर गांव के चार वार्ड विकास योजना से वंचित है। सड़क में जलजमाव से आवागमन की परेशानी काफी बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि मसान नदी में पूल निर्माण कराने को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को दो - दो बार आवेदन दी गई। साथ ही स्थानीय सांसद व क्षेत्रीय विधायक से मसान नदी में पूल निर्माण, बसंतपुर चौक से सिरकहिया चौक तक सडक निर्माण, स्वास्थ्य केन्द्र, नाली निर्माण कराने की मांग की गई लेकिन जनप्रतिनिधियों के द्वारा सिर्फ आश्वासन ही दिया गया। पंचायत के मुखिया पर भी उक्त चारों वार्डों के लोगों ने विकास के नाम पर अनदेखी करने का आरोप लगाया।

## खबर एक नजर में

### दिव्यांगजनों के बीच आयोजित राज्य स्तरीय क्रिकेट टूनार्मेंट में बिहार टीम विजयी

**सहरसा।** कोसी क्षेत्रीय विधवा,वृद्धा, विकलांग समिति एवं बिहार दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय राज्य स्तरीय दिव्यांग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को किया गया। इस प्रतियोगिता के विजेता को कोसी कप प्रदान किया जाएगा।इस दिव्यांग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सहायक निदेशक शैलेन्द्र कुमार,अध्यक्ष विनय भूषण प्रसाद,भारत सरकार के न्यास परिषद के सदस्य सह संस्थान महासचिव मोहन कुमार द्वारा सहरसा स्टेडियम में टॉस उछालकर किया गया। इस अवसर पर सहायक निदेशक ने बिहार एवं झारखंड दिव्यांग टीम क्रिकेट टीम के सदस्यों के साथ हाथ मिलाकर स्वागत किया। वही अध्यक्ष विनय भूषण प्रसाद एवं महासचिव मोहन कुमार द्वारा बिहार एवं झारखंड के दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ियों का स्वागत कर मनोबल बढ़ाया। साथ ही उन्होंने कहा कि कोसी की धरती पर दिव्यांग जनों द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। सहायक निदेशक ने कहा कि दिव्यांग जनों के बीच निरंतर विविध कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। दिव्यांग जनों के उत्थान के लिए विभिन्न खेल का आयोजन खिलाड़ियों का उत्साह वर्द्धन किया जा रहा है।वही राज्य स्तरीय क्रिकेट में विजेता टीम को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता में भाग लेने का सुअवसर प्राप्त होगा।इस मौके पर झारखंड दिव्यांग क्रिकेट टीम के द्वारा टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान झारखंड की टीम ने 16 ओवर में सभी विकेट खोकर कुल 99 रन बना पाया। इसके जवाब में बिहार टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 6 विकेट खोकर इस मैच को 13 ओवर में ही खेल कर जीत लिया गया। आयोजन कर्ता ने बताया कि आज के इस सेमीफाइनल में बिहार की टीम विजेता रही। कल फाइनल मैच का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर बिहार टीम की कप्तान कुमार देव एवं झारखंड टीम के कप्तान अजहरुद्दीन के अलावा अंपायर शिवम शर्मा, संस्थान के सुनील ठाकुर,उमेश शर्मा, अवधेश राम, उपेंद्र शाह,टुन्नी कुमारी, पूनम कुमारी, प्रदीप कुमार एवं शिव शंकर झा ने सराहनीय योगदान दिया।

### बारिश ने बाढ़ जैसी स्थिति पैदा कर दी, बढ़ी परेशानी

**पूर्णिया।** प्रखंड क्षेत्र में पिछले दो दिनों में हुई बारिश ने पूरे क्षेत्र के नीचले इलाकों को डूबो डाला है और सैकड़ों घरों में जलजमाव से बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई है। इस बारिश से एकओर जहां किसानों को काफी फायदा हुआ है, वहीं मक्का की फसल को फाफी क्षति पहुंची है । गांवों में जहां पानी निकास का साधन नहीं है, वहां जलजमाव से ग्रामीण परेशानी में पड़ गए हैं। ऐसा ही नजारा दर्जनों गांवों को जोड़नेवाले गायत्रीनगर तेलडीहा गांव के तिरंगा चौक पर देखने को मिला, जहां भारी बारिश से लगभग एक किलोमीटर वर्ग क्षेत्र का एरिया पूरी तरह से जलमग्न हो गया है। यहां दर्जनों घरों में पानी प्रवेश कर जाने से लोगों को बाढ़ जैसी परेशानियाँ झेलनी पड़ रही है। इस संबंध में गांव के पीड़ित नारायण जायसवाल, मनमोहन गुप्ता, बेनी यादव, युगल यादव, मिथिलेश यादव, बंग्ठु यादव, जगरनाथी यादव ने कहा कि वे लोग जलजमाव से काफी परेशान हैं । बिना बाढ़ के बाढ़ झेल रहे हैं । यहां पानी का कहीं निकासी नहीं है । गांव के कुछ लोगों ने पानी के निकास को ही अतिक्रमित कर निकास को बद्र कर दिया है, जिससे यहां जलजमाव हो जा रहा है। यह जलजमाव महीनों तक रहता है। प्रशासन सिर्फ इसके निकास को खाली करा दे तो जलजमाव से मुक्ति मिल सकती है। साथ ही अगर सड़क के किनारे नाला पंचायत की ओर से बना दिया जाए, तो यह पानी पोखर में निकल सकता है। परंतु इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। विभाग ने गहरी जमीन को गहरा ही रहने दी, जिससे पिछले डेढ दशकों से यहां के लोग बाढ जैसी परेशानी झेल रहे हैं। इस सड़क की दो साल पहले मरम्मती हुई, परंतु ठीकेदार ने इस जगह को यूंही छोड दिया है। दूसरी ओर सरकार गली-नाली योजना चला रखी है, परंतु इस ओर अभी तक इस गांव में जल निकासी के कोई कार्य नहीं किए गए हैं, जिससे यहां जलजमाव वर्षा शुरू होते ही अगले नवंबर माह तक चलता रहता है। यहां अगर नाली बना दिया जाता, तब निश्चित ही इस समस्या से मुक्ति मिल सकती थी।

### एनडीए उम्मीदवार को जीताने के लिए खेसारी लाल यादव ने किया रोड़ शो

**पश्चिम चंपारण (बगहा)।** वाल्मीकीनगर लोकसभा क्षेत्र से राजग उम्मीदवार सुनील कुमार ने गुरुवार को शनिचरी से होते हुए वाल्मीकि नगर लोकसभा क्षेत्र के भिन्न-भिन्न सड़क मार्ग होते हुए विशाल रोड शो किया। जिसमें बतौर भोजपुरी सिनेमा जगत के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव मौजूद रहें। रोड शो का आयोजन सुबह आठ बजे से शनिचरी, मोटवानी, माईस्थान, लौरिया, नरकटियागंज, रामनगर, भैरोगंज नड्डा चौक, छोटकी पट्टी मोड़ एनएच, बगहा बाजार, रामपुर और हरनाटांड होते हुए निकाला। इस दौरान सड़क दोनों किनारे लोगों की भारी भीड़ उमड़ी रही। युवा वर्गों में फोटो विडियो और सेल्फी लेने की होड़ मची रही, जहां भोजपुरी ट्रेंडिंग स्टार खेसारी लाल यादव ने पूरे वाल्मीकीनगर लोकसभा मतदाताओं का दिल जीत लिया। रोड शो की वापसी करने का रूट चार्ट में लौकरिया थाना, सोहरिया-केरई-बेरई-नौरंगिया, सिरिसिया, मदनपुर, रामपुर, बगहा बाजार, चौतरवा, पतिलार, रतवल, धनहां, तमकुहां और बांसी दहवा शामिल रहा। इस रूट से होते हुए रोड शो की समाप्ति की गई। रोड शो में भारी संख्या में एनडीए के कार्यकर्तागण मौजूद रहें। रोड शो के दौरान दर्शक खेसारी लाल यादव को देखने के लिए एनएच-727 सड़क के दोनो किनारे पर इंतजार करते दिखे। भोजपुरी सिनेमा जगत का नामचीन नाम खेसारी यादव एनडीए प्रत्याशी सुनील कुमार को भारी मतों से विजय दिलाने की अपील की। खेसारी लाल यादव को सिनेमा के पर्दे के बजाय सामने देख दर्शक काफी खुश एवं प्रसन्न दिखे साथ ही रोड शो में भोजपुरी फिल्म गीतकार लौरिया विधायक विनय बिहारी भी वाल्मीकी नगर लोकसभा मतदाताओं से एनडीए के पक्ष में उम्मीदवार सुनील कुमार को भारी मतों से विजय दिलाने की अपील करते दिखे। उल्लेखनीय है कि वाल्मीकि नगर लोकसभा क्षेत्र का छठे चरण का 25 मई को मतदान होना है,ऐसे में वाल्मीकि नगर लोकसभा क्षेत्र में लड़ाई काटें की बनती दिखाई पड़ रही है। एक तरफ महागठबंधन से दीपक यादव तो एनडीए से सुनील कुमार के बीच चुनावी टक्कर जबरदस्त बना हुआ है। महागठबंधन को विजयी दिलाने के लिए बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव का वाल्मीकीनगर लोकसभा क्षेत्र में लगातार कई बार भिन्न-भिन्न स्थानों पर जनसभा का आयोजन किया जाता रहा। जिसमें वीआईपी पार्टी के अध्यक्ष मुकेश सहनी भी तेजस्वी यादव के साथ-साथ दिखे।वही बात करे निर्दलीय प्रत्याशी दिनेश अग्रवाल को भी जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा हैं। ऐसे में देखना होगा कि वाल्मीकी नगर लोकसभा की जनता किसके सर पर जीत की ताज पहनाती है, ये तो चार जून को ही तय होगा।

### स्वच्छ छवि के उम्मीदवार चुनने को लेकर किया लोगों को किया जागरूक

**पूर्वी चंपारण।** एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स, बिहार इलेक्शन वॉच एवं एक्शन फार एकाउंटेंबल गवर्नेस (आग) के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को मतदान प्रतिशत बढाने को लेकर कोटवा मेरा वोट मेरा देश कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान लोगों को सच्चे एव अच्छे उम्मीदवारों के चयन करने पर जोर दिया गया। साथ ही कोटवा के शिवधर अनूठा उच्च विद्यालय में युवाओं के साथ जनसंवाद, हस्ताक्षर अभियान, मतदाता जागरूकता अभियान भी चलाया गया। कार्यक्रम मे उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य हीरा मिश्रा ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे अपना वोट अच्छे एव सच्चे उमीदवार को दे। उन्होंने कहा की अपना वोट किसी भी लालच में न दें।आपराधिक चरित्र के उम्मीदवार को अपना वोट कदापि ना दे। सुदिष्ट प्रसाद यादव ने अपील करते हुए कहा कि स्वयं मतदान करे और दूसरो को भी इसके लिए प्रेरित करे।

### जोगबनी में सूमो सहित उस पर लदा 140 किलो गांजा बरामद

**अररिया।** नेपाल एस इन दिनों बड़े पैमाने पर गांजा की तस्करी की जा रही है। नेपाल के पहाड़ी इलाकों में बड़े पैमाने पर गांजा की खेती होती है। जहां से छोटे बड़े तस्कर समूह के लोग सीमा पार करवाकर भारत के विभिन्न भागों में बेचने और भिजवाने का काम करते हैं। ऐसे ही सुमो विक्टा चार पहिया वाहन पर लोड 140 किलो गांजा को जोगबनी पुलिस ने कुसमाहा चौक पर छापेमारी कर बरामद किया।

### भवनाथपुर पुलिस ने चलाया छापामारी अभियान

**भवनाथपुर।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के बरवारी गांव में गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर देशी व विदेशी शराब बरामद किया है। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने मकरी पंचायत के बरवारी गांव में अभिलाश चंद्रवंशी के घर में छापामारी किया। जहां से 14 आरसी का विदेशी क्वार्टर तथा 13 पीस देशी का बरामद किया। साथ ही दो भैट महुआ शराब बनाने के लिए रखा जावा महुआ नष्ट किया। हालांकि छापामारी का भनक लगते ही अभिलाश चंद्रवंशी भागने में सफल रहा। अभिलाश के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## मां चतुर्भुजी मंदिर में भंडारा का आयोजन



भंडारा में प्रसाद ग्रहण करते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**केतार।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मां चतुर्भुजी मंदिर केतार में भंडारा का आयोजन किया गया। मंदिर विकास समिति ने बताया कि यह कार्यक्रम गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडेय के सहयोग से हुआ है। मौके पर मौजूद पूजा कमेटी के सदस्यों ने कहा कि एक सप्ताह पूर्व गढ़वा एसपी मां चतुर्भुजी का दर्शन करने पहुंचे थे, जिसमें उनके द्वारा भंडारा का आयोजन करने की बात कही गई थी। उनके सहयोग से आज भंडारा का विशेष आयोजन कराया गया। भंडारा में कई गांव से आए हुए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वही मंदिर कमेटी की ओर से भी एसपी को शुभकामनाएं दी गई। मौके पर अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद, सचिव हेमंत कुमार पाठक, कोषाध्यक्ष बिनोद भगत, उपमुखिया संजय पाल, संयोजक प्रमोद शुक्ला, रामविचार साहू, बिंदु राम, दिलीप गुप्ता, रामप्रवेश ठाकुर, बालमकुंद पाठक आदि मौजूद थे।

## जलमीनार बंद होने के कारण दूषित जल पीने को विवश हैं ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता

**रमना।** सिलीदाग पंचायत पूरे प्रखंड में पर्याप्त जल उपलब्धता के लिए जाना जाता है, लेकिन गिरते जल स्तर से जन-जीवन अस्त व्यस्त होने लगा है। सरकारी योजनाओं और पंचायती योजना दोनों ही जल संरक्षण और जल उपलब्धता पर लाखों-करोड़ों खर्च कर रही है लेकिन सब केवल कागजों तक ही सिमट कर रह गई है हकीकत कुछ और ही है। सिलीदाग पंचायत के विद्यालय टोला में लगा सोलर जलमीनार गत वर्षो से ख़राब है। इसकी शिकायत उक्त टोला के ग्रामीणों ने मुखिया से किया लेकिन अभी तक कोई भी कारगर पहल नहीं हुआ। यह जलमीनार से कुछ घरों को छोड़ कर लगभग 40-50 घर के परिवार पानी पीने को विवश है। इसी प्रकार यदि चलता रहा तो आने वाले प्रथम बरसात में इस मोहल्ला के लोगों को कई प्रकार के बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीण रजमातिया कुंवर ने कहा कि हमनी एक वर्ष से पानी बीना परेशान हिया। पिए और नहाय धोवाय में बड़ी तकलीफ बा। उमेश कुमार ने कहा कि यह जलमीनार



जानकारी देते ग्रामीण

गत एक वर्ष से ख़राब है, जिसकी सूचना हमलोगों ने मुखिया को दिया। एक बार नल मिस्त्री आया और इसका स्टार्टर खराब होने की बात बताया जिसको खोल कर मुखिया जी के पास रखने की बात कहा। जिसका वर्षो हो गया लेकिन जल मीनार ठीक नहीं हुआ। हमलोग वर्षो से बंद पड़े हैंडपम्प से पानी पीने को विवश है। जिससे साफ जल नहीं आता। इस सम्बंध में पूछे जाने पर मुखिया अनीता देवी ने बताई की ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना दी गयी थी। जिसके लिए हमने नल मिस्त्री को भेजा था। इस जल मीनार का स्टार्टर ख़राब होने की बात बतायी गई है। इसके लिए हमने विभाग को सूचित किया था। एक सप्ताह के अंदर उक्त ख़राब जल मीनार चालू हो जायेगा।

## मैट्रिक बोर्ड के परीक्षाफल का प्रकाशन, टॉपर्स पुरस्कृत



पुरस्कृत करते निदेशक

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** नगर पंचायत के ऊंचरी गांव स्थित आरके पब्लिक स्कूल में गुरुवार को कार्यक्रम आयोजित कर मैट्रिक बोर्ड 2024 के पांच विद्यालय टॉपरों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विद्यालय के निदेशक अलखनाथ पांडेय ने माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

इस अवसर पर श्री पांडेय ने मैट्रिक बोर्ड परीक्षा 2024 के विद्यालय के पांच टॉपरों क्रमशः नव्या मिश्रा 89 प्रतिशत, मुक्कदस अकमल 872 प्रतिशत, रमाकांत ठाकुर 854 प्रतिशत, प्रीती दुबे 84 प्रतिशत एवं आयुषी प्रिया 834 प्रतिशत को पुरस्त किया। निदेशक ने सभी सफल प्रतिभागियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सभी छात्र छात्रायें देश के कर्णधार हैं। आप जितना तरक्की करेंगे, देश भी उतनी ही तेजी से आगे बढ़ेगा। उन्होंने आरके पब्लिक स्कूल के शिक्षकों को भी बधाई दी और कहा कि आपके सफल मार्गदर्शन में छात्र इसी तरह सफलता के साथ आगे बढ़े, यही कामना है। मौके पर प्राचार्य राजेश कुमार पांडेय सहित छात्र व अभिभावक उपस्थित थे।

## जलमीनार योजना में भ्रष्टाचार का मामला उजागर, चुआंड़ी से प्यास बुझाने को मजबूर हैं ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों के घरो में शुद्ध पेयजल के लिए पीएचडी के तहत लगाये जाने वाली जलमीनार योजना में भारी भ्रष्टाचार का मामला उजागर हुआ है। मामला कैलान पंचायत अंतर्गत कोणमंडरा गांव के मुरार तथा ओलिया टोला का है। यहां विभाग के सरकारी दस्तावेजो में लाखो रूपये खर्च कर ग्रामीणों के घरों में शुद्ध पेलजल उपलब कराये जाने की दावा किया जा रहा है, परंतु इसके विपरीत यहां के ग्रामीण पानी की बूंद बूंद के लिए तरस रहे है। मुरार टोला में संवेदक द्वारा बिना एक भी जलमीनार लगाये ही टोले के सभी घरो में नल का कनेक्शन कर सरकारी राशि का गबन कर दिया गया है। जलमीनार योजना में बरती गई भ्रष्टाचार का आलम यह है, इस भीषण गर्मी में मुरार टोला के ग्रामीण पानी की बूंद बूंद के लिए तरस रहे है। उक्त टोला के ग्रामीण गीता कुमारी, लालमुनी सिंह, जयराम राम, अजय सिंह, लालती देवी, कमोदा देवी, रामकिशुन राम, बिनोद सिंह, देवंती देवी, ललिता देवी ने बताया कि यहां 20 घर है, जिसमें ढ़ाई सौ आबादी निवास करते है। विगत डेढ़ वर्ष पूर्व सभी घरो में सिर्फ नल लगाकर छोड़ दिया गया है। जबकि पेयजलापूर्ति हेतु लगाये जाने वाली सोलर जलमीनार लगा ही नही है। इस भीषण गर्मी में ग्रामीणो को पीने के पानी के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है। अगर किसी के घर में शादी विवाह होता है, तो उस घर के लोग भाड़े पर टैंकर से पानी मंगाकर किसी तरह कार्य करते है। ओलिया टोला के सुनीता देवी, रुदा देवी, उषा देवी, अमेरिका उरांव, चंद्रिका उरांव, विनीता कुमारी, अनीता देवी, कौशल्या देवी, आशा देवी, जमुनी देवी, चांदनी कुमारी आदि ने बताया कि यहां 25 घर है, जहां दो सौ ग्रामीण निवास करते है। संवेदक द्वारा बोरिंग तो कराया गया, लेकिन उसमे पानी निकला ही नही। संवेदक द्वारा उसी पानी विहीन बोर में जलमीनार लगाये जाने का ग्रामीणों द्वारा विरोध किया गया तो संवेदक ने आश्वासन दिया था कि फिर से बोर कराई जायेगी, परंतु आज तक बोर कराकर हर घर में पानी नही पंहुचाया जा सका है।



चुआड़ी से पानी भरते ग्रामीण

**चुआंड़ी से प्यास बुझाने को विवश ओलिया के ग्रामीण :** ग्रामीणों ने बताया कि संवेदक द्वारा लगाये गए जलमीनार से पानी निकलता ही नहीं है। घरेलु कार्यो के लिए आाा किमी दूर चापाकल से पानी ढोकर लाते है, तो काम चलता है। बताया कि ज्यादातर ग्रामीण पहाड़ के समीप वर्षो पूर्व बनाये गए चुआंड़ी से पानी लाकर अपना काम चलाते है, लेकिन इस गर्मी में चुआंड़ी का पानी भी सूखने लगा है, जिससे ग्रामीणों के साथ साथ मवेशियों को भी पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।

# छठे चरण का थमा शोर, आठ राज्यों के 58 सीटों पर वोटिंग कल

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव के छठे चरण में राष्ट्रीय राजधानी की सात सीटों सहित आठ राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की 58 लोक सभा सीटों के साथ-साथ ओडिशा विधानसभा के तीसरे चरण के चुनाव में 42 सीटों पर चुनाव-प्रचार का शोर गुरुवार शाम छह बजे थम गया। इन सीटों पर शनिवार 25 मई को मतदान होगा। इस चरण में 58 लोकसभा सीटों के 11.13 करोड़ से अधिक मतदाता 889 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। बिहार की 8 सीटों के लिए 86, हरियाणा की 10 के लिए 223, जम्मू-कश्मीर की एक के लिए 20, झारखंड की चार सीटों के लिए 93, दिल्ली की 7 सीटों के लिए 162, ओडिशा की 6 सीटों के लिए 64, उत्तर प्रदेश

▸▸ 11.13 करोड़ से अधिक मतदाता 889 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे

▸▸ ओड़िशा विधानसभा के 42 सीटों पर भी डाले जायेंगे वोट

| राज्य | सीट | प्रत्याशी |
|---|---|---|
| बिहार | 08 | 86 |
| झारखंड | 04 | 93 |
| दिल्ली | 07 | 162 |
| हरियाणा | 10 | 223 |
| जम्मू-कश्मीर | 01 | 20 |
| ओडिशा | 06 | 64 |
| उत्तर प्रदेश | 14 | 162 |
| प. बंगाल | 08 | 69 |

की 14 सीटों के लिए 162 और पश्चिम बंगाल की 8 सीटों के लिए 69 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं इस चरण में जम्मू- कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में भी मतदान कराया



जाएगा जहां तीसरे चरण में मतदान होना था। ओडिशा विधानसभा की कुल 147 सीटों के चुनाव के तीसरे चरण में 42 सीटों पर मुकाबला बीजद, भाजपा और कांग्रेस के बीच है। राज्य विधानसभा के चुनाव के पहले और दूसरे चरण में 13 मई को 28 और 20 मई को 35 सीटों पर वोट डाले गए थे। छठे चरण के संसदीय चुनाव में बिहार में गोपालगंज (सुरक्षित), महाराजगंज, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, सिवान, वैशाली और वाल्मिकीनगर सीट पर होगा मतदान। हरियाणा की सभी दस सीटों अंबाला, भिवानी-महेंद्रगढ़, फरीदाबाद, गुडगाँव, हिसार, करनाल, कुरूक्षेत्र, रोहतक, सिरसा और सोनीपत सीट पर भी शनिवार को वोट डाले जाएंगे। केन्द्र शासित जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी सीट, झारखंड की धनबाद, गिरिडीह, जमशेदपुर और रांची सीट, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सभी पांच सात सीटों- चांदनी चौक, पूर्वी दिल्ली, नई दिल्ली, उत्तर पूर्वी दिल्ली,उत्तर पश्चिम दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली और पश्चिमी दिल्ली सीट, ओडिशा की भुवनेश्वर, कटक, ढेंकनाल, क्योंझर, पुरी और संबलपुर संसदीय सीट, उत्तर प्रदेश की इलाहाबाद, अंबेडकरनगर, आजमगढ़, बस्ती, भदोही, डुमरियागंज, जौनपुर, लालगंज, मछलीशहर, फूलपुर, प्रतापगढ़, संतकबीरनगर, श्रावस्ती, और सुल्तानपुर सीट तथा पश्चिम बंगाल की बांकुड़ा, बिश्नुपुर, घाटल, झारग्राम, कांथी, मेदिनीपुर, पुरुलिया और तामलुक सीटों पर मतदान कराए जाएंगे।


## मेनका गांधी, मनोज तिवारी, निरहुआ समेत कई केंद्रीय मंत्रियों के भाग्य का होगा फैसला

छठे चरण में पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी, भोजपुरी कलाकार एवं सांसद मनोज तिवारी, भोजपुरी गायक एवं भाजपा उम्मीदवार निरहुआ, जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल समेत कई केंद्रीय मंत्रियों की किस्मत का फैसला इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में बंद हो जाएगा।

पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज पहली बार भाजपा की टिकट पर नई दिल्ली सीट से चुनाव मैदान में हैं। उत्तर पश्चिमी दिल्ली से गायक अभिनेता मनोज तिवारी तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। बिहार की पूर्वी चंपारण लोकसभा सीट से पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह चुनाव लड़ रहे हैं। बिहार की सिवान लोकसभा सीट पर बाहुबली शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरीं हैं। डुमरियागंज से भाजपा उम्मीदवार के तौर पर जगदंबिका पाल पांचवीं बार चुनाव मैदान में हैं। ओडिशा की संबलपुर सीट से केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान चुनाव लड़ रहे हैं। पुरी से भाजपा नेता संबित पात्रा चुनाव मैदान में हैं। जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी सीट पर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती चुनाव मैदान में हैं। उत्तर प्रदेश की आजमगढ़ लोकसभा सीट से भोजपुरी सुपर स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ भाजपा उम्मीदवार के तौर पर चुनाव मैदान में हैं। सपा से अखिलेश यादव के चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव चुनाव लड़ रहे हैं।

## स्पीड न्यूज

### फिल्म भूल भुलैया 3 में काम करेंगे विजय राज



मुंबई। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता विजय राज फिल्म भूल भुलैया 3 में नजर आयेंगे। अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन, विद्या बालन और तृप्ति डिमरी की अहम भूमिका होगी। कुछ दिनों पहले माधुरी दीक्षित के फिल्म की स्टार कास्ट को ज्वाइन करने की खबर आई थी। इसी कड़ी में विजय राज का नाम भी सामने आया है। कहा जा रहा है कि विजय राज भूल भुलैया 3 का हिस्सा होंगे। वह अहम और मजेदार रोल में सिल्वर स्क्रीन पर नजर आएंगे।

### अभिनेता फिरोज खान का हार्ट अटैक से निधन



मुंबई। मशहूर फिल्म और टीवी अभिनेता फिरोज खान का निधन हो गया है। गुरुवार की सुबह बदायूं में ही उन्हें दिल का दौरा पड़ा और उनकी मौत हो गई। फिरोज खान को अमिताभ बच्चन का डुप्लीकेट कहा जाता था। वह हूबहू बिग बी की तरह ही मिमिक्री और एक्टिंग करते थे। इस वजह से वह अपने प्रशंसकों के बीच फि रोज खान अमिताभ डुप्लीकेट के नाम से मशहूर थे। उन्होंने कई धारावाहिकों और फिल्मों में काम किया है। उन्होंने भाभीजी घर पर हैं, गजीजा जी छत पर हैं,साहब बीबी और बॉस, हप्पू की उलटन पलटन और शक्तिमान जैसे सीरियल्स में काम किया है।

### कांग्रेस नेता पीएन पाटिल का निधन

कोल्हापुर। कांग्रेस नेता पीएन पाटिल का गुरुवार को निधन हो गया। वह 71 वर्ष के थे। पाटिल पिछले रविवार को अपने आवास पर गिर गये थे जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आयी थी। उन्हें तत्काल यहां के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था जहां आज सुबह उनका निधन हो गया। श्री पाटिल के दो बेटे और एक बेटी हैं। कांग्रेस के एक समर्पित नेता एवं गांधी परिवार के कट्टर समर्थक, पाटिल 2004 में पुराने संगरूल से और 2019 में करवीर क्षेत्र से महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव जीता था।

### गाजा में पीआरसीएस के 29 सदस्य मारे गए

जेरूसलम। फिलिस्तीन रेड क्रिसेंट सोसाइटी (पीआरसीएस) ने गुरुवार को कहा कि गाजा में संघर्ष बढ़ने के बाद से उसके 29 कर्मचारी मारे गए हैं, जिनमें 17 ऐसे कर्मचारी शामिल हैं, जिन्हें मानवीय कर्तव्यों का पालन करते समय निशाना बनाया गया। पीआरसीएस ने बताया कि रिड क्रिसेंट सोसाइटी मानसिक स्वास्थ्य स्वयंसेवक नज्म तबासी के निधन पर शोक मनाती है।

# सरकारी नौकरियों में महिलाओं को देंगे 50 % आरक्षण : राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली में गुरुवार को आयोजित महिला न्याय संवाद में सांसद राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि वे राज्यसभा, लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को जगह देंगे। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि यहां 50 प्रतिशत महिलाएं हों। महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। जब तक महिलाओं को भागीदारी नहीं मिलेगी तब तक यह देश प्रगति नहीं कर सकता है। उत्तर पश्चिमी दिल्ली से कांग्रेस उम्मीदवार उदित राज को वोट देने की अपील करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि महिला और पुरुष दोनों ही काम पर जाते

**8,500 प्रति माह महिलाओं के बैंक अकाउंट में जायेंगे**

हैं, लेकिन, जब महिला घर लौटती है तो उसकी दूसरी शिफ्ट चालू होती है। वह बच्चों को पालती हैं, बच्चे बीमार हों तो उनकी देखभाल करती हैं। घर में खाना बनाती हैं, सबका ध्यान रखती हैं और इसके लिए महिलाओं को कभी कुछ नहीं दिया जाता। वह एक प्रकार से यह सबकुछ फ्री में करती हैं।

उन्होंने कहा कि यह सच्चाई है कि यदि हिंदुस्तान के पुरुष 8 घंटे काम करते हैं तो महिलाएं 16 घंटे काम करती हैं। महिलाओं और पुरुषों में पैसे खर्च करने का तरीका अलग-अलग है। महिलाएं पैसे बचाती हैं, बच्चों के बारे में सोचती



दिल्ली मेट्रो में राहुल गांधी के साथ सेल्फी लेती महिला।

हैं, आगे की प्लानिंग करती हैं। महिलाओं की फाइनेंशियल सोच पुरुषों के मुकाबले बेहतर है। महालक्ष्मी योजना में 8,500 प्रति माह यानी एक लाख रुपए साल के महिलाओं के बैंक अकाउंट में जाएंगे। उन्होंने कहा कि गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली महिलाओं को यह लाभ मिलेगा। इसके पीछे सोच यह है कि महिलाएं परिवार को फाइनेंशियली मजबूत बना सकती हैं। दूसरी बात यह है कि आप फ्री में काम करती हो, हमारी सोच यह है कि आप फ्री में काम न करो।

राहुल गांधी ने बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा ने संसद में धूमधाम से महिला आरक्षण विधेयक पास किया। इसके बाद उन्होंने कह दिया कि इसे 10 साल बाद लागू करेंगे। सर्वे होगा, उसके बाद लागू करेंगे। ये लोग सर्वे ही नहीं करेंगे। 20, 25, 50 साल भी सर्वे नहीं होने वाला। उनका सबसे बड़ा संगठन आरएसएस है और आरएसएस में वे महिलाओं को लेते ही नहीं हैं। हम ऐसा नहीं करेंगे, हम आपको तुरंत महिला रिजर्वेशन देंगे।

# सोनिया की दिल्लीवासियों से अपील, सभी सीटों पर जितायें

एजेंसी

▸▸ लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए है यह चुनाव

नयी दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने इस चुनाव को लोकतंत्र और संविधान बचाने का चुनाव बताते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के मतदाताओं से दिल्ली की सभी सातों सीटों पर गठबंधन के उम्मीदवारों को जिताने की अपील की है। श्रीमती गांधी ने गुरुवार को कहा कि संवैधानिक संस्थाओं पर आक्रमण हो रहा है और संविधान तथा लोकतंत्र को खत्म किया जा रहा है इसलिए इंडिया गठबंधन को वोट देकर जिताना है और लोकतांत्रिक संस्थाओं को बचाना है। उन्होंने कहा कि मेरे प्यारे दिल्ली वासियों, यह बहुत महत्वपूर्ण चुनाव है। देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है। यह चुनाव बेरोजगारी, महंगाई, संवैधानिक संस्थाओं पर आक्रमण जैसे मुद्दों पर लड़ा जा रहा है। आपको इस



लड़ाई में अपनी भूमिका निभानी है।₹ कांग्रेस नेता ने कहा कि आपका हर एक वोट रोजगार बनाएगा, महंगाई कम करेगा, महिलाओं को सशक्त करेगा और एक सुनहरे भविष्य में समता और बराबरी का भारत बनाएगा। मैं आपसे अपील करती हूं कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को दिल्ली की सातों सीटों पर भारी मतों से विजयी बनाइए। जय हिन्द!

# राजग तीसरी बार सरकार बनाने को तैयार: राजनाथ

आजमगढ़ । रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि अब तक के रुझान से यह साफ हो चुका है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। छठे चरण के चुनाव प्रचार के अंतिम दिन एक जनसभा में श्री सिंह ने कहा अभी तक जो जानकारी मिली है कि आने वाले परिणाम चौंकाने वाले होंगे। इस चुनाव में मोदी जी को 400 से अधिक सीटें सरकार बनाने के लिए मिलेंगी। उन्होने कहा कि योगी आदित्यनाथ की सरकार के कार्यों के चलते उत्तर प्रदेश अब उत्सव प्रदेश बन गया है । यहां पर गुंडे बदमाशों के हौसले पूरी तरह से पस्त हो चुके हैं । बदमाश की हिम्मत नहीं है कि अपने सीने की बटन खोल कर आज उत्तर प्रदेश की सड़कों पर चल सके। देश की अर्थव्यवस्था के बारे में उन्होंने दावे के साथ कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था में उत्तर प्रदेश अपनी औद्योगिक नीतियों के चलते बड़ी भागीदारी कर रहा है श्री सिंह आज आजमगढ़ जिले की लालगंज लोकसभा के अतरौलिया विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे । रक्षा मंत्री ने कहा कि भाजपा उत्तर प्रदेश में 80 की 80 सीटों पर अपनी विजय पताका फहराएगी ।

**मोदी को 400 से अधिक सीटें सरकार बनाने के लिए मिलेंगी : रक्षा मंत्री**



उन्होने कहा कि 2014 2017, 2019 और 2022 अब 2024 में 10 सालों के अंदर 5 चुनाव हो गए ।भाजपा की सरकार ने फैसला किया है कि अब देश में वन नेशन वन इलेक्शन की परंपरा लागू होगी । बार-बार चुनाव का वित्तीय भार जनता पर नहीं डाला जाएगा । एक ही साथ लोकसभा और विधानसभा के चुनाव होंगे । उन्होंने देश की तरक्की की चर्चा करते हुए कहा कि देश हमारा तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है । पहले दुनिया के लोग भारत की बातों को गंभीरता से नहीं लेते थे ।अब भारत की बातों को पूरी दुनिया गौर करती है ।

## महाराष्ट्र: केमिकल फैक्ट्री में आग से आठ मरे, 48 घायल

मुंबई। महाराष्ट्र में ठाणे जिले के डोंबिवली में गुरुवार को एक रासायनिक कारखाने में बॉयलर विस्फोट के बाद भीषण आग लगने से कम से कम आठ श्रमिकों की मौत हो गई और 48 अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि विस्फोट डोंबिवली एमआईडीसी क्षेत्र के फेस-2 में स्थित एम्बर केमिकल कंपनी के बॉयलर में हुआ। एक प्रत्यक्षदर्शी ने दुर्घटना की पुष्टि करते हुये बताया कि विस्फोट इतना जोरदार था कि इसे एक किलोमीटर दूर तक आवाज सुनायी दी। निकटवर्ती इमारत के शीशे टूट गए, जबकि आसपास के कई घर विस्फोट से क्षतिग्रस्त हो गए। एक नागरिक अधिकारी ने बताया कि घायल श्रमिकों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया है। ठाणे नगर निकाय के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तडवी ने कहा कि विस्फोट दोपहर करीब 1.40 बजे रसायन कारखाने में हुआ। उन्होंने कहा कि विस्फोट के बाद लगी आग आसपास की तीन फैक्टरियों में फैल गई और धुएं और आग की लपटें काफी दूर से देखा जा सकती थी। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने एक्स पर कहा कि मैं ईश्वर से घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। विस्फोट अपराह्न के भोजन के समय अमुदान केमिकल कंपनी लिमिटेड के एक बॉयलर में हुए और जिला अधिकारियों ने बचाव अभियान में मदद के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और स्थानीय दमकल विभाग और पुलिस को बुलाया,ताकि आग की लपटें अन्य उद्योगों में नहीं फैल सके।

# बंगाल के तट पर रविवार को पहुंचेगा चक्रवात रुमेल

कोलकाता। बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवर्ती तूफान रुमेल धीरे-धीरे मजबूत होकर पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के तटीय क्षेत्रों की ओर बढ़ने लगा है। मौसम विभाग (आईएमडी) की तरफ से गुरुवार को दी गई जानकारी के मुताबिक बंगाल की खाड़ी के ऊपर निम्न दबाव बढ़ता जा रहा है और रविवार शाम तक भीषण चक्रवाती तूफान के

**प. बंगाल, झारखंड, उत्तरी ओडिशा, मिजोरम और त्रिपुरा में हो सकती है भारी बारिश**

रूप में बांग्लादेश और आसपास के पश्चिम बंगाल तटों तक पहुंच जाएगी। इसके प्रभाव से तेज आंधी-तूफान के साथ भारी बारिश होगी। हिंद महासागर क्षेत्र में चक्रवातों के नामकरण की प्रणाली के अनुसार, इसे रुमेल नाम दिया गया है। यह शुक्रवार सुबह तक मध्य बंगाल की खाड़ी पर दबाव में तब्दील हो जाएगा। आईएमडी के अनुसार, रविवार को चक्रवात की गति 102 किलोमीटर प्रति घंटे हो सकती है। मौसम कार्यालय ने 26 मई को पश्चिम बंगाल, झारखंड, उत्तरी ओडिशा, मिजोरम और त्रिपुरा में भारी बारिश की चेतावनी दी है।





# नये शिखर पर शेयर बाजार

एजेंसी

मुंबई। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर लोकसभा चुनाव के बाद देश में राजनीतिक स्थिरता रहने की उम्मीद में हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत गुरुवार शेयर बाजार नये शिखर पर पहुंच गया। सेंसेक्स 1196.98 अंक अर्थात 1.61 प्रतिशत की छलांग लगाकर करीब डेढ़ माह बाद 75 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार सार्वकालिक उच्चतम स्तर 75,418.04 अंक हो गया। निफ्टी 369.85 अंक यानी 1.64 प्रतिशत की उड़ान भरकर 22,967.65 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हुई। इससे मिडकैप 0.58 प्रतिशत की तेजी के साथ 43,419.93 अंक और स्मॉलकैप 0.27 प्रतिशत

**सेंसेक्स 1196 अंक छलांग लगाकर 75,418 पर पहुंचा और निफ्टी 369 अंक उड़ान भरकर 22,967 पर बंद**



मजबूत होकर 48,091.43 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3945 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1818 में लिवाली जबकि 2008 में बिकवाली हुई वहीं 119 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 44 कंपनियां हरे जबकि शेष छह लाल निशान पर रही। दमदार लिवाली की बदौलत बीएसई के 18 समूहों में तेजी रही। इससे सीडी 1.19, ऊर्जा 0.96, वित्तीय सेवाएं 1.64, इंडस्ट्रियल्स 1.55, आईटी 1.18, दूरसंचार 1.56, ऑटो 2.28, बैंकिंग 1.98, कैपिटल गुड्स 2.13, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.32, तेल एवं गैस 1.13, रियल्टी 1.08, टेक 1.42 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.63 प्रतिशत उछल गए।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 32 अंक बढ़कर 74,253.53 अंक पर खुला लेकिन भारी बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 74,158.35 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। इसके बाद धीरे-धीरे शुरू हुई लिवाली की बदौलत यह लगातार चढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 75,499.91 अंक के उच्चतम स्तर

